जबलपुर
गुरुवार 7 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष -7
वर्ष : 21, अंक : 7
पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 28
न्यून. 20

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

घटना 4 मई की दोपहर की, 5 मई को परिजनों ने हबीबगंज थाने में शिकायत की

5 साल की बच्ची से 77 साल के बुजुर्ग ने किया बेड टच

- प्राइवेट पार्ट पर टच करने की शिकायत दुष्कर्म का मामला दर्ज
- आरोपी बुजुर्ग अधिवक्ता गिरफ्तार मेडिकल रिपोर्ट में बच्ची के प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ होने की पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र में शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां 77 साल के बुजुर्ग अधिवक्ता द्वारा अपनी ही नातिन के साथ खेलने आई पांच साल की बच्ची से बेड टच का मामला सामने आया है। प्राइवेट पार्ट पर बेड टच करने की जानकारी मासूम ने मां को दी। इसके बाद मामला थाने पहुंच गया। घटना गत 4 मई की दोपहर की बताई जा रही है। 5 मई को परिजन ने थाने में शिकायत की। पुलिस ने बुजुर्ग अधिवक्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पांच साल की बच्ची शाहपुरा क्षेत्र की एक पॉश कॉलोनी में रहती है और केजी की छात्रा है। उसके पिता डिफेंस में नौकरी करते हैं। उनके पड़ोस में 77 साल का बुजुर्ग बेटा बहू सहित परिवार के साथ रहता है। बुजुर्ग की नातिन के साथ पांच साल की मासूम खेलने आती है। 4 मई की शाम परिवार घर पर था और बच्चियां कमरे में खेल रही थी। इसी बीच बुजुर्ग पांच साल की मासूम को बहला-फुसलाकर अपने कमरे में ले गया।

कांपते रहे हाथ पैर... बोला -हो गई गलती

पुलिस की टीम बुजुर्ग को गिरफ्तार कर थाने लाई। पूर्व में वकालत किए जाने के कारण वह पुलिस की कार्रवाई से वाकिफ था। उसकी हालत देखने पर पता चला कि उम्रदराज होने के कारण उसके हाथ-पैर कांप रहे हैं और ठीक से चल भी नहीं सकता। बुजुर्ग से पूछताछ की गई तो उसने पहले पुलिस को गुमराह किया फिर बाद में उसने अपना गुनाह स्वीकारते हुए कहा कि उससे गलती हो गई। बुजुर्ग के साथ परिजन भी पहुंचे थे। पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट में पेश कर दिया। वहां से बुजुर्ग को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

उधर, खरगोन में 7 साल की बच्ची से गैंगरेप

आरोपियों को फांसी देने की मांग

हत्या कर भूसे में दबाया शव आरोपी दो रिश्तेदार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

नाबालिग बच्ची का शव

जिले के ऊन थाना क्षेत्र में सात साल की नाबालिग बच्ची के साथ दो युवकों ने गैंगरेप किया और उसके बाद गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में एक बच्ची का रिश्तेदार था और दूसरा उसका दोस्त। 5 मई की देर शाम बच्ची घर के पास दुकान से सामान खरीदने गई थी। जब वह नहीं लौटी तो परिवार और गांववालों ने तलाश शुरू कर दी। देर रात गांव के खलिहान में भूसे के ढेर के अंदर बच्ची का शव मिला। 6 मई को जिला अस्पताल में डॉक्टरों के पैनल ने बच्ची का पोस्टमॉर्टम किया। शॉर्ट रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने गैंग रेप, हत्या और सबूत छिपाने समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

9 को शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे सीएम

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 9 मई को पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार के नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, वामपंथी और तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल को पिछड़ेपन की ओर धकेला। सुशासन की सरकार बनने जा रही है, जिससे बंगाल में अब तेजी से विकास सुनिश्चित होगा। कोलकाता में भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में देश के सभी भाजपाशासित राज्यों के मुख्यमंत्री, एनडीए के वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे कर्मठ कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने मिलकर इतिहास रचा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि तीनों राज्यों में भाजपा को मिला जनादेश उनपर अथाह जनविश्वास की मुहर है।

निमाड़ इन्वेस्टर्स समिट करने का भी ऐलान

बुरहानपुर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उद्योगपतियों से सीधा संवाद करते हुए दिया यह बड़ा आश्वासन

सीएम ने कहा-कपास पर ड्यूटी खत्म करने का प्रयास कर रही राज्य सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि व्यापारियों से बातचीत में कहा कि हमारी सरकार हर परिस्थिति में व्यापारियों के साथ है। उनकी हर समस्या को दूर किया जाएगा। हमारे उद्यमी फिनिक्स पक्षी की तरह हैं। हमारे उद्योगपति भी संघर्ष-चुनौतियों का सामना कर नई उड़ान भरते हैं। मेरा मानना है कि अब ये उड़ान और ऊंची जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात बुरहानपुर में आयोजित उद्योगपतियों से संवाद के दौरान कही। वे परमानंद गोविंदजीवाला सभागृह में उद्योगपतियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कपास को ड्यूटी फ्री करने का भी प्रयास कर रही है। उन्होंने उद्योगपतियों के लिए एक नए मार्ग की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि हम अपनी उद्यमिता से हर नगर और हर प्रांत को आर्थिक रूप से मजबूत करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस वक्त दुनिया में लोगों को खाने के-पहनने के लाले पड़ रहे थे, उस वक्त भारत ने अपनी उद्यमिता से दुनिया की आर्थिक परिस्थिति में 33 फीसदी योगदान दिया।

सीएम बोले-हमारे उद्यमी फिनिक्स पक्षी की तरह। हमारे उद्योगपति भी संघर्ष-चुनौतियों का सामना कर नई उड़ान भरते हैं। अब ये उड़ान और ऊंची जाएगी

हर परिस्थिति में उद्योगपतियों के साथ खड़ी है सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उद्योगपतियों से संवाद करते हुए

व्यापारियों के लिए कई तरह के औचित्यहीन कानूनों को खत्म किया

परमानंद गोविंदजीवाला सभागृह में उद्योगपतियों से की सीधी बातचीत

हमारे और आपके बीच कमिटमेंट है- व्यवहार है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि साल 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश ने इंडिया से भारत बनने की ऊंची छलांग लगाई है। विश्व के सामने भारत आर्थिक ताकत बनकर उभरा है। आज दुनिया के किसी भी देश की उन्नति में अगर किसी का योगदान है, तो वह आप और हम में से किसी भारतीय का ही है। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। भारत के लोग उद्यमिता-स्वावलंबिता-रोजगारपरक-बेहतर जीवन पद्धति के आधार पर चलते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे और आपके बीच कमिटमेंट है-व्यवहार है। उस व्यवहार पर हमें खरा उतरना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सरकार बनने के तीन महीने के अंदर जनता के जन-धन खाते खुलवाए। इससे उनका लोगों के पास सीधा धन पहुंचाने का संकल्प पूरा हुआ। इससे पूरे देश की इकॉनमी बदल गई। सभी को अपना हक मिला। हमारी सरकार भी दिन-रात जन कल्याण के लिए काम कर रही है। इसलिए हमने साल 2025 को उद्योग वर्ष और 2026 को किसान कल्याण वर्ष घोषित किया है।

हमारे दक्षिण का द्वार बुरहानपुर विकास का द्वार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमने मंगलवार को ही कैबिनेट में व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन पास किया है। यह बोर्ड जिला स्तर तक आएगा। इससे पहले हमने विकास समितियां भी बनाई थीं। भविष्य में हम निमाड़ इन्वेस्टर्स समिट करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने व्यापारियों के लिए कई तरह के औचित्यहीन कानूनों को खत्म किया। बिजली को लेकर भी दो-तीन विभागों के बीच तालमेल चल रहा है। हमारे दक्षिण का द्वार बुरहानपुर विकास का द्वार है। जिला भले ही छोटा, लेकिन लोग बड़े हैं। यहां उद्योगों को लेकर चारों तरफ एक अलग माहौल है। हमारी सरकार व्यापारियों के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

आज सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा का पहला जत्था जाएगा

सीएम हरी झंडी दिखाकर 1100 श्रद्धालुओं के दल को करेंगे रवाना

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फाइल फोटो

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार सुबह 10 बजे रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक से सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के प्रथम जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह गौरवशाली यात्रा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत निकाली जा रही है। भारत की सांस्कृतिक चेतना, आस्था और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-2026 (8 से 11 जनवरी) का शुभारंभ ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर से किया जा रहा है।

हजार वर्षों के संघर्ष और आस्था का स्मरण करना है

संचालक संस्कृति एनपी नामदेव ने 'हरिभूमि' को बताया कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का उद्देश्य देशभर के राज्यों के माध्यम से भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान, हजार वर्षों के संघर्ष और आस्था का स्मरण करना है।

घूरकर देखने पर खूनी संघर्ष

युवक की गोली मारकर की हत्या पत्नी और दो बेटे भी गंभीर घायल

चार आरोपियों पर हत्या के तहत मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

घायल युवक

मुरार थाना क्षेत्र के खुरेरी गांव में दो पड़ोसी परिवारों के बीच विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। घटना में रमेश कुशवाह नामक व्यक्ति की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी पुष्पा कुशवाह और दोनों बेटे रवि व अनिल गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल जयारोग्य अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां मां और छोटे बेटे की हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, रमेश कुशवाह के परिवार का विवाद पड़ोस में रहने वाले सुखबीर पाल, रामू पाल, अनार सिंह और राज पाल से हुआ।

तापमान में बढ़त के बावजूद अभी प्रदेशभर में पारा 40 डिग्री के नीचे

10 मई से बनेगा नया सिस्टम, कई जिलों में बारिश हुई

नया सिस्टम फिर बदलेगा मौसम का मिजाज 3 दिन में 4 डिग्री तक गर्मी बढ़ने के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में बुधवार को गर्मी का पारा बढ़ते क्रम में दर्ज हुआ है। अगले 3 दिन बारिश में कुछ कमी के साथ तापमान में बढ़त होगी। इस बीच अधिकतम तापमान औसतन 4 डिग्री तक बढ़ सकता है। 10 मई से नया पश्चिमी सक्रिय होने के बाद प्रदेश में एक बार फिर मौसम में बदलाव की उम्मीद है। इससे तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। बुधवार को प्रदेशभर में तापमान में औसतन एक से डेढ़ डिग्री तक बढ़त के बावजूद पारा 40 डिग्री से नीचे रहा है। लेकिन धूप में तेजी बढ़ने से गर्मी का असर बरकरार है। दोपहर बाद कई जिलों में मौसम में बदलाव रहा। बालाघाट, सिवनी में शाम को आंधी और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ी। पांढुर्णा, बैतूल और मंडला के कान्हा इलाके में भी गरज चमक और आंधी के साथ हल्की बारिश हुई है। प्रदेश में बुधवार को नरसिंहपुर, खंडवा, खरगोन आदि जिलों में पारा 40 से 42 डिग्री के बीच रहा। सर्वाधिक तापमान नरसिंहपुर में 42.2 डिग्री रहा। भोपाल में 1.2 डिग्री बढ़कर 38.4 डिग्री रहा, यह नॉर्मल से 2.4 डिग्री कम है। पूर्वी मप्र के दमोह, खजुराहो, नौगांव, रीवा, सतना, सीधी, टीकमगढ़, उमरिया, दतिया और ग्वालियर आदि जिलों में पारा सामान्य से 5 से 7 डिग्री तक कम रहा है। इस बीच औसत तापमान 37 डिग्री रहा।

भोपाल में 1.2 डिग्री बढ़कर 38.4 डिग्री रहा

यह नॉर्मल से 2.4 डिग्री कम रहा, लेकिन गर्मी बरकरार

सुबह 10 बजे भोपाल की छोटी झील का दृश्य

आज यहां ओले गिरने का अलर्ट

रीवा, शहडोल, अनूपपुर, मंडला, डिंडोरी, उमरिया, बालाघाट और सिवनी जिलों में आंधी-बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं।

आज यहां आंधी-बारिश

गुरुवार तक ग्वालियर, दतिया, भिंड, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर आदि जिलों में आंधी के साथ बारिश का अलर्ट है।

कहा था-बंगाल में भाजपा जीती तो राजनीति छोड़ दूंगा

अब पलटे पप्पू यादव, कहा- मैं तो नहीं छोड़ने वाला राजनीति


पप्पू यादव ने बाबा के दर्शन किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

बिहार की पूर्णिया सीट से निर्दलीय सांसद और जाने-माने राजनेता पप्पू यादव ने पिछले दिनों बंगाल चुनाव के नतीजों से पहले दिए गए अपने चर्चित बयान को लेकर सफाई दी है। पप्पू यादव ने मतगणना से पहले कहा था कि अगर पश्चिम बंगाल में भाजपा जीत जाती है तो 'हम सेवा, मदद और इंसाफ के लिए संघर्ष छोड़ देंगे। बुधवार को उज्जैन पहुंचे सांसद ने बाबा महाकालेश्वर के दर्शन किए। जब भाजपा की जीत के बाद यह सवाल पूछा गया तो वे पलट गए। पप्पू यादव ने वहां बंगाल चुनाव के परिणाम को बहुत ही निराशाजनक बताया और आरोप लगाया कि बंगाल में चुनाव आयोग ही चुनाव लड़ रहा था और वहां सभी तरह के साम-दाम-दंड-भेद का प्रयोग हुआ। उनके 30 अप्रैल के पुराने वादे की याद दिलाए जाने पर पप्पू यादव ने कहा कि मैंने कहा था कि ममता जी अगर चुनाव हारती हैं तो मेरे जैसे लोगों को सोचना पड़ेगा, और मैं यह बात आज भी कह रहा हूं क्योंकि मैं बिना जाति-धर्म-पूरब-पश्चिम देखे सेवा और न्याय के लिए संघर्ष करता रहा। लेकिन आज मुझे सोचना पड़ रहा है कि क्या दोगलेपन और धूर्तता के बिना राजनीति संभव नहीं है।

चुनाव बाद सुलगा पश्चिम बंगाल

उत्तर 24 परगना में फायरिंग, 5 जवान घायल, हिंसा भड़काने वाले 80 गिरफ्तार

चुनाव आयोग ने सभी जिलाधिकारियों, कप्तानों और पुलिस अधिकारियों को लगातार गश्त पर रहने के आदेश दिए हैं। राज्य के अधिकारियों और केंद्रीय बलों- दोनों को ही सतर्क रहने तथा किसी भी अप्रिय घटना पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद हिंसक घटनाओं का सिलसिला जारी है। मंगलवार देर रात राज्य के उत्तर 24 परगना जिले के नैजाट में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। इस दौरान पुलिस कर्मियों पर हमला कर दिया गया।

नैजाट थाने के प्रभारी और एक कांस्टेबल को गोली लग गई। हमले में तीन पुलिसकर्मी और केंद्रीय बल के दो जवान घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना उत्तर 24 परगना के नैजाट पुलिस स्टेशन के राजबाड़ी इलाके में हुई।

बिना इजाजत जुलूस और भीड़ पर रोक

जश्न के आयोजन में जेसीबी पर पाबंदी


कोलकाता के न्यू मार्केट में बुलडोजर

जगतबल्लभपुर में लगाई आग

घर के अंदर से चली गोलियां

पुलिस सूत्रों के अनुसार, वहां दो गुटों के बीच झड़प हुई थी। सूचना मिलने पर नैजाट पुलिस स्टेशन के प्रभारी भरत प्रसून कर मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि उस समय एक घर के अंदर से गोलियां चलाई गईं। गोली भरत प्रसून के पैर में लगी। एक अन्य कांस्टेबल को भी गोली लगी है। हमले में तीन पुलिसकर्मी और केंद्रीय बल के दो जवान घायल हो गए। घायलों को कोलकाता के चित्तरंजन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके पर छापेमारी कर साकेट बम बरामद किए और कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है। फिलहाल, मामले में आगे की जांच जारी है।

चुनाव आयोग बोला हिंसा कतई बर्दाश्त नहीं

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पश्चिम बंगाल में मुख्य सचिव दुष्यंत नारियाला, पुलिस महानिदेशक सिद्धनाथ गुप्ता और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के प्रमुखों को किसी भी हिंसा फैलाने या भड़काने को कतई बर्दाश्त नहीं करने का निर्देश दिया। ऐसे लोगों को तुरंत गिरफ्तार करें। आयोग ने सभी जिलाधिकारियों, कप्तानों और पुलिस अधिकारियों को लगातार गश्त पर रहने के आदेश दिए हैं। राज्य के अधिकारियों और केंद्रीय बलों- दोनों को ही सतर्क रहने तथा किसी भी अप्रिय घटना पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

सख्त कार्रवाई करेंगे : कोलकाता पुलिस आयुक्त

कोलकाता पुलिस आयुक्त अजय कुमार नंद ने चेतावनी दी है कि कानून-व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि उपद्रवियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है और अब तक कोलकाता पुलिस क्षेत्राधिकार में 80 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार किए गए 80 लोगों में से 65 को विशिष्ट मामलों में हिरासत में लिया गया है, जबकि 15 अन्य को एहतियाती तौर पर पकड़ा गया है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि जो भी व्यक्ति डर या आतंक का माहौल बनाने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बिना इजाजत जुलूस और भीड़ पर रोक

कोलकाता पुलिस कमिश्नर अजय कुमार नंद ने स्पष्ट कहा है कि बिना अनुमति कोई भी जुलूस या भीड़ इकट्ठा करना पूरी तरह गैरकानूनी होगा। अगर कोई नियम तोड़ता है तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जश्न या किसी भी सार्वजनिक आयोजन में जेसीबी जैसी मशीनों के इस्तेमाल पर भी पूरी रोक है। नियम तोड़ने वालों को किसी भी हालत में छोड़ा नहीं जाएगा।

सीआरपीएफ की 65 कंपनियां तैनात

कोलकाता में सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बड़े स्तर पर पुलिस बल तैनात किया गया है। शहर में सीआरपीएफ की 65 कंपनियां और 240 क्विक रिस्पॉन्स टीमें सक्रिय हैं। किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटने के लिए पूरी तैयारी की गई है। पुलिस लगातार संवेदनशील इलाकों पर नजर रख रही है।

खबर संक्षेप

पवन खेड़ा ने हिमंत सरमा को 'दोस्त' कहा

नई दिल्ली। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा और हिमंत बिस्वा सरमा के बीच हाल में हुआ विवाद सुर्खियों में रहा है। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिलने के बाद पवन खेड़ा जब पहली बार कांग्रेस के आधिकारिक प्रेस कांफ्रेंस में आए तो उनके सुर ही बदले हुए लग रहे थे। बिना नाम लिए असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा को अपना 'दोस्त' भी बताने की कोशिश की। पवन खेड़ा ने उन आरोपों पर भी सफाई देने की कोशिश की है कि असम में कांग्रेस के जो 19 उम्मीदवार जीते हैं, उनमें 18 मुसलमान ही क्यों हैं।

महिला पुलिस कमिश्नर ने मनचलों को पकड़ा

अमरावती। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर मल्काजगिरि पुलिस कमिश्नर बी. सुमति ने देर रात करीब 2 बजे अकेले बस स्टॉप पर खड़ी रहीं और मनचलों को जाल में फंसाया। इस दौरान करीब 40 लोगों को हिरासत में लिया गया। दिलसुखनगर बस स्टॉप के आसपास हॉस्टल क्लस्टर होने के चलते रात में महिला यात्री अक्सर नशे में धुत लोगों का शिकार बनती थीं। सुमति ने देर रात से सुबह 3 बजे तक वे सामान्य महिला यात्री बनकर बस स्टॉप पर खड़ी रहीं और उनको अश्लील बातें कहने वाले 40 मनचलों को पकड़ा।

इमारत में आग से बच्ची समेत 3 की मौत

भुवनेश्वर। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में बुधवार तड़के एक रिहायशी इमारत में भीषण आग लगने से एक बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दमकल विभाग की कई गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और करीब 30 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार, आग सुबह करीब 4 बजे लक्ष्मीसागर इलाके स्थित बसंती विला अपार्टमेंट की ग्राउंड फ्लोर पर लगी। देखते ही देखते आग और धुआं पूरे भवन में फैल गया।

पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन की तैयारियां शुरू

9 मई को भाजपा का भव्य समारोह, ब्रिगेड ग्राउंड में होगा आयोजन, दो दर्जन मंत्री भी लेंगे शपथ

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने बुधवार को घोषणा की कि राज्य में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 9 मई को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम कोलकाता के प्रतिष्ठित ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, शपथ समारोह में प्रधानमंत्री, एनडीए व भाजपा के सभी मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। दो दर्जन मंत्री भी शपथ लेंगे। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों में वोटिंग के बाद 4 मई को मतों की गणना हुई। जिसमें सत्ता धारी दल तृणमूल कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ ही राज्य में तृणमूल कांग्रेस के 15 साल लंबे शासन का अंत हो गया है। आंकड़ों की बात करें तो टीएमसी को मात्र 80 सीटें मिली हैं, जबकि पिछले चुनाव में पार्टी ने अकेले 215 सीटें हासिल की थी। जबकि भाजपा जिसे पिछले चुनाव में मात्र 77 सीटें मिली थी, उसने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 207 सीटों पर कब्जा जमाया है। पार्टी सूत्रों ने कहा कि नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों की बैठक 8 मई की शाम बुलाई गई है, हालांकि नेतृत्व मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर चुप्पी साधे हुए है।

पीएम सहित भाजपा के सभी सीएम होंगे शामिल

8 मई की शाम को विधायक दल की बैठक होगी

कोलकाता के ब्रिगेड ग्राउंड में जोर-शोर से आयोजन की तैयारियां हो रहीं

रवींद्र जयंती से संदेश देने की कोशिश

शपथग्रहण समारोह बंगाली पंचांग के बैसाख महीने के 25वें दिन आयोजित किया जाएगा जिसे पूरे राज्य में रवींद्र जयंती के रूप में मनाया जाता है, जो रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती है। इससे कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रतीकात्मकता की झलक नजर आएगी। राजनीतिक हलकों में इस तारीख के चयन को भाजपा द्वारा बंगाल की सांस्कृतिक परिकल्पना में अपने ऐतिहासिक उदय को स्थापित करने और तृणमूल कांग्रेस द्वारा इसे बंगाल की भाषाई एवं बौद्धिक लोकाचार से अलग 'बाहरी लोगों की पार्टी'' बताए जाने का मुकाबला करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

ममता और अभिषेक के आवास से कम की सुरक्षा

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की करारी हार के बाद कोलकाता में सीएम ममता बेनर्जी के आवास के बाहर से सुरक्षा घेरे को कम कर दिया गया है। वहीं, ममता बेनर्जी के भतीजे अभिषेक बेनर्जी के घर के बाहर भी सुरक्षा कम कर दी गई है। इस बीच, कोलकाता के पुलिस आयुक्त (सीपी) अजय कुमार नंदा ने बताया कि वहां पुलिस कर्मियों की एक अतिरिक्त यूनिट तैनात थी।

9 मई के बाद निकालें विजय रैलियां: सुवेंदु

चुनाव में दो सीट भवानीपुर और नंदीग्राम पर जीत दर्ज करने वाले भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि वह 10 दिनों के भीतर इनमें से एक सीट से इस्तीफा दे देंगे। अधिकारी ने भवानीपुर सीट पर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी को पराजित किया जबकि नंदीग्राम सीट पर लगातार तीसरी बार जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि मैं 10 दिन के भीतर एक सीट खाली कर दूंगा। पार्टी तय करेगी कि मैं कौन सी सीट रखूंगा।

केंद्रीय मंत्री प्रधान का आरोप

बंगाल में लोकतंत्र 'बंदूक के दम पर' चल रहा था

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र 'बंदूक के दम पर' चल रहा है। उन्होंने सीएम ममता बेनर्जी पर चुनावी जनादेश की भावना को स्वीकार न करने का आरोप भी लगाया। प्रधान ने कहा कि जनादेश को 'जनता की आवाज' के बजाय 'अस्वीकार किए जा सकने वाले सुझाव' की तरह लिया जा रहा है, जिससे यह सवाल उठता है कि सत्ता को जिम्मेदारी माना जा रहा है या अधिकार।

तानाशाही के खिलाफ लड़ना होगा: राउत

शिवसेना-यूबीटी नेता संजय राउत ने निवर्तमान सीएम ममता बेनर्जी के इस्तीफा न देने के फैसले का पुरजोर समर्थन किया है। राउत ने कहा कि ममता बनर्जी का यह कदम केंद्र सरकार और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के खिलाफ एक बड़ा विरोध प्रदर्शन है। उन्होंने कहा कि यह केवल सत्ता का मोह नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने की एक लड़ाई है। देश में केंद्र की तानाशाही और चुनाव आयोग के पक्षपाती व्यवहार के खिलाफ एकजुट होना अब अनिवार्य हो गया है। राउत ने आरोप लगाया कि वर्तमान में चुनाव आयोग पूरी तरह से केंद्र सरकार की गुलाम बन चुकी है।

राहुल का भाजपा पर तंज

भाजपा का हर छठा सांसद और हरियाणा सरकार 'घुसपैठिया'

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कथित 'वोट चोरी' को लेकर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और दावा किया कि आज यदि निष्पक्ष तरीके से लोकसभा चुनाव हो जाएं तो भाजपा 140 सीटों से ज्यादा सीटें नहीं जीत सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के हर छठे लोकसभा सदस्य ने वोट चोरी से जीत हासिल की है और भाजपा के शब्दों में कहें तो उसके 240 लोकसभा सदस्यों में से हर छठा सांसद और हरियाणा की उसकी पूरी सरकार 'घुसपैठिया' है। उन्होंने कहा कि जो संस्थाएं अपनी जेब में रखते हैं, जो मतदाता सूचियों और चुनावी प्रक्रिया को तोड़-मरोड़ देते हैं, वे ख़ुद 'रिमोट कंट्रोल वाले' हैं।

सीएम का पद दावेदार कौन?

पश्चिम बंगाल में सीएम की बड़ी जीत के बाद नया सीएम कौन होगा, इस पर चर्चा तेज है। प्रबल दावेदारों में सुवेंदु अधिकारी हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य और महिला नेताओं में अग्निमित्रा पॉल और रूपा गांगुली के नाम भी दावेदारों के रूप में सामने आर रहे हैं।

तमिलनाडु में आज शपथ ग्रहण पर संशय

विजय के दावे से राज्यपाल संतुष्ट नहीं, विधानसभा भंग का ऐलान

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी बनने के बाद तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने आज लोकभवन में जाकर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। लेकिन लोकभवन के सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल विजय के बहुमत वाले दावे से संतुष्ट नहीं है। इसी बीच 16वीं तमिलनाडु विधानसभा को 5 मई 2026 से भंग करने का निर्णय लिया गया। एआईएडीएमके ने टीवीके को समर्थन से इनकार किया है। बता दें, 234 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 118 का है। विजय की पार्टी ने 108 सीटों पर जीत दर्ज की है। ऐसे अब माना जा रहा है कि गुरुवार को होने वाली विजय की शपथ टल सकती है। हालांकि, कांग्रेस ने विजय की पार्टी को समर्थन देने का ऐलान किया है लेकिन उसके पास केवल 5 विधायक हैं। ऐसे में बहुमत के आंकड़े से विजय कम से कम 5 सीट दूर हैं।

सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल विजय के शपथ ग्रहण को लेकर कानूनी सलाह ले रहे हैं। उधर, टीवीके राज्यपाल के के आमंत्रण का इंतजार कर रही है। विजय ने राज्यपाल आर्लेकर को एक पत्र सौंपकर देकर सरकार बनाने का न्योता मांगा और उन्हें भरोसा दिलाया कि पार्टी तय समय में सदन में अपनी बहुमत साबित कर देगी। टीवीके ने बताया कि इस विषय पर एक नया पत्र लिखा है और राज्यपाल से 7 मई को सुबह 11:30 बजे शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने का भी अनुरोध किया है।

टीवीके प्रमुख विजय राज्यपाल आर्लेकर को दावे का पत्र सौंपते हुए

कांग्रेस ने पीठ में छुरा घोंपा: द्रमुक

स्टालिन की द्रमुक ने अपने सबसे पुराने राष्ट्रीय सहयोगी कांग्रेस के इस अचानक पाला बदलने वाले कदम को 'पीठ में छुरा घोंपना' बताया। द्रमुक के प्रवक्ता सरवनन अन्नादुरई ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी ने टीवीके के साथ गठबंधन करने और उन्हें अपना समर्थन देने का जो फैसला किया है, वह एक बहुत बड़ा धोखा है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ द्रमुक की ही नहीं, बल्कि पूरे तमिलनाडु की जनता की पीठ में भी छुरा घोंपा है। उन्होंने अपनी गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि कांग्रेस ने तमिलनाडु की जनता द्वारा दिए गए जनादेश का भी घोर अपमान किया है।

बहुमत से 5 सीट दूर

विधानसभा चुनाव में टीवीके सबसे ज्यादा 108 सीटें, डीएमके को 59 और एआईएडीएमके को 47 सीटें मिली हैं। अन्य दलों में पीएमके को 4 और आईयूएमएल को 2 सीटें मिली हैं। सीपीआई, वीसीके और सीपीआईएम को भी 2-2 सीटों पर जीत मिली है। भाजपा, डीएमडीके और एएमएमके के खाते में 1-1 सीट आई है। बहुमत साबित करने और सरकार बनाने के लिए टीवीके को अब अन्य दलों की मदद लेनी होगी। एआईएडीएमके टीवीके को सरकार बनाने के लिए बिना शर्त समर्थन दे सकती है। इसके अलावा द्रमुक नेता कनिमोझी ने भी यह दावा किया है कि अन्नाद्रमुक के 21 विधायक टूटकर सीधे टीवीके में शामिल हो सकते हैं।

बिहार कैबिनेट विस्तार से पहले गरमाई सियासत

जेडीयू ने मांगे 16 मंत्री पद, एनडीए सहयोगी 3 दलों ने भी आंखें तरेरी

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में गुरुवार को होने वाले कैबिनेट विस्तार से पहले सियासत गरमा गई है। जनता दल (यूनाइटेड) की बिहार इकाई के अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने बुधवार को स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी सम्राट चौधरी सरकार में 16 मंत्री पदों की उम्मीद कर रही है। गुरुवार को होने वाले भव्य शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की संभावना है। उमेश कुशवाहा ने कहा कि हमने अपनी मंशा साफ कर दी है कि हमें कैबिनेट में 16 सीटें चाहिए। संवैधानिक नियमों के अनुसार, बिहार कैबिनेट में अधिकतम 30 मंत्री हो सकते हैं (विधानसभा की कुल 243 सीटों का 15 प्रतिशत)। एनडीए गठबंधन में 3 और सहयोगी दलों लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा को भी कैबिनेट में अधिक जगह मिलने की आशा जताई है।

यूपी में मैजिक वाहन पलटा

8 लोगों को कुचलते हुए गुजर गया ट्रक, 4 की मौत, 3 के सिर गायब

एजेंसी ▶▶ बलिया

बलिया जिले के मांझी- छपरा मुख्य मार्ग पर इनई गांव के समीप असंतुलित मैजिक वाहन पलटने के बाद सामने से आ रही बेकाबू ट्रक ने आठ लोगों को कुचल दिया। घटनास्थल पर ही चार लोगों की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से जख्मी चार लोगों का छपरा सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

बुधवार तड़के मैजिक पर सवार होकर कुल 13 लोग छपरा के ब्रम्हपुर से बरात में डांस का कार्यक्रम कर बलिया के नरही स्थित लक्ष्मण पुर चट्टी लौट रहे थे। लखनऊ निवासी आर्केस्ट्रा संचालक अशोक राम ने बताया कि सभी मृतक लखनऊ के निवासी हैं, जो ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम में आए थे। बताया कि हादसे के बाद मृतकों में से तीन शवों के सिर गायब थे। ट्रक सिर को कुचलते हुए गुजर गया। मृतकों की पहचान राहुल, अवधेश, प्रीति, सोनी के रूप में हुई।

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में तेजी

सभी 5 भारी पोर्टल बीम लॉन्च किए गए

अहमदाबाद। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के तौर पर, मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए मणिनगर में अहमदाबाद-वडोदरा रेलवे लाइन के ऊपर, सभी 5 प्रीकास्ट-प्रीस्ट्रेस्ड भारी पोर्टल बीम (गर्डर) को मात्र 22 दिनों के भीतर सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है। लॉन्चिंग प्रक्रिया 8, 13, 19, 24 और 29 अप्रैल 2026 को पूर्व-नियोजित और चरणबद्ध क्रम में सफलतापूर्वक पूरी की गई। सबसे भारी बीम, जिसका वजन लगभग 1360 एमटी था, 8 अप्रैल 2026 को लॉन्च किया गया, जो परिचालन रेलवे लाइनों पर किए गए सबसे भारी लिफ्टों में से एक को चिह्नित करता है।

आम जनता की दूर हुई आशंका

पेट्रोल-डीजल और घरेलू एलपीजी की कीमतों में नहीं होगी बढ़ोतरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेट्रोल-डीजल को लेकर राहत बड़ी खबर सामने आई है। घरेलू एलपीजी की कीमतों में कोई इजाफा नहीं किया गया है और न ही पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ेंगे। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी के संबंध में, घरेलू इस्तेमाल वाले कुकिंग एलपीजी सिलिंडरों री कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हालिया संशोधन केवल कमर्शियल एलपीजी सिलिंडरों पर लागू होता है। इसके अलावा फ्यूल स्टेशनों पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

100% एलपीजी आपूर्ति के प्रयास जारी: सुजाता शर्मा

सुजाता शर्मा ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण हमारे आयात पर असर पड़ा है, चाहे वह एलपीजी हो, कच्चा तेल हो या प्राकृतिक गैस। हालांकि, भारत सरकार घरेलू उपभोक्ताओं को खाना पकाने के लिए एलपीजी की 100 प्रतिशत घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। साथ ही, कमर्शियल उपयोगकर्ताओं को भी 70 प्रतिशत तक आपूर्ति करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

विश्व में एलएनजी की कीमतें बढ़ी

आपूर्ति बाधाओं के कारण वैश्विक स्तर पर एलएनजी की कीमतें तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। अप्रैल 2026 में स्पॉट एलएनजी की कीमतें 17 से 18 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू तक बढ़ गई हैं, जो पश्चिम एशिया संघर्ष से पहले 10 से 11 डॉलर के स्तर पर थीं। बीच में कीमतों ने 22 डॉलर का स्तर भी छुआ था। इस मूल्य वृद्धि और आपूर्ति में कमी का सीधा असर भारत की गैस खपत पर पड़ा है।

पीएम मोदी 'आर्ट ऑफ लिविंग' के 45वें स्थापना दिवस समारोह को करेंगे संबोधित

182 देशों के प्रतिभागी आध्यात्मिक आंदोलन के साक्षी बनेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीएम नरेंद्र मोदी 'आर्ट ऑफ लिविंग' की स्थापना के 45 वर्ष पूर्ण होने और इसके संस्थापक, गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के 70वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर 10 मई को 'आर्ट ऑफ लिविंग' के अंतरराष्ट्रीय केंद्र, बेंगलुरु में आयोजित समारोह को संबोधित करेंगे। मानवीय एवं आध्यात्मिक आंदोलन के साढ़े चार दशक पूरे होने के अवसर पर आयोजित इस वैश्विक समागम में 182 से अधिक देशों के प्रतिभागी प्रत्यक्ष और ऑनलाइन माध्यम से सम्मिलित होंगे। यह आयोजन समाज के हर वर्ग राजनेताओं, सिविल सेवकों, किसानों, इंजीनियरों, गृहिणियों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, छात्रों और वरिष्ठ नागरिकों को एक मंच पर लाएगा, जो गुरुदेव के दूरदर्शी नेतृत्व और संगठन के वैश्विक प्रभाव का एक अनूठा उत्सव होगा।

» *कई गोलमेज चर्चा और शिखर सम्मलेन का आयोजन होगा*

» *13 मई को गुरुदेव रविशंकर के उद्बोधन का सीधा प्रसारण भी*

पीएम मोदी और गुरुदेव रविशंकर फाइल फोटो

'ध्यान मंदिर' कक्ष का उद्घाटन करेंगे पीएम

पीएम नरेंद्र मोदी परिसर में नव-निर्मित 'ध्यान मंदिर' एक विशेष ध्यान कक्ष का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही, वे मानसिक स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, प्रकृति संरक्षण और सामाजिक परिवर्तन पर केंद्रित राष्ट्रव्यापी सेवा पहलों का भी शुभारंभ करेंगे। बता दें, वर्ष 1981 में गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर द्वारा स्थापित 'आर्ट ऑफ लिविंग' आज एक वैश्विक, स्वयंसेवक-आधारित मानवीय और शैक्षिक संगठन बन चुका है। 182 देशों में सक्रिय यह संस्था 'सुदर्शन क्रिया' जैसी परिवर्तनकारी श्वास तकनीकों और सतत विकास के क्षेत्र में अपनी अग्रणी ठोस पहलों के माध्यम से अब तक 100 करोड़ से अधिक जीवन को स्पर्श कर चुकी है।

सांस्कृतिक महोत्सव का होगा आयोजन

इस अवसर पर 182 देशों की विविध संस्कृतियों को प्रस्तुत करते हुए संगीत, नृत्य और कलात्मक अभिव्यक्तियों से सुसज्जित सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। नागरिक समाज में नैतिकता पर केंद्रित वैश्विक नेतृत्व संवाद और शिखर सम्मेलन का भी आयोजन होगा। 13 मई को गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के मार्गदर्शन में 'विश्व शांति हेतु वैश्विक ध्यान' सभी के लिए निःशुल्क और विश्वभर में सीधा प्रसारित किया जाएगा। भारत के 450 से अधिक जिलों में कार्यरत अनसुने दैनिक नायकों को सम्मानित किया जाएगा। 25-26 मई को 'बंदी कल्याण और नीतिगत सुधार' पर विशेष गोलमेज चर्चा होगी

बिम्सटेक देशों के युवाओं का सम्मेलन

भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के सहयोग से आयोजित 'बिम्सटेक युवा नेतृत्व आदान-प्रदान', जिसमें सभी सात बिम्सटेक देशों के युवा नेता 'आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर' में केंद्रित नेतृत्व प्रशिक्षण (लीडरशिप इमर्शन) हेतु एकत्र होंगे।

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

पहलगाम आतंकी हमले का जवाब था 'ऑपरेशन सिंदूर', 22 बहनों का आतंकियों ने उजाड़ दिया था सिंदूर

जयपुर में 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ मनाएगी सेना

अपनी मातृशक्ति के धैर्य और सेनाओं के 'पराक्रम' को पूरा देश करेगा याद

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत सेना प्रमुखों की मौजूदगी में होगा भव्य आयोजन, ऑपरेशन से जुड़ी फिल्म करेंगे रिलीज

'ऑपरेशन सिंदूर' का प्रमुख केंद्र राजस्थान रहा था, इसलिए वहां कार्यक्रम

एजेंसी ▶▶ जयपुर

ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ सेना जयपुर में मनाएगी। जयपुर स्थित साउथ वेस्टर्न कमांड में गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें शामिल होने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ तीनों सेनाओं के प्रमुख जयपुर आएंगे। कार्यक्रम में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान भी मौजूद रह सकते हैं। इस दौरान ऑपरेशन से जुड़ी फिल्म भी रिलीज की जाएगी। भारतीय सेना ने 7 मई 2025 को पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था। तब पाकिस्तान से लगती लंबी सीमा, सैन्य ठिकानों की मौजूदगी और सीमावर्ती जिलों की संवेदनशीलता के कारण ऑपरेशन सिंदूर का प्रमुख केंद्र राजस्थान रहा था।

पाक के भोलारी एयरबेस में तबाही हुई थी


रहीमयार एयरबेस पर बमबारी की थी



'ऑपरेशन' से जुड़ी फिल्म करेंगे रिलीज

जयपुर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार दोपहर 12 बजे तीनों सेनाओं के प्रमुख के साथ खातीपुरा स्थित सप्त शक्ति कमांड में मीडिया को संबोधित करेंगे। वहीं शाम 5 बजे ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी फिल्म को रिलीज किया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों की मानें तो इस फिल्म के कई शॉट्स रियल हैं, जिन्हें ऑपरेशन सिंदूर के समय शूट किया गया था।

आतंकियों की कब्र बन गई थी

एक साल बाद फिर तीनों सेनाओं की होगी ज्वॉइंट कॉन्फ्रेंस

ठीक एक साल पहले तीनों डायरेक्टर जनरल मिलिट्री ऑपरेशंस, डायरेक्टर जनरल नेवल ऑपरेशंस, डायरेक्टर जनरल एयर ऑपरेशंस ने एक साथ ज्वॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पूरे देश को बताया था कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने अपनी ऑपरेशनल कैपेबिलिटी से पाकिस्तान के एयरबेसेज, एयरस्ट्रिप, एयर डिफेंस के साथ ही उनकी इन्फेंट्री को पूरी तरह से खदेड़ा है, यहां तक कि पाकिस्तान को उठने भी नहीं दिया। इसके बाद अब एक फिर से भारतीय सेना की एक बड़ी कॉन्फ्रेंस होने जा रही है। ज्वॉइंट कमांडर कॉन्फ्रेंस में भविष्य की सैन्य तैयारियों पर विशेष फोकस रहेगा। इमरजेंसी प्रोक्योरमेंट, फाइटर एयरक्राफ्ट, वॉरशिप, ड्रोन, आधुनिक मिसाइल और रॉकेट सिस्टम को शामिल कर सेना को और सशक्त बनाने की रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी।

खबर संक्षेप

31 को अहमदाबाद में होगा आईपीएल का फाइनल

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन का फाइनल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 31 मई को खेला जाएगा। बीसीसीआई ने बुधवार को आईपीएल 2026 के प्लेऑफ मैचों के वेन्यू और तारीखों का ऐलान किया। अहमदाबाद, न्यू चंडीगढ़ और धर्मशाला में प्लेऑफ के मैच खेले जाएंगे। लगातार दूसरी बार अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को आईपीएल फाइनल की मेजबानी मिली है।आईपीएल की परंपरा के हिसाब से इस सीजन का फाइनल मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के होम ग्राउंड एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाना चाहिए था।

जून में दो यात्राओं का पैकेज किया लॉन्च

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम जून माह में भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन से सात ज्योतिर्लिंग एवं दक्षिण भारत की यात्रा कराएगा। दोनों ही यात्रा का पैकेज बुधवार को आईआरसीटीसी ने लांच कर दिया। सात ज्योतिर्लिंग यात्रा 12 से 23 जून तक होगी। यात्रा में महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंमकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, द्वारकाधीश, भेंट द्वारिका, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, सिग्नेचर ब्रिज, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, त्रियंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग , पंचवटी, कालाराम मंदिर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग , घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग शामिल हैं।

बालगृह की ग्रिल तोड़कर 3 बच्चे भागे



उज्जैन। नागझिरी क्षेत्र स्थित लालपुर बालगृह से तीन नाबालिग बच्चों के फरार होने का मामला सामने आया है। बच्चों ने बाथरूम की ग्रिल तोड़कर भाग गए। जिससे बालगृह की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बुधवार शाम करीब 7 बजे जब बालगृह में बच्चों की गिनती की गई, तो तीन बच्चे कम पाए गए। इसके बाद स्टाफ में हड़कंप मच गया। पूरे इलाके में बच्चों की तलाश शुरू की गई, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। बच्चे बाथरूम की ग्रिल तोड़कर फरार हुए हैं। भागने वाले बच्चों में दो उज्जैन के और एक शाजापुर का बताया जा रहा है।

राज्यों को राहत : नौ जजों की पीठ ने सुनाया ऐतिहासिक फैसला

कहा- खनिज टैक्स पर राज्यों का अधिकार, 20 मई को फिर सुनवाई

पूरा मामला राज्यों की विधायी शक्ति और टैक्स वसूलने के अधिकार से जुड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक बड़ा फैसला लिया। अदालत अब 20 मई को खनिज अधिकारों पर टैक्स लगाने से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में उसकी क्यूरेटिव याचिका अभी लंबित है। यह पूरा मामला राज्यों की विधायी शक्ति और टैक्स वसूलने के अधिकार से जुड़ा है। सितंबर 2024 में शीर्ष अदालत ने समीक्षा याचिकाओं को खारिज कर दिया था। इससे पहले 25 जुलाई 2024 को नौ जजों की बेंच ने बड़ा फैसला सुनाया था।

अदालत ने 8:1 के बहुमत से कहा था कि खनिज अधिकारों पर टैक्स लगाने की शक्ति राज्यों के पास है। शीर्ष अदालत ने कहा कि केंद्र के पास संविधान की सूची-1 की प्रविष्टि 54 के तहत यह अधिकार नहीं है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच से सुनवाई टालने का अनुरोध किया। उन्होंने लंबित क्यूरेटिव याचिका का हवाला दिया। कुछ वकीलों ने इसे जुलाई तक टालने की मांग की। हालांकि, राज्यों के वकीलों ने इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि समीक्षा याचिकाएं पहले ही खारिज हो चुकी हैं। कुछ अपीलें तो 1999 और 2011 से लंबित हैं। बेंच ने सभी पक्षों को सुनने के बाद अगली तारीख 20 मई तय की।

"शीर्ष अदालत ने कहा कि केंद्र के पास संविधान की सूची-1 की प्रविष्टि 54 के तहत यह अधिकार नहीं है"

केंद्र ने बेंच से सुनवाई टालने का किया अनुरोध

लंबित क्यूरेटिव याचिका का हवाला दिया

कुछ अपीलें तो 1999 और 2011 से लंबित

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को दी थी बड़ी राहत

14 अगस्त 2024 को सुको ने राज्यों को बड़ी राहत दी थी। खनिज संपन्न राज्यों को 1 अप्रैल 2005 से बकाया रॉयल्टी वसूलने की अनुमति मिली। यह बकाया राशि हजारों करोड़ रुपए है। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि यह भुगतान 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगा। कंपनियां और केंद्र इसे 12 साल की किस्तों में चुकाएंगे। राहत की बात यह है कि 25 जुलाई 2024 से पहले के बकाए पर जुर्माना और ब्याज माफ कर दिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले की मुख्य बातें

रॉयल्टी 'टैक्स' नहीं है

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि माइंस एंड मिनरल्स (डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन) एक्ट, 1957 के तहत केंद्र को दी जाने वाली रॉयल्टी टैक्स की श्रेणी में नहीं आती है। रॉयल्टी सिर्फ खनिजों के इस्तेमाल के लिए दिया जाने वाला अनुबंधात्मक भुगतान है।

पुराना फैसला पलटा

कोर्ट ने 1989 के अपने फैसले (इंडिया सीमेंट्स बनाम तमिलनाडु राज्य) को पलट दिया, जिसमें रॉयल्टी को टैक्स माना गया था।

केंद्र का कानून बाधक नहीं

कोर्ट ने कहा कि एमएमडीआर एक्ट राज्य सरकारों को टैक्स लगाने से नहीं रोकता है।

इन राज्यों को फायदा

झारखंड, ओडिशा, छग, मप्र बंगाल, आंध्र प्रदेश और राजस्थान का लाभ मिलेगा।

गेहूं खरीदी व्यवस्था में अव्यवस्थाएं, भावांतर देने की मांग

आज 7 अलग-अलग स्थानों पर नेशनल हाईवे जाम करेगी कांग्रेस

इंदौर में जीतू, खलघाट में उमंग, शाजापुर में हरीश करेंगे नेतृत्व

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

गेहूं खरीदी में अव्यवस्था और फसल का उचित दाम न मिलने जैसी किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदेश कांग्रेस गुरुवार 7 दिसंबर को प्रदेशभर में 7 अलग-अलग स्थानों पर नेशनल हाईवे जाम करेगी। इसमें पार्टी के बड़े नेता शामिल करेंगे। इंदौर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, खरगोन के खलघाट में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और शाजापुर में पार्टी के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी आंदोलन का नेतृत्व करेंगे।

ई-बाइक शोरूम में लगी भीषण आग

बैटरी में शॉर्ट सर्किट से 35 बाइक जलकर खाक

फंसे 6 लोगों को जेसीबी से सुरक्षित निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सिविल लाइन क्षेत्र के पीतल मिल चौराहे पर मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात एक तीन मंजिला इलेक्ट्रॉनिक बाइक शोरूम में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि शोरूम में रखी करीब 30 से 35 नई ई-बाइक जलकर खाक हो गईं। हादसे में जरूरी दस्तावेज और फर्नीचर भी पूरी तरह नष्ट हो गए। गनीमत रही कि समय रहते रेस्क्यू कर शोरूम में फंसे 6 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

भारतीय रिजर्व बैंक के साथ समझौता

यूपीआई जल्द ही वियतनाम के फास्ट पेमेंट सिस्टम से जुड़ेगा

दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को 25 अरब डॉलर तक ले जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत का यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) जल्द ही वियतनाम के फास्ट पेमेंट सिस्टम से जुड़ेगा। यह जानकारी वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम से द्विपक्षीय वार्ता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दी गई। समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षरइसके लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और स्टेट बैंक ऑफ वियतनाम (एसबीवी) के बीच समझौता ज्ञापन भी हस्ताक्षर हुए है, जिसके तहत दोनों देशों के केंद्रीय बैंक पेमेंट सिस्टम और डिजिटल पेमेंट इनोवेशन में सहयोग करेंगे।

दोनों देशों ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 25 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और वियतनाम ने फाइनेंशियल कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए केंद्रीय बैंकों के बीच सहयोग बढ़ाने का फैसला लिया है।

यूपीआई अब तक 8 देशों में उपलब्ध

यूपीआई वर्तमान में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस, मॉरीशस और कतर सहित आठ से अधिक देशों में उपलब्ध है, जिससे भारत डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बन गया है। यूपीआई की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय पहुंच से प्रेषण में वृद्धि हो रही है, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिल रहा है और वैश्विक फिनटेक परिदृश्य में भारत की स्थिति मजबूत हो रही है। यूपीआई लेन-देन की संख्या अप्रैल में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 22.35 अरब हो गई है। वहीं, इनकी वैल्यू सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 29.03 लाख करोड़ रुपए हो गई है।

कानून में संशोधन को मंजूरी

वंदे मातरम को मिलेगा 'राष्ट्रगान' जैसा ही दर्जा

राष्ट्रगान के अपमान पर सजा का प्रावधान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बंगाल चुनाव में बड़ी जीत के बाद केंद्र सरकार ने अपने पहले फैसले में 'वंदे मातरम' को लेकर बड़ा कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण कानून में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इस प्रस्ताव के तहत 'वंदे मातरम' को राष्ट्रगान जन गण मन के बराबर दर्जा देने की तैयारी है। अभी इस कानून के तहत राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और राष्ट्रगान के अपमान याउसमें बाधा डालने पर सजा का प्रावधान है। संशोधन के बाद वंदे मातरम को भी इस सूची में शामिल किया जाएगा।

खंभे से टक्कर के बाद कार में आग

2 युवक जिंदा जले, बाहर गिरने से तीसरा साथी बचा

दोस्त की शादी से लौट रहे थे जीजा और साला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

शादी समारोह में शामिल होकर ग्वालियर से घर लौट रहे युवकों की कार ग्वालियर-झांसी हाईवे पर डबरा के पास विद्युत पोल से टकरा गई। टक्कर के बाद कार में आग लग गई। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब दो बजे हुए इस हादसे में दो लोग जिंदा जल गए। जबकि पीछे बैठा युवक टक्कर के बाद गेट टूटने से बाहर गिर गया, जिससे उसकी जान बच गई। पुलिस के मुताबिक मृतकों में छतरपुर निवासी अवधेश विश्वकर्मा (32) और शिवपुरी निवासी रामजी सोनी (33) शामिल हैं। अवधेश की शिवपुरी के बामोरकला में ससुराल है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी एलन मस्क की स्टारलिंक को टक्कर देने के मूड में

रिलायंस लो अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट्स में अरबों डॉलर निवेश करेगा

इंटरनेट की दुनिया में भारत 'स्टारलिंक' का जवाब पेश करने की तैयारी कर रहा

इस पर काम करने के लिए रिलायंस ने 6 अलग-अलग टीमें बनाईं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जियो स्टारलिंक को टक्कर देने की तैयारी में है। दरअसल, रिलायंस इस क्षेत्र में कदम रखने का मन बना चुकी है। इसे लेकर बैठकों का दौर जारी है। इतनी ही नहीं कंपनी किसी बनी-बनाई सैटेलाइट कंपनी को खरीदने के विकल्पों पर भी विचार कर रही है। ऐसे में कहना गलत नहीं होगा कि आने वाले समय में भारत को स्टारलिंक का देसी वर्जन मिल सकता है।

देसी स्टारलिंक लाएगा जियो

रिलायंस अपनी टेलिकॉम यूनिट जियो प्लेटफॉर्म के तहत सैटेलाइट प्रोजेक्ट को खड़ा करना चाह रहा है। जियो चाहता है कि वह इस क्षेत्र का अहम खिलाड़ी बन सके। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसके लिए जियो ने छह अलग-अलग टीमें बनाई हैं, जो सैटेलाइट्स, लॉन्चिंग, पेलोड और यूजर टर्मिनल्स जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर काम कर रही हैं। कुछ महीनों से इस पर युद्ध स्तर पर काम चल रहा है।

ताकि, डेटा प्राइवेसी को खतरा न हो

भारत सरकार चाहती है कि देश का अपना सैटेलाइट कम्युनिकेशन सिस्टम हो। ग्लोबल स्तर पर चीन और अन्य देशों की बढ़ती सक्रियता को देखते हुए भारत के लिए अपना नेटवर्क होना ज्यादा सुरक्षित है। वहीं अगर सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस के लिए स्टारलिंक जैसी दूसरे देशों की तकनीक पर निर्भर रहा जाए, तो यह डेटा प्राइवेसी के लिए गंभीर खतरा साबित हो सकता है।

हेल्दी और फिट रहने के लिए केवल डाइट प्लान और वर्कआउट रूटीन को फॉलो करना पर्याप्त नहीं होता है। इसके लिए आपकी लाइफस्टाइल भी सही होनी चाहिए। आज अनेक यंगस्टर्स इसी फॉर्मूले को फॉलो कर रहे हैं।

फिटनेस के लिए यंगस्टर्स बदलें अपनी लाइफस्टाइल

फिटनेस

दिव्यज्योति 'नंदन'

आज के दौर में सुबह पार्क में दौड़ते हुए युवा, जिम में पसीना बहाती हुई युवतियां, कलाइयों पर स्मार्ट वाच और सोशल मीडिया में फिटनेस अपडेट के साथ लगातार जुड़े यंगस्टर्स, अब सिर्फ फिट नहीं रहना चाहते बल्कि फिटनेस की अपनी पूरी अवधारणा ही बदल डालना चाहते हैं यानी, अब शरीर को फिट रखने की जगह वे अपनी पूरी जीवनशैली को ही फिट बनाने में लगे हैं। इसके लिए एफर्ट से ज्यादा अपनी सोच बदलने की जरूरत होती है। अगर आप अपनी सोच में हेल्थ और फिटनेस को तरजीह देंगे तो हेल्दी-फिट लाइफ जीना आसान हो जाएगा।

स्लिम नहीं स्ट्रांग को दें इंपॉर्टेंस: एक समय था जब युवाओं का लक्ष्य फिट दिखने के नाम पर पतला और स्मार्ट दिखना होता था। लेकिन अब फिट होने का मतलब है स्ट्रांग होना। आज के युवा सिक्स पैक या जीरो फिगर से आगे बढ़कर स्ट्रेंथ, स्टेमिना और वर्क पावर पर ध्यान दे रहे हैं। ऐसी सोच ही आपको रियली फिट रहने में हेल्पफुल होती है। इसी तरह युवतियों में वेट ट्रेनिंग का तेजी से चलन बढ़ रहा है, क्योंकि फिट दिखने से ज्यादा अब वे फिट महसूस करना जरूरी मानती हैं। इसके लिए बॉडी को पॉजिटिविटी चाहिए होती है। यंगस्टर्स की सोच में आया यह बदलाव बताता है कि फिटनेस अब दिखावे से बाहर निकलकर हेल्थ का मूल मंत्र बन गया है।

मेंटल हेल्थ पर ध्यान देना भी जरूरी: पूरी तरह हेल्दी और फिट रहने के लिए यह समझना भी जरूरी है कि सिर्फ शरीर को मजबूत करना ही पर्याप्त नहीं होता है। आज के दौर में यंगस्टर्स के लिए कॉलेज, करियर और सोशल मीडिया के दबाव के बीच मेंटल हेल्थ भी एक बड़ा मुद्दा बन चुका है। इसे बनाने के लिए योगासन, ध्यान और प्राणायाम भी अब युवाओं का पसंदीदा शगल बन गया है। अनेक विशेषज्ञ कहते हैं कि मेंटल हेल्थ के लिए योग का अभ्यास कारगर होता है। इसके अलावा डिजिटल डिटॉक्स और माइंडफुलनेस भी जरूरी मंत्र हैं। अच्छी फिटनेस तनाव कम करने का माध्यम भी बन सकती है। इसलिए अब फिटनेस की पुरानी परिभाषा केवल मसल्स फिटनेस तक सीमित नहीं रही है, बल्कि मस्तिष्क का संतुलन भी जरूरी है।

डिजिटल फिटनेस भी जरूरी: फिटनेस की दुनिया अब तकनीक की गहराई से भी जुड़ती है। स्मार्ट वॉच और फिटनेस बैंड से स्टेप काउंट अब यंगस्टर्स के लिए सामान्य बात है। अच्छी नींद, हार्ट रेट और कैलोरी ट्रैकिंग अब जरूरी होता जा रहा है। मोबाइल एप्स के जरिए भी वर्कआउट प्लान बनाया जा सकता है। सही तरह से यूज किया जाए तो ये सब डिजिटल टेक्नीक्स आपको हेल्दी, फिट रखने में हेल्पफुल साबित होते हैं। इनकी मदद से आप हर दिन अपने आंकड़े पहले से बेहतर करने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। लेकिन डेटा के प्रेशर में आने से बचने में ही समझदारी है।

फिटनेस बना सोशल फेस: आज फिटनेस केवल स्वास्थ्य गतिविधि भर नहीं है। रनिंग क्लब, साइकिलिंग ग्रुप्स, जिम कम्युनिटी का एक तरह के सोशल प्लेटफॉर्म के रूप में यूज किया जा सकता है। इससे आपके सोशल रिलेशन मजबूत होते हैं, जो आपको मेंटली रिलैक्स होने में सहायक होती है।

फिटनेस पाने के नए तरीके: फिटनेस के लिए जरूरी नहीं कि आप जिम में जाकर ही एक्सरसाइज करें। फिटनेस के लिए आप पिलेट्स, क्रॉस फिट और फंक्शनल ट्रेनिंग भी आजमा सकते हैं।

डाइट कॉन्शसनेस भी आवश्यक: फिटनेस के लिए हेल्दी डाइट का भी बड़ा रोल होता है। यही कारण है कि आज के युवा हाई प्रोटीन सप्लीमेंट्स को अपनी फिटनेस जर्नी का जरूरी हिस्सा मानते हैं। लेकिन सप्लीमेंट लेने से पहले डॉक्टर से कंसल्ट जरूर कर लें। *

कुछ लोगों को बेवजह, बिना किसी गंभीर बीमारी या बिना परिश्रम किए भी हमेशा थकान महसूस होती है। वास्तव में यह भी एक शारीरिक समस्या क्रॉनिक फटीग सिंड्रोम के लक्षण हो सकते हैं। इंटरनेशनल क्रॉनिक फटीग सिंड्रोम अवेयरनेस डे (12 मई) के अवसर पर यहां दे रहे हैं इससे जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां।

जब महसूस हो हर समय थकान

अवेयरनेस

रजनी अरोड़ा

जतिन कुछ दिनों से महसूस कर रहा था कि रात को तकरीबन 7 घंटे की गहरी नींद सोने के बाद भी सुबह उठने में दिक्कत होती थी। जैसे-तैसे घर का काम निपटा कर ऑफिस चला तो जाता था। लेकिन काम करने का मन नहीं करता था। पूरा दिन सुस्ती, थकान बनी रहती थी। यहां तक कि आराम करने के लिए उसने ऑफिस से छुट्टियां भी लीं, पर थकान ने उसका पीछा नहीं छोड़ा। डॉक्टर को दिखाने और जरूरी टेस्ट करवाने पर पता चला कि मिडिल एज पर पहुंचे जतिन क्रॉनिक फटीग सिंड्रोम से ग्रस्त हैं। उन्हें डॉक्टर ने हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करने और मल्टीविटामिन सप्लीमेंट्स लेने की सलाह दी।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

तुला — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृश्चिक — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

मकर — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कुंभ — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

मीन — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

यूलू ने भोपाल में की एंट्री, मध्यभारत में बढ़ाया विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत की सबसे बड़ी शेयर्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल मोबिलिटी टेक्नोलॉजी कंपनी यूलू ने अपने यूलू बिजनेस पार्टनरमॉडल के तहत मध्य प्रदेश के भोपाल में अपनी फ्रेंचाइज-आधारित सेवा की शुरुआत की है। इस सेवा को तेज़ मोबिलिटी द्वारा लांच किया गया है, जिसका नेतृत्व धर्मवीर सिंह भदौरिया और सिद्धार्थ जैन कर रहे हैं। भोपाल में क्विक कॉमर्स, फूड डिलीवरी और ई-कॉमर्स के तेजी से बढ़ते विस्तार ने लास्ट-माइल मोबिलिटी की मांग को बढ़ा दिया है। यूलू के सह-संस्थापक एवं सीईओ अमित गुप्ता ने कहाकि भोपाल एक बड़ा अवसर प्रस्तुत करता है जहां डिलीवरी की मांग और गिग इकॉनमी तेजी से बढ़ रही है। यहां 45 से अधिक डार्क स्टोर्स और सक्रिय फूड डिलीवरी के साथ लगभग 8,000 डिलीवरी राइडर्स की क्षमता है।

कार्यालय नगर परिषद लखनादौन, जिला सिवनी (म.प्र.)
फोन नं. -07690-240139 ईमेल -cmolakhnadoan@mpurban.gov.in

NIT : 66/E-Tender / Lakhnadon / 2026 DATE :- 05.05.2026

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
2026_UAD_505460_1 DT. 06-05-2026	आजाद वार्ड क्र. 02 में पिंक शौचालय निर्माण कार्य	03 माह 22,98,123/-	5,000/- 23,000/-	09/06/2026

शर्त - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद लखनादौन (म.प्र.)

आवश्यकता

आवश्यकता है- भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 700 तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और रू 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं। कॉल करें - 8929449955 (रायपुर /17/मई 26)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

शब्द पहेली - 6218



बाएँ से दाएँ
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

ऊपर से नीचे
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

शब्द पहेली- 6217 का हल

सूडोकू नवताल - 6228

✱✱✱✱✱ मध्यम

9		2		4	1	7		
1						6		
5	7	3	2				4	
				9	4	8		
4		7				9		6
		5	8	3				
	3				6	5	9	1
		6						7
		9	1	8		2		4

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल - 6227 का हल

5	4	9	1	8	3	2	6	7
1	2	6	4	9	7	3	5	8
3	8	7	5	2	6	1	4	9
8	7	1	3	4	2	6	9	5
9	5	3	6	1	8	7	2	4
2	6	4	7	5	9	8	1	3
4	3	5	2	7	1	9	8	6
6	9	2	8	3	4	5	7	1
7	1	8	9	6	5	4	3	2

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
पंजाब	9	6	2	13
बेंगलुरु	9	6	3	12
हैदराबाद	10	6	4	12
राजस्थान	10	6	4	12
गुजरात	10	6	4	12
चेन्नई	10	5	5	10
दिल्ली	10	4	6	8
कोलकाता	9	3	5	7
मुंबई	10	3	7	6
लखनऊ	9	2	7	4

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



लोकेश राहुल
445 रन
दिल्ली

भुवनेश्वर कुमार
17 विकेट
बेंगलुरु

एलएसजी के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेगी आरसीबी

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

पिछले मैच में बल्लेबाजों के नहीं चल पाने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग की तालिका में शीर्ष पर जगह मनाने का मौका गंवाने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम गुरुवार को सबसे निचले पायदान पर काबिज लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बल्लेबाजी में अपनी लय फिर से हासिल करके प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को मजबूत करने की कोशिश करेगी।

आरसीबी फिलहाल अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है, लेकिन उसके चार अन्य टीमों के समान 12 अंक हैं। उसकी टीम को अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स से चार विकेट से मिली हार को भूलकर जल्द से जल्द वापसी करनी होगी।

आरसीबी के बल्लेबाज दमदार वापसी करने में सक्षम

आरसीबी के बल्लेबाज दमदार वापसी करने में सक्षम हैं। उसके बल्लेबाजों ने अब तक आक्रामक खेल दिखाया है और लखनऊ के खिलाफ भी वह इसे जारी रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने शानदार फॉर्म दिखाते हुए 379 रन बनाए हैं, वहीं देवदत्त पडिक्कल और कप्तान रजत पाटीदार ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। नियमित सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट के उंगली में चोट के कारण बाहर होने से कोहली के साथ विस्फोटक शुरुआत देने की जिम्मेदारी जैकब बेथेल पर होगी। आरसीबी की टीम को एक सप्ताह के विश्राम का मौका मिला है और उसकी टीम इस मैच में अपने प्रतिद्वंद्वी की तुलना में अधिक तरोताजा होकर उतरेगी।

एलएसजी का प्रदर्शन निराशाजनक

जहां तक एलएसजी का सवाल है तो उसका प्रदर्शन अभी तक निराशाजनक रहा है। वह पिछले छह मैचों में हार झेलने के कारण अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। इस बीच उसे कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ टाई रहे मैच में सुपर ओवर में भी हार का सामना करना पड़ा था। उसे पिछले मैच में मुंबई इंडियंस ने 6 विकेट से करारी शिकस्त दी थी।

एलएसजी का अभियान बिखरा

एलएसजी का अभियान लगातार खराब प्रदर्शन, रणनीतिक अस्थिरता और मैचों का सकारात्मक अंत नहीं कर पाने के कारण कारण बिखर गया है। मिचेल मार्श, कप्तान ऋषभ पंत, एडन मार्क्रम और निकोलस पूरन जैसे प्रमुख बल्लेबाज अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाए हैं। इसके अलावा बल्लेबाजी क्रम में बार-बार फेरबदल ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। पंत के सीमित ओवरों की क्रिकेट में प्रदर्शन को लेकर सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में एलएसजी के बल्लेबाजों के लिए अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड की अगुवाई वाले आरसीबी के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का सामना करना आसान नहीं होगा।

भुवनेश्वर और हेजलवुड की जोड़ी प्रभावी

भुवनेश्वर और हेजलवुड की जोड़ी बेहद प्रभावी साबित हुई है। उनके शानदार प्रदर्शन से आरसीबी ने 27 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स को मात्र 75 रन पर ढेर कर दिया था। तेज गेंदबाज भुवनेश्वर विकेट लेने में किसी तरह की कोताही नहीं बरत रहे हैं जबकि हेज़लवुड ने लगातार प्रभावशाली गेंदबाजी की है। क्रुणाल पंड्या ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 विकेट लिए हैं। पिछले मैच में सुयश शर्मा और रोमारियो शेफर्ड ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। एलएसजी के लिए प्रिंस यादव और मोहसिन खान ने क्रमशः 13 और 10 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया है।

खबर संक्षेप

क्वीन सिरिकिट कप में हिस्सा लेंगे 3 भारतीय खिलाड़ी

नई दिल्ली। युवा गोल्फर गुंतास कौर संधू की अगुवाई में भारत की तीन सदस्यीय टीम क्वीन सिरिकिट कप के लिए 12 से 15 मई तक इंडोनेशिया में होने वाली प्रतिष्ठित एशिया-प्रशांत एमेच्योर टीम चैंपियनशिप में भाग लेगी। इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू) ने इस टूर्नामेंट के लिए तीन सदस्यीय टीम की घोषणा की है। इस प्रतियोगिता में मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया सहित कुल 15 देश भाग लेंगे। अन्य देशों में ऑस्ट्रेलिया, चीन, चीनी ताइपे, हांगकांग, भारत, इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया, म्यांमा, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। संधू भारतीय टीम की अगुवाई करेगी। टीम की अन्य दो सदस्य हरियाणा की सीरत कांग और दिल्ली की कीया बड़ुगु हैं। संधू 2025 की लेडीज ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन हैं।

अब हर मुकाबला नॉक आउट जैसा : बदानी

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के कोच हेमांग बदानी ने चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच में मिली 8 विकेट की करारी शिकस्त के बाद कहा कि टीम को मौजूदा स्थिति से उबरने के लिए सामूहिक रूप से

बेहतर प्रदर्शन करना होगा और अब हर मुकाबला लगभग नॉकआउट जैसा हो गया है। बदानी ने कहा, 'अब मामला नॉकआउट जैसा है, चार (मैचों) में चार जीतना होगा। ड्रेसिंग रूम में सभी खिलाड़ी स्थिति से वाकिफ हैं और अब प्रदर्शन कर लक्ष्य हासिल करना ही एकमात्र विकल्प है। सामूहिक तौर बेहतर प्रदर्शन करना होगा।' उन्होंने कहा, 'हम लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। कभी गेंदबाज़ी अच्छी होती है, बल्लेबाज़ी नहीं, कभी इसका उल्टा। इस स्तर पर 60-70 प्रतिशत खिलाड़ियों का योगदान जरूरी है, जो अभी नहीं हो पा रहा।

पावर प्ले में मजबूत मानसिकता और अनुशासन जरूरीः हुसैन

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ चेन्नई सुपरकिंग्स की आठ विकेट की जीत में अहम योगदान निभाने वाले खब्बू स्पिनर अकील



हुसैन ने कहा कि टी20 प्रारुप में पावर प्ले में सफलता के लिए सिर्फ कौशल ही नहीं, बल्कि मजबूत मानसिकता और अनुशासन भी बेहद जरूरी हैं। अकील ने चेन्नई सुपरकिंग्स के इस अहम मुकाबले में 4 ओवर में सिर्फ 19 रन देकर 1 विकेट लिया। उन्होंने चार में से तीन ओवर पावर प्ले में डाले। इस दौरान 11 डॉट गेंदें डालते हुए 15 रन देकर लोकेश राहुल का अहम विकेट भी चटकाया।अकील ने कहा, पावर प्ले में गेंदबाजी के लिए आपको मानसिक रूप से मजबूत भी होना पड़ता है। इसके लिए कौशल की जरूरत होती है, खासकर उन पिचों पर जहां स्पिन को मदद नहीं मिलती। इस दौरान सिर्फ दो क्षेत्ररक्षक (30 गज के दायरे से) बाहर होते हैं, ऐसे में आप ज्यादा लालच नहीं कर सकते या हर गेंद पर विकेट ढूंढने नहीं जा सकते। विकेट के पीछे भागने से ज्यादा जरूरी है योजना पर टिके रहना।

नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में 31 मई को खिताबी मुकाबला

आईपीएल फाइनल बेंगलुरु से अहमदाबाद शिफ्ट, धर्मशाला और चंडीगढ़ में प्लेऑफ मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बेंगलुरु के बजाय अहमदाबाद लगातार दूसरे सत्र में 31 मई को इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल की मेजबानी करेगा, जबकि क्वालीफायर 1 धर्मशाला और दो अन्य प्लेऑफ मैच न्यू चंडीगढ़ में खेले जाएंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह घोषणा की।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मौजूदा चैंपियन होने के कारण परंपरा के अनुसार फाइनल बेंगलुरु में खेला जाना था। पिछले साल के अलावा अहमदाबाद ने इससे पहले 2022 और 2023 में आईपीएल फाइनल की मेजबानी की थी।

कर्नाटक क्रिकेट संघ की मांग प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर

बीसीसीआई ने कहा, 'आईपीएल फाइनल की मेजबानी के लिए मूल रूप से बेंगलुरु को चुना गया था। लेकिन स्थानीय संघ और अधिकारियों की कुछ ऐसी मांगों के कारण, जो बीसीसीआई के स्थापित दिशा-निर्देशों और प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर थीं, आयोजन स्थल को स्थानांतरित कर दिया गया है।' बोर्ड ने हालांकि कर्नाटक की राजधानी में फाइनल आयोजित करने के लिए की जा रही मांगों का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया है। बोर्ड ने यह भी कहा कि 'संचालन और लॉजिस्टिकल से जुड़े मसलों के कारण इस वर्ष प्लेऑफ चरण के मैच तीन स्थानों पर खेले जाएंगे।'

धर्मशाला में पहली बार प्लेऑफ का मैच

बीसीसीआई ने कहा, 'क्वालीफायर-1 26 मई को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें भाग लेंगी। इस मैच के विजेता को फाइनल में सीधा प्रवेश मिलेगा।।' इसमें कहा गया है, 'इसके बाद मुकाबले न्यू चंडीगढ़ के न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होंगे, जहां तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच 27 मई को एलिमिनेटर मैच खेला जाएगा। इसी स्टेडियम में 29 मई को क्वालीफायर 2 भी खेला जाएगा।' धर्मशाला में पहली बार आईपीएल प्लेऑफ का कोई मैच खेला जाएगा। एलिमिनेटर में जीत दर्ज करने वाली टीम क्वालीफायर दो में क्वालीफायर एक में हारने वाली टीम का सामना करेगी। इस मैच की विजेता टीम फाइनल में पहुंचेगी।

अधिक दर्शकों की क्षमता के कारण अहमदाबाद को प्राथमिकता

बीसीसीआई ने कहा, 'आईपीएल के मौजूदा सत्र का समापन 31 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ग्रैंड फाइनल के साथ होगा, जो दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है।' बीसीसीआई के सूत्रों ने बताया कि अहमदाबाद स्टेडियम को उसकी अधिक दर्शकों की क्षमता के कारण प्राथमिकता दी गई क्योंकि फाइनल के लिए अधिक संख्या में दर्शकों के आने की संभावना है। वहीं चिन्नास्वामी स्टेडियम की क्षमता लगभग 35,000 दर्शकों की है। पिछले साल आरसीबी के विजय समारोह के दौरान हुई भगदड़ में यहां 11 लोगों की जान चली गई थी।

फ्री टिकट पर सहमत नहीं बीसीसीआई

यह भी पता चला है कि चिन्नास्वामी स्टेडियम की अपेक्षाकृत कम क्षमता को देखते हुए बोर्ड कर्नाटक सरकार के उस फैसले से सहमत नहीं है, जिसमें राज्य के विधायकों, एमएलसी और सांसदों के लिए इस सत्र में आईपीएल के तीन-तीन मुफ्त टिकटों का कोटा निर्धारित किया गया है।

प्लेऑफ शेड्यूल

क्वालीफायर 1 : 26 मई
एचपीसीए स्टेडियम, धर्मशाला
एलिमिनेटर: 27 मई
न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़
क्वालीफायर 2: 29 मई
न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़

फाइनल
31 मई – नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद।

आईसीसी टी20 रैंकिंग

अभिषेक और ईशान का दबदबा बरकरार

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने टी20 की ताजा रैंकिंग जारी की है। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारतीय टीम के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा शीर्ष पर बने हुए हैं। बांग्लादेश के खिलाड़ियों को ताजा रैंकिंग में फायदा हुआ है। टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में अभिषेक शर्मा 9 मार्च के बाद से कोई इंटरनेशनल टी20 नहीं खेलने के बावजूद पहले स्थान पर बने हुए हैं। ईशान किशन दूसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान तीसरे स्थान पर हैं। इंग्लैंड के फिल साल्ट चौथे, श्रीलंका के पाथुम निसांका पांचवें, भारत के तिलक वर्मा छठे, भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव सातवें, इंग्लैंड के जोस बटलर आठवें, दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस नौवें और जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट दसवें स्थान पर हैं।

चैंपियंस लीग फुटबाल

आर्सेनल का 20 साल का सूखा खत्म पहुंचा चैंपियंस लीग के फाइनल में

एजेंसी ▶▶| लंदन

बुकायो साका के पहले हाफ के आखिर में किए गए गोल की मदद से आर्सेनल ने एटलेटिको मैड्रिड को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 1-0 से हराकर 20 साल में पहली बार चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। खेल के 45वें मिनट में लिएंड्रो ट्रोसार्ड के शॉट को जान ओब्लाक ने बचा लिया, जिसके बाद साका ने रिबाउंड पर गोल दागकर आर्सेनल को सेमीफाइनल में कुल मिलाकर 2-1 की बढ़त दिला दी। सेमीफाइनल का पहला चरण 1-1 से बराबर रहा था। बढ़त हासिल करने के बाद आर्सेनल की रक्षापंक्ति ने उसे बरकरार रखने में अहम भूमिका निभाई।

2006 में फाइनल में पहुंचा था आर्सेनल

यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता में आर्सेनल का यह केवल दूसरा फाइनल होगा। इससे पहले वह 2006 में फाइनल में पहुंचा था लेकिन तब बार्सिलोना से हार गया था। इस बार फाइनल में उसका सामना 30 मई को हंगरी के बुडापेस्ट में मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) या बायर्न म्यूनिख से होगा। पीएसजी ने सेमीफाइनल के पहले चरण में 5-4 से जीत हासिल की थी। आर्सेनल के लिए यह सत्र विशेष हो सकता है क्योंकि वह चैंपियंस लीग का चैंपियन बनने की बेहद करीब है। इसके अलावा वह प्रीमियर लीग में खिताब जीतने की दौड़ में सबसे आगे है।

तुमकुरु ओपन : वैदेही और जील जीतीं, आकांक्षा बाहर

एजेंसी ▶▶| शतुमकुरु

भारत की महिला एकल खिलाड़ियों के लिए बुधवार को आईटीएफ डब्ल्यू15 तुमकुरु ओपन में दूसरा दिन अच्छा रहा लेकिन आठवीं वरीय आकांक्षा दिलीप निट्टुरे को निराशानजक हार का सामना करना पड़ा। आकांक्षा को राउंड ऑफ 32 के एकतरफा मैच में एरिना आरिफुलिना ने 6-1, 6-1 से हरा दिया। तीसरी वरीय वैदेही चौधरी ने सोहा सादिक को 6-3, 6-4 से हराया जबकि चौथी वरीय जील देसाई ने दिन का सबसे शानदार प्रदर्शन करते हुए जीतेश कुमारी के खिलाफ 6-0, 6-0 की एकतरफा जीत दर्ज की। लिथुआनिया की शीर्ष वरीय जस्टिना मिकुलस्काइट और पोलैंड की दूसरी वरीय जुजाना पावलिकोवस्का ने अपने-अपने भारतीय प्रतिद्वंद्वियों को सीधे सेट में हरा दिया। छठी वरीय एकातेरिना याशिना भी आसानी से अगले दौर में पहुंच गईं। उन्होंने बेला तम्हणकर को 6-2, 6-2 से हराया। लक्ष्मीसिरी दंडू ने जबरदस्त वापसी करते हुए हमवतन भारतीय प्रत्युषा रचपुडी को 1-6, 7-5, 6-3 से शिकस्त दी। काशिश भाटिया ने वाइल्ड कार्ड धारक अमोदिनी नाइक को 6-1, 6-1 से आसानी से हरा दिया। मिश्रित युगल प्री क्वार्टर फाइनल में सोहा सादिक और मधुरिमा सावंत की जोड़ी ने पूजा इंगले और प्रत्युषा रचपुडी के खिलाफ 6-3, 6-2 से जीत दर्ज की।

शंघाई विश्व कप : पोडियम पर जगह बनाने में असफल भारतीय कंपाउंड टीम

एजेंसी ▶▶| शंघाई

पदक की प्रबल दावेदार मानी जा रही भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड टीम ने बुधवार को तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में निराशाजनक प्रदर्शन किया और महत्वपूर्ण मौकों पर लड़खड़ाने के कारण पोडियम पर जगह बनाने में असफल रहीं।

सबसे बड़ा झटका महिला टीम को लगा, जिसने पिछले महीने मैक्सिको में सत्र के पहले विश्व कप में भारत के लिए एकमात्र स्वर्ण पदक जीता था। ज्योति सुरेखा वेन्नम, प्रगति और अदिति स्वामी की तिकड़ी क्वार्टर फाइनल में तुर्की से 227-233 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। भारतीय टीम हज़ल बुरुन, डेफने चकमाक और एमिने राबिया ओगुज़ की निरंतरता का मुकाबला करने में विफल रही। ओजस देवताले, साहिल जाधव और कुशल दलाल की पुरुष टीम ने सेमीफाइनल में पहुंचकर उम्मीदें जगाईं, लेकिन अंतिम चार में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसके बाद कांस्य पदक के मैच में भारत को चीन से शूट-ऑफ में हार का सामना करना पड़ा।

व्यक्तिगत स्पर्धा में अगले दौर में बनाई जगह

व्यक्तिगत वर्ग में राहत

भारत को हालांकि व्यक्तिगत वर्ग में कुछ राहत मिली क्योंकि सभी भारतीय कंपाउंड तीरंदाज अगले दौर में पहुंच गए। पुरुष वर्ग में अभिषेक वर्मा, साहिल जाधव, कुशल दलाल और ओजस देवताले ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले राउंड में जगह बनाई। वर्मा का अगला मुकाबला जाधव से होगा।

लापरवाही बरतने पर कार्लटन क्लब पर 75 हजार ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का अर्थदंड

मैदान में हॉलैंड्स की मानसिक स्थिति अस्थिर, क्लब पर जुर्माना

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलियाई रूल्स फुटबॉल क्लब कार्लटन पर एक खिलाड़ी के मैदान पर मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या से निपटने में लापरवाही बरतने के लिए 75 हजार ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (54,000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया गया है।

एलिजा हॉलैंड्स 16 अप्रैल को कार्लटन और कोलिंगवुड के बीच ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल लीग (एएफएल) के मैच में खेले थे जबकि वह मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं थे। मैच के फुटेज से भी यह स्पष्ट हो गया था, जिस कारण प्रशंसकों और अन्य लोगों ने उनकी स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की थी। फुटेज में हॉलैंड्स भ्रमित



और अनियमित रूप से चलते हुए दिखाई दिए। यही नहीं वह वार्म-अप के दौरान भी असामान्य हरकतें कर रहे थे। वह गेंद पर सही तरह से किक भी नहीं मार पा रहे थे। उनका एक शॉट केवल कुछ मीटर तक ही गया। इस मैच के 5 दिन बाद 24 वर्षीय हॉलैंड्स को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हॉलैंड्स के पिता ने किया मदद करने का आग्रह

एलिजा हॉलैंड्स के पिता और पूर्व एएफएल खिलाड़ी बेन हॉलैंड्स ने सोशल मीडिया पर अपने बेटे की मदद करने का आग्रह किया। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि अगर उनके दोस्त मुश्किल में हैं तो उनका हालचाल पूछें।

हॉलैंड्स खेलने की स्थिति में नहीं हैः डिलन

ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल लीग के प्रमुख एंड्रयू डिलन ने कहा, 'हॉलैंड्स के चिकित्सा रिकॉर्ड के अलावा खेल के दौरान यह स्पष्ट रूप से पता चल रहा था कि वह खेलने की स्थिति में नहीं हैं और इसलिए उन्हें मैच से हटा दिया जाना चाहिए था।' डिलन ने कहा कि हॉलैंड्स को पहले ही मैच से बाहर नहीं रखने से खेल की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। उन्होंने यह भी कहा कि आरोप किसी व्यक्ति विशेष के नहीं बल्कि क्लब के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा, ' इस घटना ने हमारे खेल के लिए एक महत्वपूर्ण बात को उजागर किया है। हमारे शारीरिक चोट संबंधी नियम कड़े और अच्छी तरह से समझे जाते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भिन्न और जटिल हो सकती हैं।'

प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा 2025 का मामला, 13089 प्राथमिक शिक्षक के पदों पर हुई है भर्ती परीक्षा

अपात्रों को बोनस अंक के मामले में हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

जबलपुर। प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा - 2025 के परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी और अपात्र उम्मीदवारों को गलत तरीके से फीसदी बोनस अंक दिए जाने के आरोप पर बुधवार को मप्र हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने सभी पक्षों को सुनने के बाद मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

नरसिंहपुर निवासी सोनम अगरैया एवं अन्य दो उम्मीदवारों की ओर से दायर याचिका में कहा गया कि प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा -2025 भर्ती विज्ञापन की कंडिका 7.7 के तहत केवल उन उम्मीदवारों को 5 फीसदी बोनस अंक मिलने थे, जिनके पास भारतीय पुनर्वास परिषद से मान्यता प्राप्त विशेष शिक्षा में डिप्लोमा है । चयन सूची में लगभग 14,964 उम्मीदवारों ने खुद को इस श्रेणी में दिखाकर बोनस अंक प्राप्त कर लिए हैं ।भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई)के आंकड़ों का हवाला देते हुए कोर्ट को बताया गया कि पूरे प्रदेश में आरसीआई के पोर्टल पर केवल 2,194 कार्मिक और 3,077 पेशेवर ही पंजीकृत हैं । ऐसे में लगभग 15,000 उम्मीदवारों का विशेष शिक्षा प्रमाणपत्र धारक होना प्रथम दृष्टया फर्जी प्रतीत होता है । तर्क दिया गया कि लोक शिक्षण संचालनालय ने भी जनवरी 2026 में

विभाग को आगाह किया था कि लगभग 18,000 उम्मीदवारों ने हां का विकल्प चुना है, जो अत्यधिक प्रतीत होता है । इसके बावजूद, सुधार के लिए पोर्टल खोलने के बाद भी मंडल के द्वारा उम्मीदवारों से आरसीआई की पंजीकरण संख्या या प्रमाणपत्र नहीं मांगा गया । इसके चलते बड़ी संख्या में फर्जी बोनस वाले अभ्यर्थी मेरिट लिस्ट में आ गए। याचिका में 27 फरवरी 2026 को जारी दोषपूर्ण मेरिट लिस्ट को रद्द करने की मांग की गई । केवल वैध आरसीआई प्रमाणपत्र धारकों को ही बोनस अंक देकर नई मेरिट सूची जारी करने के निर्देश देने का आग्रह किया गया ।

हाईकोर्ट ने खारिज की सरकार की याचिका

पुनरीक्षण याचिका दायर करने में 242 दिनों की देरी अनुचित

जबलपुर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक मामले में राज्य सरकार द्वारा एकलपीठ के फैसले के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका दायर करने में 242 दिनों की भारी देरी को अनुचित करार दिया। जस्टिस आरसीएस बिसेन की एकलपीठ ने सरकार की याचिका निरस्त कर दी। कोर्ट ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश के तहत तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से सेवानिवृत्ति के बाद वसूली नहीं की जा सकती है। दरअसल, राज्य शासन ने हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी थी कि जिसमें सेवानिवृत्त कर्मी भोलानाथ विश्वकर्मा को 6 फीसदी ब्याज के साथ एक लाख 15 हजार रुपए की राशि लौटाने सरकार को कहा गया था। भोलानाथ की ओर से अधिवक्ता सचिन पांडे ने दलील दी कि सरकार ने बहुत देरी से पुनरीक्षण याचिका दायर की है। देरी के लिए ठोस और संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सरकार की देरी माफी का आवेदन और पुनरीक्षण याचिका निरस्त कर दिया।

जिले में 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए

10वीं-12वीं बोर्ड की दूसरी परीक्षा आज से

जबलपुर। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं बोर्ड की दूसरी परीक्षा आज गुरुवार 7 मई से शुरू होगी। इसके लिए जिले में 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों के लिए गोपनीय सामग्री का वितरण कर दिया गया है, जिसे फिलहाल संबंधित थानों में सुरक्षित रखा गया है और परीक्षा शुरू होने से पहले केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा।

परीक्षा के दौरान नकल रोकने के लिए फ्लाइंग स्क्वॉड की टीमें लगातार निगरानी करेंगी। इस बार परीक्षाओं के बीच कोई गैप नहीं रहेगा, केवल रविवार को अवकाश रहेगा और बाकी दिनों में नियमित परीक्षा होगी। 12वीं कक्षा की परीक्षा 7 मई को बायोटेक्नोलॉजी विषय से शुरू होकर 25 मई को राजनीति शास्त्र के पेपर के साथ समाप्त होगी।

वहीं 10वीं की परीक्षा 7 मई को हिंदी विषय से शुरू होकर 19 मई को अंग्रेजी पेपर के साथ खत्म होगी। सभी परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होंगी। द्वितीय परीक्षा में वे छात्र-छात्राएं शामिल होंगे जो मुख्य परीक्षा में फेल हो गए थे, कम अंक आए थे या किसी कारण से परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए थे। सभी परीक्षार्थियों को सुबह 8:30 बजे तक केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय के 15 मिनट बाद किसी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रायोगिक परीक्षाएं 7 मई से 25 मई के बीच संबंधित परीक्षा केंद्रों पर ही आयोजित की जाएंगी। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि सभी केंद्रों पर केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष की नियुक्ति कर दी गई है और परीक्षा की निगरानी के लिए विशेष दल भी बनाए गए हैं।

हाईकोर्ट, जिला अदालतों में नेशनल लोक अदालत नौ मई को

जबलपुर। आम नागरिकों को सस्ता, सरल और त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से शनिवार, नौ मई को जिला न्यायालय जबलपुर, तहसील न्यायालय पाटन व सिहोरा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह केवल एक न्यायिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि समाज में सौहार्द, समझौते और विश्वास को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आयोजित यह लोक अदालत, प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कृष्णमूर्ति मिश्र के नेतृत्व में संपन्न होगी। सभी न्यायाधीशगणों को प्रेरित किया गया है कि वे अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण कर, लोगों को शीघ्र न्याय दिलाने में योगदान दें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शक्ति वर्मा ने जानकारी दी कि इस लोक अदालत में आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरण, सिविल विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, भरण-पोषण, चेक बाउंस, श्रम विवाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक प्रकरण सहित अनेक मामलों का समाधान आपसी सहमति से किया जाएगा। इसके साथ ही बैंक, नगर पालिका, विद्युत विभाग व बीएसएनएल से जुड़े प्रीलिटिगेशन मामलों का भी निपटारा किया जाएगा।

मॉक ड्रिल : रेलवे में बजे खतरे के सायरन

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय जबलपुर में बुधवार 6 मई को रेल प्रशासन ने खतरे का 5 सायरन बजाया गया। सायरन की आवाज सुनते ही रेल कर्मचारियों- अधिकारियों के साथ-साथ आम लोगों में रेल दुर्घटना को लेकर आशंका गहराया और हड़कम्प मच गया। कुछ देर में खबर मिली की शहपुरा भिटौनी स्टेशन में आग लग गई। राहत और बचाव दल जब मौके पर पहुंचा तब यह खुलासा हुआ कि दरअसल यह राहत और बचाव दल की दक्षता और संजीदगी को परखने के लिए मॉकड्रिल (पूर्वाभ्यास) थी। बताया गया है कि शाम को ठीक 5.45 बजे जैसे ही रेलवे का सायरन बजना शुरू हुआ और यह रुक-रुक कर लगातार 5 बार बजता रहा। सायरन की आवाज सुनकर लोगों में हड़कम्प मच गया. वहीं एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन (एआरटी) तैयार की जाती रही। इस राहत गाड़ी में जिन-जिन कर्मचारी, अधिकारियों की ड्यूटी होती है, वे दौड़ते-भागते नजर आये। राहत बचाव दल को बताया गया कि शहपुरा भिटौनी स्टेशन के पास ट्रेन एक्सीडेंट हो गया है और आग लग गई, इसके बाद रिलीफ ट्रेन तत्काल घटना स्थल पर पहुंची। उसके बाद पता चला कि यह एक तरह की मॉक ड्रिल थी, जिसमें संबंधित अधिकारियों, फायर ब्रिगेड और राहत बचाव दल की सक्रियता को परखना था।

एक चेहरे से अलग-अलग नाम से एक्टिव हुई 101 सिम

साइबर सेल की जांच में फर्जीवाड़े का खुलासा

जबलपुर। जबलपुर साइबर सेल ने फर्जी सिम रैकेट का भंडाफोड़ किया। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी। दरअसल दूरसंचार विभाग ने वर्ष 2023 में फेशियल रिकग्निशन टूल के जरिए डेटा का विश्लेषण किया था। इस जांच के दौरान चौकाने वाला तथ्य सामने आया कि एक ही चेहरे का इस्तेमाल करके अलग-अलग नाम और पतों पर बड़ी संख्या में सिम कार्ड जारी किए गए थे।

इस मामले में एक ही महिला के चेहरे और फोटो का इस्तेमाल करके 101 सिम कार्ड निकाले जाने का मामला सामने आया है। राज्य साइबर मुख्यालय से मिली जानकारी के बाद जबलपुर साइबर सेल ने सूक्ष्म जांच पड़ताल की। प्रारंभिक जांच के दौरान यह बात सामने आई कि जिस चेहरे का इस्तेमाल किया गया वह नरसिंहपुर निवासी प्राची जैन का है। पुलिस के अनुसार प्राची जैन की फोटो का दुरुपयोग करके कुल 101 सिम कार्ड निकाले गए। इनमें से 95 सिम वोडाफोन आइडिया कंपनी के बताए जा रहे हैं।

इस तरह हुआ फर्जीवाड़े का खुलासा

सभी सिम कार्ड अलग-अलग लोगों के नाम और पते पर जारी किए गए, लेकिन फोटो सिर्फ एक ही महिला की लगाई गई। जांच के दौरान कई पॉइंट ऑफ सेल एजेंटों की भूमिका सामने आई है जिन्होंने नियमों को ताक पर रखकर सिम कार्ड को एक्टिवेट किया। इन एजेंसियों में मनोज मोबाइल से 62, शादाब मोबाइल से 10, पब्लिक सर्विस सेंटर से 9, नर्मदा मोबाइल से 6, कंप्यूटर हब से 5, अप्पू मोबाइल से 2 और शेखर मोबाइल से 1 सिम एक्टिव होने की जानकारी मिली है।

हर फोटो के 10 रुपए की दी लालच

पुलिस पूछताछ में प्राची जैन ने बताया कि आरोपी अजय पटेल ने प्रत्येक सिम पर 10 रुपये देने का लालच देकर अलग-अलग एंगल से 50 से 60 फोटो खिंचवाए थे। इसके बदले में उसे 500 से 600 रुपये दिए गए थे। पुलिस का यह मानना है कि इन फर्जी सिम काड्र्स का इस्तेमाल साइबर ठगी, फर्जी कॉलिंग और ऑनलाइन अपराधों में किया जा सकता था। पुलिस की टीम लगातार मास्टरमाइंड और इसमें शामिल अन्य एजेंटों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस ने सभी दस्तावेजों को जब्त कर लिया है।

अधिक भुगतान वसूली की प्रक्रिया भी शुरू

रादुविवि में तकनीकी कर्मचारियों के वेतन पर रोक

जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में वित्त विभाग के निर्देश के बाद तकनीकी कर्मचारियों के वेतन पर रोक लगा दी गई है। साथ ही अधिक भुगतान की वसूली की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इस फैसले से करीब 17 तकनीकी सहायक प्रभावित हुए हैं। वित्त विभाग ने विश्वविद्यालय को भेजे पत्र में तकनीकी सहायकों को शैक्षणिक संवर्ग का वेतनमान दिए जाने को गलत बताया है और अतिरिक्त भुगतान की राशि वापस लेने के निर्देश दिए हैं। विश्वविद्यालय को ये निर्देश पहले ही मिल चुके थे, लेकिन अब कुलसचिव कार्यालय ने वेतन रोकते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। तकनीकी कर्मचारियों के मामले के चलते अन्य कर्मचारियों का वेतन भी कुछ समय के लिए रुका रहा, जिसे मंगलवार को जारी किया गया।

6 करोड़ से ज्यादा की वसूली का मामला- जांच में सामने आया है कि कर्मचारियों को तय मानक से ज्यादा वेतन दिया गया, जिससे करीब 6 करोड़ रुपए (604 लाख) का अतिरिक्त भुगतान हुआ है। अब यह राशि संबंधित कर्मचारियों से वसूली जाएगी।

कर्मचारियों पर बढ़ेगा आर्थिक दबाव- कई कर्मचारियों ने इसी वेतन के आधार पर मकान खरीदे या अन्य खर्च किए हैं। ऐसे में अब वसूली होने पर उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है।

हाईकोर्ट के निर्देश के बाद भी नहीं हुई वसूली- पहले दो कर्मचारियों के खिलाफ हाईकोर्ट के निर्देश पर वसूली के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन अब तक वास्तविक वसूली नहीं हो पाई है। वित्त विभाग ने साफ कहा है कि वसूली में देरी से शासन को नुकसान हो रहा है, इसलिए तय समय सीमा में कार्रवाई पूरी करना जरूरी है।

कटनी डोलोमाइट खनन परियोजनाः एनजीटी ने पर्यावरण मंजूरी अस्वीकृति का आदेश किया निरस्त

जबलपुर। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की भोपाल पीठ ने कटनी जिले की डोलोमाइट खनन परियोजना को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। अधिकरण ने मध्य प्रदेश राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा पर्यावरण स्वीकृति (EC) देने से इनकार करने के आदेश को निरस्त कर दिया है। यह मामला एम/एस यूनिवर्सल रिसोर्सेज की ओर से दायर अपील में सामने आया था। कंपनी ने SEIAA के 25 अगस्त 2025 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें 1.777 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रस्तावित डोलोमाइट खदान को मंजूरी देने से मना किया गया था। सुनवाई के दौरान एनजीटी ने पाया कि राज्य स्तर की विशेषज्ञ समिति (SEAC) ने कई बार परियोजना को मंजूरी देने की सिफारिश की थी, लेकिन SEIAA ने बिना ठोस कारण बताए उसे खारिज कर दिया। साथ ही, परियोजना प्रस्तावक को सुनवाई का अवसर भी नहीं दिया गया, जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। अधिकरण ने कहा कि SEIAA का आदेश पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) अधिसूचना 2006 के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है। एनजीटी ने पूरे मामले को दोबारा विचार के लिए SEAC के पास भेज दिया है और निर्देश दिए हैं कि एक महीने के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इसके बाद संबंधित प्राधिकरण नियमों के अनुसार अंतिम निर्णय लेगा।

सुसाइड नोट में लिखा जिंदगी से थक गया हूं

सेवानिवृत्त सैनिक ने घर में लगाई फांसी

जबलपुर। बीएसएफ से सेवानिवृत्त सैनिक ने कटंगी थाना क्षेत्र के कूडन गांव में बुधवार की सुबह अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिंदगी के सफर से थकने और परेशान होने के बाद यह आत्मघाती कदम उठाया है। यह बात उन्होंने अपने सुसाइड नोट में लिखी है। 69 वर्षीय शिवकुमार श्रीवास्तव मूलतः भेड़ाघाट के रहने वाले है और ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मूल रूप से भेड़ाघाट के निवासी शिवकुमार बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) से सेवानिवृत्त थे और पिछले 2 साल से अपने बेटे और बहू के साथ कूडन गांव में रह रहे थे। परिजनों के अनुसार शिवकुमार ने मंगलवार रात को परिवार के साथ खाना खाया था और अपने कमरे में

चले गए थे। बुधवार की सुबह जब वे नियमित टहलने के लिए बाहर नहीं निकले तो बेटे और बहू ने दरवाजा खटखटाया। कोई आवाज न आने पर पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया तो उनका शव फंदे से लटका मिला। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

सुसाइड नोट में लिखी जिंदगी से थकने की बात

पुलिस के मुताबिक उनके जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि इस नोट में उन्होंने लिखा है कि वे अपनी जिंदगी के सफर से पूरी तरह थक और परेशान हो चुके हैं। उन्होंने अपनी मर्जी से यह कदम उठाया है और इसके लिए वे खुद जिम्मेदार हैं। लिहाजा उनकी आत्महत्या के लिए किसी को भी परेशान नहीं किया जाए।

ऑडियो से शक गहराया

सुसाइड नोट में भले ही किसी का नाम नहीं है, लेकिन उनके मोबाइल में मौजूद एक ऑडियो ने शक गहरा दिया। पुलिस के मुताबिक शिवकुमार के मोबाइल में एक ऑडियो मिला है जिसमें एक महिला उन्हें धमकाते हुए कह रही है कि कितने दिन तक फोन बंद रखोगे, इससे कही न कही उन्हें प्रताड़ित करने के संकेत मिल रहे है। पुलिस अब महिला की पहचान करने और कॉल डिटेल खंगालने में जुटी है।

रिंग रोड निर्माण में लगे श्रमिक की संदिग्ध मौत

जबलपुर। खमरिया थाना अतंर्गत ग्राम अमझर खमिरया में रिंग रोड निर्माण कार्य में रीवा से काम से आए श्रमिक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। खमरिया पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अमझर खमरिया में रिंग रोड का काम चल रहा है। यहां प्रदेश के विभिन्न हिस्सो से काम करने श्रमिक आए, उनमें से एक 20 वर्षीय सूरज सिंह राजपूत भी काम से आया था। कल रात को मैस से खाना लाकर खा रहे थे तभी सूरज सिंह अचानक उल्टी करने लगा। उसके साथ ही उसे तत्काल रांझी अस्पताल ले गए, जहां से उसे विक्टोरिया रिफर कर दिया गया। वहां से उसे मेडिकल भेज दिया गया। मेडिकल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि खाना खाते समय सूरज को उल्टी आने लगी एवं लम्बी लम्बी श्वांसे लेने लगा, कुछ बोल नहीं पा रहा था, पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होगा ।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

हाईकोर्ट ने आबकारी सहायक आयुक्त संजीव कुमार दुबे एवं जबलपुर एसपी से पूछा

किस कानूनी प्रावधान के तहत दुकान को किया सील

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने आबकारी सहायक आयुक्त संजीव कुमार दुबे एवं जबलपुर एसपी से पूछा है कि किस कानूनी प्रावधान के तहत कछपुरा ब्रिज के सामने, स्नेह नगर स्थित दुकान को सील कर दिया गया। जस्टिस दीपक खोत की सिंगल बेंच ने दोनों अधिकारियों को हलफनामे पर जवाब पेश करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि दुकान को तत्काल खोलें। मामले पर अगली सुनवाई 11 मई को होगी।

जबलपुर निवासी विवेक त्रिपाठी की ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने बताया कि एक शिकायत पर स्थानीय पुलिस की मदद से आबकारी अधिकारियों ने याचिकाकर्ता की दुकान सील कर दी।

कार्रवाई के पहले नोटिस भी नहीं दिया गया। याचिकाकर्ता ने इस संबंध में सीसीटीवी फुटेज भी पेश किए। कोर्ट ने निर्देश पर आबकारी उप-निरीक्षक रवि शंकर मरावी ने उपस्थित होकर बताया कि सहायक आयुक्त आबकारी के मौखिक आदेश पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। कोर्ट के पूछने पर शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि आबकारी अधिनियम या बीएनएसएस के अंतर्गत परिसर को सील करने का कोई प्रावधान नहीं है। बताया गया कि आबकारी अधिकारियों को सूचना मिली थी कि दुकान एक शराब लाइसेंसी को दी जा रही है, इसलिए कानून-व्यवस्था भंग होने की आशंका के कारण दुकान को सील कर दिया गया। कोर्ट ने नाराजगी उक्त अधिकारियों को शपथ पत्र पर जवाब पेश करने के निर्देश दिए।

शादी का झांसा देकर युवती का किया दैहिक शोषण

जबलपुर। हनुमानताल थाना क्षेत्र में एक युवक ने युवती को प्रेमजाल में फंसाकर उसका दैहिक शोषण किया और बाद में शादी से मुकर गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने युवती के साथ जल्द ही विवाह करने का वादा किया था। इसी वादे के झांसे में आकर युवती ने सूर्यांश पर भरोसा किया। आरोपी सूर्यांश पिछले 3-4 महीनों से लगातार युवती के साथ शारीरिक शोषण कर रहा था बाद में शादी से मुकर गया। युवती की शिकायत पर पुलिस ने जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

तापमान में गिरावट, हल्की वर्षा की संभावना

बादलों और बूंदाबांदी के बीच उमस भड़की

जबलपुर। मौसम के मिजाज तल्ख बने हुये हैं। बादलों की आमद के बीच बुधवार को पारा 37 डिग्री के पार निकल गया और दिन में भीषण गर्मी और रात को उमस भरी गर्मी का माहौल बना रहा। बुधवार की शाम आसमान बादलों ने ढंक लिया था। बादलों की वजह से गर्मी के साथ-साथ उमस भी बढ़ गई थी। मौसम विभाग का कहना है कि राजस्थान से लेकर उड़ीसा तक बनी द्रोणिका (हवा के कम दबाव की रेखा) के कारण बादल आ रहे हैं और धूल भरी आंधी चल रही है। लो प्रेशर बना है, लेकिन प्रभावी नहीं है। अगले 24 घंटे के दौरान कुछ स्थानों पर छुटपुट वर्षा हो सकती है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान से आये चक्रवात की वजह से पूर्वी और पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जिससे बूंदाबांदी की संभावना बरकरार है बादलों की वजह और हवाओं की रफ्तार कम होने से उमस भरी गर्मी बनी हुई है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 37.07 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया है, वहीं न्यूनतम तापमान 23.0 डिग्री सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया है। हवा में नमी प्रातः काल 59 प्रतिशत और सायंकाल 18 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.33 पर और सूर्यास्त शाम 6.40 मिनिट पर दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक 42.0 डिग्री तापमान खरगौन में दर्ज किया गया। उत्तर पश्चिमी हवायें 4 से 5 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 37.06और न्यूनतम तापमान 20.06 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर धूल भरी आंधी के बीच बूंदाबांदी हो सकती है।

65-70 लाख का कैश मिसमैच!

जबलपुर मेडिकल कॉलेज में फीस को लेकर अनियमितता के आरोप

जबलपुर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में फीस की राशि को लेकर गंभीर अनियमितता के आरोप लग रहे हैं। मरीजों और छात्रों से ली गई रकम में गड़बड़ी की बात सामने आ रही है। प्रारंभिक जांच में करीब 65 से 70 लाख रुपये का कैश मिसमैच बताया जा रहा है।

मेडिकल कॉलेज प्रशासन के अनुसार अस्पताल के अलग-अलग काउंटरों पर पर्ची और अन्य शुल्क के रूप में नकद वसूली की जाती थी। इस राशि को बैंक में जमा करना संबंधित कर्मचारियों की जिम्मेदारी थी, लेकिन आरोप है कि वसूली गई

रकम और बैंक में जमा राशि के बीच अंतर पाया गया है।

कॉलेज के डीन डॉ। नल अग्रवाल ने मामले को गंभीर बताया है। उन्होंने कहा कि यह अनियमितता साल 2020 से लगातार चलने की बात सामने आ रही है। संबंधित कर्मचारियों को शो-कॉज नोटिस जारी किए गए हैं और उनके जवाब प्राप्त हो चुके हैं। मामले की जांच के लिए एक स्थानीय समिति बनाई गई है, जिसकी रिपोर्ट अगले 2-3 दिनों में आने की संभावना है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। डीन ने बताया कि पुलिस को भी सूचना दे दी गई है और जांच रिपोर्ट के बाद एफआईआर दर्ज कराई जा सकती है। साथ ही संदिग्ध कर्मचारियों को उनके पदों से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस पूरे मामले ने सरकारी संस्थानों में पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

दुर्घटनाओं की आशंका को ध्यान में रखकर विद्युत विभाग ने चलाया अभियान

बिजली ट्रांसफार्मर के नीचे से हटाये गए अतिक्रमण

जबलपुर। शहर में आज विद्युत महकमे द्वारा बिजली ट्रांसफार्मर और उनके आसपास बिजली के तारों के सघन जाल के नीचे से अतिक्रमण हटाने का बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। गर्मी और बरसात के मौसम में होने वाले हादसों को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। बिजली विभाग और प्रशासन ने मिलकर अब तक 70 स्थानों पर यह कार्रवाई की है। इस दौरान अवैध कब्जे को बहुत शांतिपूर्ण ढंग से हटाया गया है और जगह को सुरक्षित

किया गया है ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता सिटी सर्किल संजय अरोरा ने बताया कि इस अभियान के तहत शहर के कई हिस्सों में कार्रवाई की गई है। 315 केवीए कटंगी रोड पर विशेष ध्यान दिया गया। अतिक्रमण हटाकर वहां तार लगाए गए हैं।रामपुर चौक पर ट्रांसफार्मर की डीपी पर अतिक्रमण किया गया था। वहां तार कटे हुए थे और इंसुलेशन भी खराब था। इसके अलावा बिरसा मुंडा चौक अधारताल में केशरी स्टोर्स के सामने ट्रांसफार्मर डीपी स्ट्रक्चर के नीचे अतिक्रमण कर लगाई गई एक चाय की दुकान को हटाया गया। इसके बाद वहां डीपी स्ट्रक्चर की फेसिंग का कार्य भी किया जा रहा है, ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। ये कार्रवाई देर शाम तक जारी रहेगी।उल्लेखनीय है कि यह पूरी पहल जबलपुर के बिजली विभाग द्वारा की गई है। इस अभियान को सफल बनाने में वरिष्ठ अधिकारियों का पूरा सहयोग और मार्गदर्शन रहा है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन व चीफ इंजीनियर ए के गिरिया के निर्देशन में इस काम को अंजाम दिया जा रहा है।

बिजली लाइन सुधारते समय हुआ हादसा

ऑउटसोर्स कर्मी गंभीर रूप से झुलस कर घायल



जबलपुर। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मंडला सर्किल के महाराजपुर डीसी में एक बड़ा हादसा हो गया। गत शाम करीब 7 बजे 11 केवी लाइन का फॉल्ट सुधारते समय आउटसोर्स कर्मी जगन्नाथ परस्ते गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया जा रहा है कि ठेका कंपनी जीडी नकरानी के माध्यम से कार्य कर रहे जगन्नाथ डीपी पर जंपर लगा रहे थे। इसी दौरान अचानक स्पार्क हुआ और उनके कपड़ों में आग लग गई। आग की चपेट में आने के बाद वे करीब 10 फीट ऊंचाई से नीचे गिर गए। मौके पर मौजूद साथियों ने तुरंत उन्हें सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत में उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। हादसे में उनका पैर, पेट और पीठ बुरी तरह झुलस गए हैं। घटना के बाद तकनीकी कर्मचारी संघ ने नाराजगी जताई है। संघ के महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि लाइन को पहले ही परमिट लेकर बंद कराया गया था, फिर भी बिजली सप्लाई चालू कैसे हो गई, इसकी जांच होनी चाहिए। संघ के अन्य पदाधिकारियों ने कंपनी प्रबंधन से मांग की है कि घायल कर्मी को तुरंत 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए, ताकि उसके इलाज में कोई परेशानी न हो।

कृषक मित्र योजना में वित्तीय अनियमितता पर संविदा सहायक अभियंता की सेवा समाप्त

हरिभूमि .जबलपुर।

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा "मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना" के क्रियान्वयन में पाई गई वित्तीय अनियमितताओं के मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए सागर स्थित उपसंभाग-II में पदस्थ संविदा सहायक अभियंता अवनीश जरोलिया की संविदा सेवा समाप्त कर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री जरोलिया को एस.टी.सी. उपसंभाग का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया था। योजना के अंतर्गत सामग्री आहरण एवं कार्यों के निष्पादन में अनियमितताओं की शिकायत प्राप्त होने पर मुख्यालय स्तर से तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी। जांच समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं उपलब्ध दस्तावेजों के परीक्षण में यह पाया गया कि कृषक मित्र योजना के तहत अनेक कार्यों के लिए बिना विधिवत कार्यादेश जारी हुए क्षेत्रीय भंडार, सागर से लगभग 73 लाख रुपये मूल्य की सामग्री का आहरण किया गया।

जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित अधिकारी द्वारा विभिन्न पदनामों का उपयोग करते हुए सामग्री आहरित की गई तथा कंपनी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं संविदा सेवा नियमों का पालन नहीं किया गया। कंपनी ने इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता एवं प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए संविदा सेवा (अनुबंध एवं सेवा की शर्तें) संशोधित नियम-2023 के अंतर्गत कार्रवाई की। कंपनी प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या शासकीय योजनाओं में लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बढ़ती मरीज संख्या के सामने व्यवस्थाएं कमजोर

बेड और स्टॉफ की कमी से जूझ रहा मेडिकल अस्पताल

जबलपुर। महाकोशल के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में एक तरफ सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत में स्टाफ और संसाधनों की कमी के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। बढ़ती मरीजों की संख्या के मुकाबले अस्पताल की व्यवस्थाएं कमजोर पड़ती नजर आ रही हैं। अस्पताल की ओपीडी में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी के चलते मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। कई मरीज घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं, जिससे समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा।

एक बेड पर दो मरीज

वार्डों की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। बेड की कमी के कारण कई बार एक ही बेड पर दो मरीजों को रखना पड़ता है, वहीं कुछ मरीजों को फर्श पर इलाज कराना पड़ता है। इससे मरीजों और परिजनों की परेशानी बढ़ रही है। अस्पताल में नए वार्ड तो बनाए गए हैं, लेकिन वहां पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था नहीं हो पाई है। कई वार्डों में जरूरत के मुकाबले कम नर्सें और कर्मचारी तैनात हैं, जिससे मरीजों की देखभाल प्रभावित हो रही है।

सफाई व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

अस्पताल की सफाई व्यवस्था को लेकर भी शिकायतें सामने आ रही हैं। वार्डों और शौचालयों में गंदगी के कारण मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इससे संक्रमण का खतरा भी बना रहता है।

जांच के लिए लंबा इंतजार

एक्स-रे, सोनोग्राफी और अन्य जरूरी जांचों के लिए मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। कई बार मशीन खराब होने या तकनीकी स्टाफ की कमी के कारण जांच कार्य प्रभावित होता है। अस्पताल में सभी जरूरी दवाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों को बाहर से दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं। इससे खासकर गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

प्रबंधन ने भेजा प्रस्ताव, सुधार का इंतजार

अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे दबाव अधिक है। स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। मंजूरी मिलने के बाद व्यवस्थाओं में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। फिलहाल स्थिति यह है कि सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं के दावों के बीच मरीजों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल बनाने कलेक्टर खुद मैदान में
नागरिकों से मांगा सकारात्मक फीडबैक

जबलपुर। शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में पहले पायदान पर पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन और नगर निगम ने अपनी सक्रियता और बढ़ा दी है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह स्वयं मैदान में उतरकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं और नागरिकों को जागरूक कर रहे हैं। स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने अपनी गाड़ियों पर स्वच्छता फीडबैक स्टीकर चिपकाकर सकारात्मक संदेश दिया। इस पहल के माध्यम से उन्होंने बताया कि शहर की स्वच्छता केवल प्रशासन नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

कलेक्टर और निगमायुक्त ने शहरवासियों से अपील की है कि वे स्वच्छता सर्वेक्षण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और सकारात्मक फीडबैक दें। उन्होंने कहा कि नागरिकों का एक-एक फीडबैक जबलपुर को राष्ट्रीय स्तर पर गौरव दिला सकता है।प्रशासन द्वारा लगातार वार्डों और मुख्य मार्गों की सफाई व्यवस्था की निगरानी की जा रही है। साथ ही नागरिकों को स्वच्छता ऐप और अन्य माध्यमों से फीडबैक देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि लक्ष्य केवल रैंकिंग सुधारना नहीं, बल्कि जबलपुर को देश का सबसे स्वच्छ और सुंदर शहर बनाना है। उन्होंने नागरिकों से डस्टबिन का उपयोग करने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। इस दौरान अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान और उपायुक्त संभव अयाची भी उपस्थित रहे।

ब्लाक कांग्रेस ने केंडल मार्च निकालकर क्रूज दुर्घटना के दिवंगतों को अर्पित की श्रद्धांजली

सिहोरा। कांग्रेस जिला ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव के मार्गदर्शन,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के तत्वाधान में अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम बरगी बांध में क्रूज हादसा के संबंध में ज्ञापन सौपा गया। जिसमें मांग की गई है की दोषी अधिकारियों एवं संबंधित जिम्मेदारों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने,मृतकों के परिजनों को एक करोड़ की सहायता राशि देने,सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले सभी दोषियों पर सख्त कार्रवाही सुनिश्चित करने,जबलपुर सीईओ को निलंबित करने के साथ डूबते हुए चार लोगों की जान बचाने वाले रमजान भाईजान को प्रोत्साहन राशि एवं सम्मान पत्र देने की मांग की गई है। सभी कांग्रेस जनों ने कैंडल मार्च निकालकर जय स्तंभ थाने के सामने दिवंगत आत्माओ की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बिहारी पटेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा राजेश चौबे सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी,प्रकाश कुररिया,लाल बहादुर पाठक,शिवकुमार गर्ग,संतोष पांडे, आलोक पांडे पार्षद रमेश पटेल, अरसद खान,मंसूर मंसूरी, राजेश पटेल,राहुल श्रीवास्तव, गणेश दाहिया, प्रभात कुररिया, प्रांजल शराफ़,डब्बू पाठक, नवनीत शुक्ला, संदीप शुक्ला, रमा चौरसिया, शंकर वंशकार,बिट्टू कुररिया, फैज आलम शाह,शेख साबिर, ओम नारायण श्रीवास्तव, पापे यादव,गिरधर सरावगी,शाजिद खान,लालजी पटेल,गुल्लू खान,स भाष ठाकुर,दिवाकर दुबे, अजीत विश्वकर्मा, दानिश कुरैशी,अयान अली, अकबर शाह, शेख महमूद भाईजान,शाकिर अली, राजेंद्र दाहिया,अंकित पटेल अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जांच के पूर्व में क्रूज को नष्ट करने का मामला
क्रूज में अनिवार्य 4 स्ट्रोक इंजन नहीं था

एनजीटी के आदेश में ऐसा इंजन होना अनिवार्य है

जबलपुर। बरगी डेम क्रूज में अनिवार्य 4 स्ट्रोक इंजन नहीं था, यदि ऐसे पावरफुल इंजन उसमें लगाये गये होते तो यह क्रूज आंधी में भी ठप नहीं पड़ता। वहीं एनजीटी के स्पष्ट आदेश हैं कि जलाशयों की नाव में 4 स्ट्रोक इंजन होना अनिवार्य है। इस आदेश से पर्दाफाश न हो इस कारण क्रूज को नष्ट कर जांच में अवरोध पैदा किया गया है। जनसंगठनों ने जांच के पूर्व में क्रूज को नष्ट करने के विरोध में प्रदर्शन किया तथा पर्यटन मंत्री धर्मेन्द्र लोधी को जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने ओए 82/2022 पैरा 131 में 12 सितंबर 2023 को स्पष्ट आदेश दिये हैं कि जलाशयों जिन्हें वेट लैंड घोषित नहीं किया गया है (जैसे कि बरगी डेम जलाशय) उनमें अनिवार्य रूप से 4 स्ट्रोक इंजन के नाव संचालित किये जा सकती हैं।

एनजीटी ने बताया कि विश्व के तीन दर्जन देशों में ऐसी ही नाव का संचालन हो रहा है। क्या एक इंजन फेल था?क्रूज में दो में से एक इंजन फेल था, इस बावत सूक्ष्म जांच होना जरूरी है। प्रदर्शन में डॉ. पी.जी. नाजपांडे, रजत भार्गव, टी.के. रायघटक, डी.के. सिंह, वेदप्रकाश अधौलिया, सुशीला कनौजिया, डी.आर. लखेरा, पी.एस. राजपूत, जी.एस. सोनकर, अर्जुन कुमार, मोहन श्रीवास्तव, एन.के. नेमा, अशोक यादव, उमा दाहिया, एच. विश्वकर्मा, ओ.पी. पाण्डे, डी.के. चौबे, विध्यकुमार बड़गैया आदि शामिल थे।

स्वच्छता के संकल्प में एकजुट हुई संस्कारधानी, जबलपुर को नंबर-1 बनाने का लिया प्रण

जबलपुर। स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को देश में शीर्ष स्थान दिलाने के उद्देश्य से अब जनभागीदारी का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित स्वच्छता संवाद कार्यक्रम में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और कॉफी हाउस एसोसिएशन के सैकड़ों पदाधिकारियों ने भाग लेकर जबलपुर को नंबर-1 बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने घोषणा की कि स्वच्छता सर्वेक्षण में सकारात्मक फीडबैक देने वाले नागरिकों के लिए शहर के अस्पताल परिसरों में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाए जाएंगे। चिकित्सकों ने स्वच्छता को स्वास्थ्य से जोड़ते हुए क्लीनिक और अस्पतालों में बेहतर कचरा प्रबंधन का आश्वासन दिया।

कॉफी हाउस एसोसिएशन सहित अन्य व्यापारिक संगठनों ने सिंगल यूज प्लास्टिक का त्याग करने और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। वहीं नगर निगम द्वारा संचालित थ्री-आर सेंटरों पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को कचरा प्रबंधन और पुनः उपयोग की जानकारी दी जा रही है।

कार्यक्रम में कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कहा कि जनभागीदारी से ही स्वच्छता अभियान जन-आंदोलन का रूप लेता है। उन्होंने नागरिकों से थ्री-आर सेंटरों का अधिक उपयोग करने और अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखने का आह्वान किया। नगर निगम की इन पहल के साथ शहर के प्रबुद्ध वर्ग, व्यापारी, चिकित्सक, शिक्षाविद और आम नागरिक एकजुट होकर स्वच्छता में जबलपुर को नंबर-1 बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

रिंग रोड निर्माण में लगे श्रमिक की संदिग्ध मौत

जबलपुर। खमरिया थाना अतंर्गत ग्राम अमझर खमिरया में रिंग रोड निर्माण कार्य में रीवा से काम से आए श्रमिक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई।खमरिया पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अमझर खमरिया में रिंग रोड का काम चल रहा है। यहां प्रदेश के विभिन्न हिस्सो से काम करने श्रमिक आए, उनमें से एक 20 वर्षीय सूरज सिंह राजपूत भी काम से आया था। कल रात को मैस से खाना लाकर खा रहे थे तभी सूरज सिंह अचानक उल्टी करने लगा। उसके साथ ही उसे तत्काल रांझी अस्पताल ले गए, जहां से उसे विक्टोरिया रिफर कर दिया गया। वहां से उसे मेडिकल भेज दिया गया। मेडिकल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि खाना खाते समय सूरज को उल्टी आने लगी एवं लम्बी लम्बी श्वांसे लेने लगा, कुछ बोल नहीं पा रहा था, पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होगा ।

मुखबिरी के शक पर युवक पर चाकू से हमला
गोहलपुर नर्मदानगर में वारदात, आरोपी फरार

जबलपुर। गोहलपुर थानातंर्गत नर्मदा नगर में ई-रिक्शा चार्जिंग पॉइंट संचालक पर चार बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। बताया गया है कि ई रिक्शा की बैटरी की चोरी की मुखबिरी के संदेह पर आरोपियों ने युवक पर उस वक्त हमला किया जब वह अपने ई-रिक्शा चार्जिंग पाइंट पर बैठा था। चाकू व डंडे के वार से युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में गोहलपुर थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार 36 वर्षीय रुपांशु कुशवाहा कल रात संस्कार परिसर स्थित अपने ई-रिक्शा चार्जिंग प्वाइंट पर बैठा था, तभी आरोपी विक्की पंडित, आकाश कोष्टा, सोम कोष्टा और एक अन्य आरोपी ने दुकान में घुसते ही रूपांशु को अभद्र गालियां देना शुरू कर दिया। बदमाशों ने आरोप लगाया कि उसने पुलिस को उनके खिलाफ ई-रिक्शा की बैटरी चोरी करने की खबर दी है और विक्की और आकाश ने चाकू से उस पर कई वार किए। वहीं दूसरी तरफ सोम और उसके साथी ने डंडे से उसकी अंधाधुंध पिटाई शुरू कर दी। आरोपियों को शक था कि रूपांशु ने ही उनके द्वारा किए गए बैटरी चोरी के मामले की जानकारी पुलिस को दी है। घायल रूपांशु को तुरंत मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत अभी स्थिर है पर उसे कई जगह गंभीर चोटें आई हैं। गोहलपुर पुलिस ने आरोपियों विक्की पंडित, आकाश कोष्टा, सोम कोष्टा और एक अज्ञात युवक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 331(7), 109(1) और 3(5) के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत

जबलपुर। गोसलपुर थाना अतंर्गत गोसलपुर-सिहोरा रोड स्टेशन के बीच मोहतरा में ट्रेन से कटने पर एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोसलपुर-सिहोरा रोड स्टेशन के बीच मोहतरा में ट्रेन से कटने पर एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। अज्ञात व्यक्ति की उम्र 40 से 45 वर्ष की बताई गई है। रेलवे पाईंटसमैन उमाकांत पांडे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

35 वर्ष पुराने ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया

जबलपुर। प्रदेश शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओ में शामिल सिंहस्थ -2028 के दौरान निर्बाध, विश्वसनीय एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत पारेषण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उज्जैन स्थित 220 केवी सबस्टेशन शंकरपुर में लगभग 35 वर्ष पुराने 220/132 केवी, 160 एमवीए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर को हटाकर समान क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया है।ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि सिंहस्थ जैसे विशाल अंतरराष्ट्रीय धार्मिक आयोजन के दौरान मजबूत और भरोसेमंद विद्युत व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुराने ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है, जिससे विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ आकस्मिक परिस्थितियों में भी विद्युत आपूर्ति बनाए रखने में मदद मिलेगी।

शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर युवक से

जबलपुर। मदनमहल थाना अतंर्गत राईट टाउन में शराब पीने से रुपए नहीं मिलने की बात पर एक बदमाश ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। मदनमहल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोमिन ईदगाह के पास गोहलपुर निवासी 36 वर्षीय मोहम्मद इरफान को वरुण उपाध्याय ने राईट टाउन स्थित शैंकी होटल बातचीत करने के लिए बुलवाया था। वह बातचीत करने रात करीब 9.30 बजे वह होटल के गेट के पास पहुंचा जहां वरुण उपाध्याय का चाचा पप्पू उपाध्याय मिला और उससे शराब पीने के लिए एक हजार रुपए की मांग करने लगा, मना करने पर गालीगलौज व मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2), 119(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

लव मैरिज करने पर लड़की पक्ष ने लड़के को चाकू मारा

जबलपुर। थाना रांझी क्षेत्र में प्रेम विवाह के विवाद को लेकर बदमाशों ने युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार दमोहनाका निवासी 23 वर्षीय मोहित चौधरी ने 18 वर्षीय राजनदंनी वंशकार से प्रेम विवाह किया है, जिसकी गुमशुदगी की शिकायत पहले से दर्ज थी। बताया गया कि थाना रांझी से कार्यवाही के बाद वह अपने परिवार के साथ ऑटो से लौट रहा था, तभी गन्ना गेट इंजीनियरिंग कॉलेज के पास राजनंदनी के पिता राकेश वंशकार, भाई हरीष वंशकार, चाचा सचिन वंशकार और रिश्तेदार राहुल वंशकार ने ऑटो रोक लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान राहुल वंशकार ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे युवक के पैर और हाथ में गंभीर चोट आई। शोर सुनकर राहगीरों ने बीच-बचाव किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 126(2), 296(बी), 109, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हज 2026 के लिए तरबियत कैंप आयोजित, 90 हजयात्रियों ने लिया प्रशिक्षण

जबलपुर। हज 2026 की तैयारियों के तहत शहर में हजयात्रियों के लिए एक विशेष तरबियत (प्रशिक्षण) कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप अलमदीना ग्रुप और हाजी मुस्ताक (छिद्दी हाजी) की जानिब से ईदगाह रानीताल में आयोजित हुआ, जिसमें जबलपुर के लगभग 90 हजयात्रियों ने हिस्सा लिया।

कैंप में हजयात्रियों को हज से जुड़े तमाम जरूरी नियमों और प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सऊदी अरब के कानून, यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां और स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देश भी समझाए गए। इस दौरान हाजियों को इहराम, तवाफ और सई जैसे हज के अहम अरकान के बारे में प्रैक्टिकल तरीके से मार्गदर्शन दिया गया। कैंप में हजयात्रियों को आवश्यक वैक्सीनेशन भी कराया गया।

इस मौके पर हाजी मोहम्मद फ़राज़, हाजी मोहम्मद जावेद अत्तारी, मौलाना जावेद अशकरी और ज़ाहिद भाई, गुलाम भाई समेत मुस्लिम समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार सभी हजयात्री 15 मई 2026 को जबलपुर से मुंबई के लिए रवाना होंगे, जहां से वे सऊदी अरब के लिए हज यात्रा पर प्रस्थान करेंगे। हाजी मोहम्मद फ़राज़ और हाजी अमर आलम हज यात्रा के दौरान हाजियों के साथ रहकर उनकी देखरेख करेंगे।आयोजकों ने सभी मुस्लिम भाइयों से अपील की है कि हज पर जाने वाले हाजियों की कामयाब और सुरक्षित यात्रा के लिए दुआ करें।

20 घंटे का सफाई महाअभियान शहर को नंबर-1 बनाने की तैयारी तेज

जबलपुर। शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में देश में अव्वल बनाने के उद्देश्य से नगर निगम ने सफाई व्यवस्था को और तेज करने का निर्णय लिया है। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों के साथ बैठक कर स्वच्छता गतिविधियों को सुपरफास्ट मोड में संचालित करने के निर्देश दिए। अब शहर में सफाई अभियान प्रातः 6 बजे से रात्रि 2 बजे तक तीन शिफ्टों में लगातार 20 घंटे चलेगा, जिससे मुख्य मार्गों, बाजारों और रिहायशी इलाकों में निरंतर सफाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक में महापौर ने स्पष्ट किया कि नगर निगम के पास संसाधनों, आधुनिक उपकरणों और धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हर वार्ड में बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें और कचरा हॉटस्पॉट्स की पहचान कर तत्काल समाधान करें। इस दौरान अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान, उपायुक्त संभव अयाची, सहायक आयुक्त अंकिता बर्मन और सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। प्रत्येक शिफ्ट की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी तैनात रहेंगे। महापौर ने कहा कि जनभागीदारी से शहर में स्वच्छता का सकारात्मक माहौल बना है और नागरिकों के सहयोग से जबलपुर को नंबर-1 बनाने का लक्ष्य जल्द ही हासिल किया जाएगा।

श्रीमती सुधा जैन- गुप्तेश्वर वार्ड निवासी श्री सुमीर चंद्र जैन की धर्मपत्नी श्रीमती सुधा जैन (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती हीरा देवी मिश्रा- त्रिमूर्ति नगर कृष्णा कॉलोनी निवासी श्री मथुरा प्रसाद मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती हीरा देवी मिश्रा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सुरजीत कौर- प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री सतवंत सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती सुरजीत कौर (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री अम्बिका प्रसाद श्रीवास्तव- जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री अम्बिका प्रसाद श्रीवास्तव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती प्रेमवती काछी- कृष्णा कॉलोनी सुहागी निवासी श्री राम जियावन काछी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमवती काछी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती उमा देवी पोरवाल- सिविल लाइन जीएस कॉलेज के सामने निवासी श्री वंशीधर पोरवाल की धर्मपत्नी श्रीमती उमा देवी पोरवाल (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री शिवदीन अहिरवार- भानतलैया चौधरी मोहल्ला निवासी श्री शिवदीन अहिरवार (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री पुरूषोत्तम सिंगरहा- गढ़ा सिंगरहाना मोहल्ला निवासी श्री पुरूषोत्तम सिंगरहा (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री अशोक कुमार सैनी- गोरैया प्लाट मदनमहल निवासी श्री अशोक कुमार सैनी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री उमाकांत दुबे- वी 1 आईडियल एस्टेट गौरीघाट रोड निवासी श्री उमाकांत दुबे (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री विनीत विनोदिया- खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री विनीत विनोदिया (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री विवेक जाटव- बिलहरी काली मंदिर के पास निवासी श्री हीरा लाल जाटव के पुत्र श्री विवेक जाटव (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री प्रदीप चौहटेल- भानतलैया चौधरी मोहल्ला निवासी श्री सतीश चौहटेल के पुत्र श्री प्रदीप चौहटेल (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री श्याम लाल- कांचघर झंडा चौक निवासी श्री श्याम लाल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री विवेक कुमार गोतेल- कजरवारा वेयर हाउस के पास झारिया मोहल्ला निवासी श्री जीवन लाल गोतेल के पुत्र श्री विवेक कुमार गोतेल (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री राजेंद्र अहिरवार- इंद्रा बस्ती एलआईसी मदनमहल निवासी श्री राजू अहिरवार के पुत्र श्री राजेंद्र अहिरवार (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री फागूराम ठाकुर- बेलखेड़ा किसानी मोहल्ला निवासी श्री फागूराम ठाकुर (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

खबर संक्षेप

अहमदाबाद संयंत्र में पूरा हुआ यूएसएफडीए का निरीक्षण

नई दिल्ली। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जायडस बायोलॉजिक्स के अहमदाबाद स्थित इंजेक्टेबल संयंत्र में निरीक्षण पूरा कर सात टिप्पणियां जारी की है। बुधवार को शेयर यूएसएफडीए ने अहमदाबाद के चांगोदर स्थित जायडस बायोटेक पार्क में इकाई-9 सुविधा केंद्र में जीएमपी निगरानी निरीक्षण किया।

रुपया 61 पैसे चढ़कर 94.57 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया बुधवार को 61 पैसे चढ़कर 94.57 प्रति डॉलर पर रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ संभावित समझौते के संकेत देने के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमत टूटकर 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचने से रुपया मजबूत हुआ है। रुपये पर पड़ रहे भारी दबाव को देखते हुए आरबीआई मुद्रा को समर्थन देने के लिए सक्रिय रूप से एक 'अप्रत्यक्ष' रणनीति भी अपना रहा है।

ट्राइमैक्स को भारत में मिले पांडा की फ्रेंचाइजी

PANDA'S FOOD TREASURE

नई दिल्ली। रेस्तरां संचालक ट्राइमैक्स फूड्स को पांडा रेस्टोरेंट ग्रुप की एक अनुषंगी कंपनी से रेस्तरां ब्रांड 'पांडा एक्सप्रेस' के भारत में 'फ्रेंचाइजी' के अधिकार मिल गए हैं। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि इस साझेदारी के तहत ट्राइमैक्स फूड्स 400 करोड़ रुपये के निवेश के साथ पांडा एक्सप्रेस के संचालन को 100 स्टोर तक विस्तारित करेगा।

रेडिको खेतान का मुनाफा दोगुना होकर 179 करोड़

Radico

नई दिल्ली। भारत में बनी विदेशी शराब की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक रेडिको खेतान लिमिटेड का बीते वित्त वर्ष मार्च में समाप्त तिमाही के दौरान एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना होकर 179.46 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह जानकारी दी है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 93.07 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

अरविंद फैशंस ने 66 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया



नई दिल्ली। कपड़े बनाने वाली कंपनी अरविंद फैशंस लिमिटेड का गत वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 66.34 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी को वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (मार्च) तिमाही में 72.49 कंपनी की परिचालन आय सालाना आधार पर 1,189.06 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,364.79 करोड़ रुपये रही।

केपीआई ग्रीन एनर्जी का लाभ बढ़कर 155 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। केपीआई ग्रीन एनर्जी का जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 49 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 155.48 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वर्ष इसी अवधि में उसका शुद्ध लाभ 104.18 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का कुल राजस्व सालाना आधार पर 577.80 करोड़ रुपये से बढ़कर 810.20 करोड़ रुपये हो गया।

किरण मजूमदार-शॉ ने भतीजी क्लेयर को उत्तराधिकारी चुना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बायोकॉन की संस्थापक एवं कार्यकारी चेयरपर्सन किरण मजूमदार-शॉ ने अपनी भतीजी क्लेयर मजूमदार को उत्तराधिकारी के रूप में चुना और भारत की प्रमुख जैव प्रौद्योगिकी कंपनी के लिए उत्तराधिकार योजना तय की है। मजूमदार-शॉ (73) की कोई संतान नहीं है। शॉ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बायोकॉन में उत्तराधिकार योजना से जुड़ी खबरों की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी भतीजी क्लेयर को उत्तराधिकारी चुना है। स्पष्ट किया कि यह बदलाव जल्द नहीं होने जा रहा है।

- क्लेयर मजूमदार किरण के भाई रवि मजूमदार की बेटी है

बायोकॉन संस्थापक की अभी पद छोड़ने की योजना नहीं

क्लेयर ने बोस्टन में बिकारा थेरेप्यूटिक्स की स्थापना की थी : क्लेयर मजूमदार ने 2018 में बोस्टन स्थित बिकारा थेरेप्यूटिक्स की स्थापना की थी जो कैंसर के उपचार पर काम करने वाली एक 'क्लीनिकल-स्टेज' कंपनी है। शॉ इसे 2024 में नैस्डैक में सूचीबद्ध कराया। रवि मजूमदार बायोकॉन में गैर-कार्यकारी निदेशक हैं। क्लेयर रिलाय थेरेप्यूटिक्स और नूरा हेल्थ के बोर्ड में भी शामिल हैं।



क्लेयर धीरे-धीरे मेरी भूमिका संभालेंगी: शॉ ने लिखा, '' अभी कुछ समय तक पद छोड़ने की योजना नहीं है। क्लेयर समय के साथ धीरे-धीरे मेरी भूमिका संभालेंगी। क्लेयर मजूमदार (37) बायोकॉन की संस्थापक किरण के भाई रवि मजूमदार की बेटी हैं।

पति का 2022 में कैंसर से हुआ था निधन

जॉन शॉ का 2022 में कैंसर के कारण निधन हो गया। जॉन बायोकॉन के उपाध्यक्ष एवं गैर-कार्यकारी निदेशक होने के साथ ही कंपनी के विदेशी प्रवर्तक भी थे। क्लेयर को उत्तराधिकारी नामित करते हुए मजूमदार-शॉ ने कहा कि बायोकॉन की एकमात्र प्रवर्तक होने के नाते उन्हें यह सुनिश्चित करना था कि कंपनी सही हाथों में जाए।

चार दशकों बाद बागडोर दूसरी महिला को : शॉ ने कहा कि क्लेयर ने यह साबित किया है कि वह एक कंपनी चला सकती हैं इसलिए उन्हें उत्तराधिकारी के रूप में चुना गया है। चार दशकों में एक महिला द्वारा खड़ी की गई बायोकॉन की बागडोर अब एक महिला से दूसरी महिला को सौंपे जाने की तैयारी है।

क्लेयर जीवविज्ञान में पीएचडी है

एमआईटी से जैविक इंजीनियरिंग में स्नातक क्लेयर के पास स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से एमबीए और कैंसर जीवविज्ञान में पीएचडी की डिग्री भी है। उनके माता-पिता अमेरिका में कंप्यूटर विज्ञान के प्रोफेसर भी हैं। उनके भाई एरिक कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में प्रोफेसर एवं कृत्रिम मेधा (एआई) विशेषज्ञ हैं।

एक गैरेज में बायोकॉन की स्थापना की थी

भारतीय जैव-प्रौद्योगिकी उद्योग का चेहरा मानी जाने वाली मजूमदार-शॉ ने 1978 में बेंगलुरु में एक गैरेज से 10,000 रुपये में बायोकॉन की स्थापना की थी और चार दशकों में इसे भारत की सबसे बड़ी जैव-प्रौद्योगिकी कंपनी बना दिया। उन्होंने 1998 में स्कॉटलैंड के जॉन शॉ से विवाह किया था।

अमेरिकी फिच समूह की कंपनी बीएमआई ने जारी की रिपोर्ट

रुपया 2026 के अंत तक करीब 95 प्रति डॉलर के आसपास रहेगा : बीएमआई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रुपया ईरान संघर्ष के दबाव के बीच 2026 के अंत तक करीब 95 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर के आसपास सीमित दायरे में बना रह सकता है। वर्तमान में रुपया करीब 95.20 प्रति डॉलर पर कारोबार कर रहा है। अमेरिकी फिच समूह की कंपनी बीएमआई ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि मुनाफे की धीमी वापसी (रिपैट्रिएशन) और केंद्रीय बैंक का मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप रुपये में गिरावट की गति को सीमित करेगा।

अमेरिका-ईरान संघर्ष ने उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव डाला है। खासकर भारत जैसे बड़े ऊर्जा आयातक देशों पर। मार्च-अप्रैल 2026 के दौरान रुपया चार प्रतिशत कमजोर हुआ और फिलहाल 95.20 प्रति डॉलर के स्तर पर है। बीएमआई के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत और महंगाई दर 3.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

रुपया सीमित दायरे में कारोबार करेगा

रुपये की कमजोरी से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप कर इसे स्थिर रखने की कोशिश की। बीएमआई ने कहा, '' आगे चलकर हमारा अनुमान है कि रुपया सीमित दायरे में रहेगा और वर्ष के अंत तक करीब 95 रुपये प्रति डॉलर पर रहेगा। यह अनुमान नकारात्मक और सकारात्मक कारकों के संतुलन को दर्शाता है।''

- अमेरिकी-ईरान संघर्ष ने उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव डाला
- भारत जैसे सबसे बड़े ऊर्जा आयातक देश पर इसका ज्याद असर
- मार्च-अप्रैल 2026 के दौरान रुपया चार प्रतिशत कमजोर हुआ

भारत का चालू खाता घाटा 0.4 प्रतिशत बढ़ा

बीएमआई का मानना है कि युद्ध के कारण भारत का चालू खाता घाटा 0.4 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी के 1.3 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। यह मुख्य रूप से ऊर्जा आयात पर भारत की निर्भरता को दर्शाता है, जो 2025-26 में कुल आयात का 22 प्रतिशत था। 2026-27 में इसके और बढ़ने के आसार हैं।

निवेश प्रवाह कमजोर रहेगा

बीएमआई ने कहा, '' ईरान युद्ध और शुल्क के कारण बढ़ी नीतिगत अनिश्चितता को देखते हुए हमारा मानना है कि शुद्ध खंड निवेश प्रवाह कमजोर रहेंगे। मार्च में देश से 13.4 अरब डॉलर की पूंजी निकासी हुई जो वैश्विक महामारी के बाद सबसे अधिक मासिक बहिर्वाह है। रुपया पिछले 12 महीने में करीब 10 प्रतिशत कमजोर हुआ है।

जोखिम से बचने की प्रवृति बढ़ रही

: इसमें कहा गया कि 2026-27 में वित्तीय खंड निवेश का बाहर जाना (आउटफ्लो) जारी रह सकता है, जिससे रुपये पर दबाव बना रहेगा क्योंकि उभरते बाजारों के प्रति जोखिम से बचने की प्रवृत्ति बढ़ रही है।

वर्ष 2022 में भी रुपए में गिरावट देखी गई थी

इससे पहले जनवरी 2022 से दिसंबर 2022 के दौरान भी ऐसी गिरावट देखी गई थी, जब ब्याज दरों के अंतर अमेरिकी डॉलर के पक्ष में बढ़ गए थे। उस समय आरबीआई ने आक्रामक हस्तक्षेप किया था जिससे विदेशी मुद्रा भंडार में 13 प्रतिशत की कमी आई थी।

आरबीआई रुपए को स्थिर रखने की कोशिश करेगा

बीएमआई ने कहा, '' हमारा मानना है कि आने वाली तिमाहियों में आरबीआई आयात के सात महीनों के बराबर अपने भंडार का उपयोग कर बाजार की भावनाओं से प्रेरित पूंजी बहिर्वाह को संतुलित करेगा और रुपये को स्थिर रखने की कोशिश करेगा।''

गेहूं, चावल गोदामों में बफर मानकों से तीन गुना अधिक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- एफसीआई गोदामों में अप्रैल में बढ़कर 604 .02 लाख टन पहुंचा
- बफर मानक 210 .40 लाख टन का लगभग तीन गुना है

सरकार के गेहूं एवं चावल का भंडार भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदामों में एक अप्रैल को बढ़कर 604.02 लाख टन पर पहुंच गया, जो निर्धारित बफर मानक 210.40 लाख टन का लगभग तीन गुना है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

आंकड़ों के मुताबिक, चावल का भंडार 386.10 लाख टन रहा, जो 135.80 लाख टन के बफर मानक से काफी अधिक है। वहीं, गेहूं का भंडार 217.92 लाख टन दर्ज किया गया, जबकि इसका बफर मानक 74.60 लाख टन है। अनाज भंडारण के बफर मानक तिमाही आधार पर संशोधित किए जाते हैं। मौजूदा मानक एक अप्रैल से लागू हैं और अगला संशोधन एक जुलाई को होगा। सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत जरूरतमंदों को अनाजों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ये भंडार बनाए रखती है। इस बीच, 2026 की रबी फसलों की खरीद प्रक्रिया जारी है। देश में 334.17 लाख हेक्टेयर में बोए गए गेहूं में से लगभग 97 प्रतिशत की कटाई हो चुकी है, जबकि दलहनों की कटाई पूरी हो गई है।

गेहूं का भाव 2530 रुपए प्रति क्विंटल रहा

एक अधिकारी ने कहा कि एक मई को समाप्त हुए सप्ताह में लगभग सभी प्रमुख फसलें एमएसपी से नीचे कारोबार कर रही थीं। गेहूं का भाव 2,530 रुपये प्रति क्विंटल रहा, जो 2,585 रुपये के एमएसपी से 2.13 प्रतिशत कम है। धान का दाम सालाना आधार पर 3.17 प्रतिशत गिरकर 2,294 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया।

अरहर, मूंग, बाजरा एमएसपी से नीचे बने हुए

मक्का का भाव 23.71 प्रतिशत गिरकर 1,831 रुपये प्रति क्विंटल रहा, जबकि इसका एमएसपी 2,400 रुपये है। इसके अलावा अरहर, मूंग, बाजरा और सूरजमुखी जैसी फसलों के थोक दाम भी एमएसपी से नीचे बने हुए हैं।

देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर पांच महीने के उच्च स्तर पर

- अप्रैल में बढ़कर 58 .8 पर पहुंच गई
- नए ऑर्डर और उत्पादन में तेज वृद्धि मुख्य वजह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर अप्रैल में बढ़कर पांच महीने के उच्च स्तर 58.8 पर पहुंच गई। नए ऑर्डर और उत्पादन में तेज वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मार्च के 57.5 से बढ़कर अप्रैल में 58.8 हो गया जो पिछले नवंबर के बाद विस्तार की सबसे मजबूत दर को दर्शाता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। यह सूचकांक एक प्रश्न पर आधारित होता है, जिसमें पूछा जाता है कि व्यापारिक गतिविधि का स्तर पिछले महीने की तुलना में कैसा है। सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों के अनुसार, प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण, ई-कॉमर्स और विशेष रूप से स्थानांतरण (रिलोकेशन) तथा लॉजिस्टिक्स सेवाओं की मजबूत मांग ने बिक्री वृद्धि को बढ़ावा दिया। एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, '' अप्रैल में भारत का सेवा पीएमआई पांच माह के उच्च स्तर 58.8 पर पहुंच गया।

कनिष्ठ व प्रशिक्षुओं की भर्ती बढ़ी

नए कारोबार की बढ़ती मात्रा के कारण अल्पकालिक कर्मचारियों और कनिष्ठ स्तर के प्रशिक्षुओं की भर्ती बढ़ी। इस बीच, एचएसबीसी इंडिया समग्र पीएमआई उत्पादन सूचकांक 57.0 से बढ़कर 58.2 हो गया जो ऐतिहासिक रूप से मजबूत विस्तार दर का संकेत देता है। हालांकि यह वृद्धि लगभग ढाई वर्ष में सबसे धीमी में से एक रही। समग्र पीएमआई सूचकांक, तुलनीय विनिर्माण एवं सेवा पीएमआई सूचकांकों का भारित औसत है।

एलएंडटी को जेएसडब्ल्यू से 15,000 करोड़ का ठेका मिला

नई दिल्ली। बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का जेएसडब्ल्यू स्टील से 10,000 से 15,000 करोड़ रुपये के बीच का ''बड़ा'' ठेका मिला है। अपनी रणनीतिक वृद्धि योजना के तहत जेएसडब्ल्यू स्टील 2031 तक अपनी कच्चे इस्पात प्रसंस्करण क्षमता को 3.5 करोड़ टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) से बढ़ाकर पांच करोड़ टन प्रति वर्ष से अधिक करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इसके अनुरूप, एलएंडटी को कर्नाटक के बल्लारी और ओडिशा के पारादीप स्थित जेएसडब्ल्यू के संयंत्रों में मुख्य रूप से ब्लास्ट फर्नेस तथा स्टील मेल्ट शॉप सहित महत्वपूर्ण प्रक्रिया सुविधाओं की इंजीनियरिंग, खरीद एवं स्थापना का काम सौंपा गया है।

इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री अप्रैल में 75% से अधिक बढ़ी

- पीवी की बिक्री अप्रैल में 23,506 इकाई हो गई : फाडा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों (पीवी) की बिक्री अप्रैल में 75.14 प्रतिशत बढ़कर 23,506 इकाई हो गई जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 13,421 इकाई थी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) ने बुधवार को यह जानकारी दी। फाडा के आंकड़ों के अनुसार, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड अप्रैल में 8,543 इकाइयों के साथ शीर्ष पर रही जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड 5,413 इकाइयों के साथ दूसरे स्थान पर रही। इसके बाद 5,006 इकाई के साथ जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया का स्थान रहा। फाडा ने कहा कि इलेक्ट्रिक दोपहिया खंड में पिछले महीने कुल बिक्री 60.73 प्रतिशत बढ़कर 1,48,740 इकाई रही जबकि पिछले वर्ष अप्रैल में यह 92,538 इकाई थी। टीवीएस मोटर कंपनी इस खंड में 37,683 इकाइयों की बिक्री के साथ शीर्ष पर रही।

अनिवासी भारतीय निवेश के लिए खाड़ी से भेज रहे पैसा

मुंबई। पश्चिम एशिया संकट के बावजूद खाड़ी देशों से भेजे जाने वाले धन में बढ़ोतरी के बीच प्रवासी भारतीय अब केवल पारिवारिक जरूरतों के लिए ही नहीं, बल्कि निवेश के इरादे से भी पैसे भेज रहे हैं। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इक्विरस वेल्थ की यह सर्वेक्षण रिपोर्ट कहती है कि विदेशी धनप्रेषण का स्वरूप अब 'जरूरत आधारित' की जगह 'रणनीति आधारित' होता जा रहा है, जिससे खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले भारतीयों के लिए भारत प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में उभर रहा है। खाड़ी क्षेत्र के 8,300 से अधिक उत्तरदाताओं पर आधारित इस सर्वेक्षण में पाया गया कि अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) द्वारा भेजी जाने वाली कुल रकम में करीब आधा हिस्सा निवेश और सेवानिवृत्ति योजना से जुड़ा है। इसमें निवेश का हिस्सा 27 प्रतिशत, सेवानिवृत्ति योजना का 22 प्रतिशत और पारिवारिक सहायता का 26 प्रतिशत रहा।

सेबी ने 'महत्वपूर्ण सूचकांक' के निर्धारण के लिए पेश की रूपरेखा

- महत्वपूर्ण सूचकांक वह होगा जिसका छह महीने का एयूएम 20,000 करोड़ से अधिक रही हो

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



बाजार नियामक सेबी ने महत्वपूर्ण सूचकांक के निर्धारण के मामले में मंगलवार को एक नई रूपरेखा पेश की। इसके तहत किसी भी सूचकांक को उस समय 'महत्वपूर्ण सूचकांक' माना जाएगा, जब उसे ट्रैक करने वाली म्यूचुअल फंड योजनाओं का दैनिक औसत संयुक्त प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) पिछले छह महीनों में लगातार 20,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा हो। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि इस कदम का उद्देश्य सूचकांक व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करना है। परिपत्र के मुताबिक, सूचकांक वर्गीकरण की यह सीमा प्रत्येक वर्ष 30 जून और 31 दिसंबर को समाप्त होने वाली छमाही आधार पर आंकी जाएगी। नियामक ने स्पष्ट किया कि एक बार किसी सूचकांक को 'महत्वपूर्ण' श्रेणी में शामिल कर दिया गया तो वह इसमें बना रहेगा, जब तक कि उसका एयूएम लगातार तीन वर्षों तक निर्धारित सीमा से नीचे नहीं चला जाता। सेबी ने कहा कि सूचीबद्ध प्रतिभूतियों पर आधारित सूचकांक को तब 'महत्वपूर्ण सूचकांक' माना जाएगा जब वह म्यूचुअल फंड योजनाओं में छह महीने की अवधि के दौरान तय एयूएम मानदंड को पूरा करता है। यह कदम सेबी (सूचकांक प्रदाता) विनियम, 2024 के लागू होने के बाद आया है।

कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों की भारत में सबसे ज्यादा नौकरी जाने का डर

कॉग्निजेंट दुनियाभर में 15,000 कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आईटी कंपनी कॉग्निजेंट कर्मचारियों की संख्या में बड़ी कमी करने के बारे में सोच रही है। इससे दुनियाभर में कंपनी के 12,000-15,000 कर्मचारियों की नौकरी जा सकती है। इसका सबसे ज्यादा असर भारत में भी कंपनी के कर्मचारियों पर पड़ेगा। कॉग्निजेंट भारत में कर्मचारियों की संख्या में बड़ी कमी कर सकती है।

कॉग्निजेंट ने 29 अप्रैल को कहा था उसे प्रोजेक्ट लीप के तहत कर्मचारियों की छंटनी पर 23 से 32 करोड़ डॉलर खर्च होने की उम्मीद है। रुपए में यह अमाउंट 2000 से 3000 करोड़ रुपए के बीच होगा। भारत में कंपनी के कर्मचारियों के लिए यह चिंता की बात है। इसकी वजह यह है कि कंपनी के सबसे ज्यादा कर्मचारी भारत में हैं।

कॉग्निजेंट प्रोजेक्ट लीप के तहत कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही

भारत में 12000-13000 कर्मचारियों की नौकरी जा सकती है

इंडिया में कॉग्निजेंट के करीब 12,000-13,000 कर्मचारियों की नौकरी जा सकती है। अमेरिका में कंपनी के कर्मचारियों की औसत सैलरी करीब 1,00,000 डॉलर सालाना है। यह इंडिया में कर्मचारियों की सैलरी का कई गुना है। अगर कंपनी छंटनी पर कर्मचारियों को 4-6 महीनों की सैलरी देती है तो इसका मतलब है कि प्रति एंप्लॉयीज खर्च करीब 50,000 डॉलर आएगा।

भारत में कॉग्निजेंट के ढाई लाख से ज्यादा कर्मचारी : दुनियाभर में कॉग्निजेंट के 3,57,000 कर्मचारी हैं। इनमें से 2,50,000 से ज्यादा कर्मचारी भारत में हैं। इंडस्ट्री के अधिकारी ने बताया कि क्लाइंट्स तेजी से ट्रेडिशनल पिरामिड-हेवी स्टाफिंग मॉडल से दूरी बना रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया, 'अब कस्टमर्स फुल पिरामिड्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहते।' उन्होंने कहा कि यह इस बात का संकेत है कि आईटी सर्विसेज की डिलीवरी के तरीके में बड़ा बदलाव आ रहा है।

एक कर्मचारी पर कंपनी को 7.5 लाख रुपए खर्च करने होंगे

कॉग्निजेंट की छंटनी पर आने वाले खर्च का अनुमान अलग-अलग देशों में कर्मचारियों की सैलरी और कंपनसेशन पर आधारित है। इंडिया में कंपनी के कर्मचारियों की एवरेज सैलरी करीब 15 लाख है। आम तौर पर नौकरी जाने पर कर्मचारी को कंपनी करीब 6 महीने की सैलरी देती है। इसका मतलब है कि प्रति कर्मचारी कंपनी को करीब 7.5 लाख रुपए खर्च करने होंगे।

कंपनी वर्कफोर्स डिजाइन में भी बदलाव की तैयारी में

कंपनी के सीईओ रवि कुमार एस ने पिछले हफ्ते तिमाही नतीजों के ऐलान के बाद मीडिया को बताया था, 'यह एक ग्लोबल प्रोग्राम है...ऑर्गेनाइजेशन के कई हिस्सों को इस प्रक्रिया से गुजरना होगा।' कंपनी के मैनेजमेंट ने वर्कफोर्स डिजाइन में भी बड़े बदलाव के संकेत दिए हैं। कुमार ने कहा था कि कंपनी ऐसे वर्क मॉडल का इस्तेमाल करना चाहती है, जिसमें डिजिटल लेबर और ह्यूमन लेबर शामिल होंगे।

श्री सीमेंट के शुद्ध लाभ में 4.3 फीसदी की गिरावट

नई दिल्ली। श्री सीमेंट लिमिटेड का एकीकृत मुनाफा वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में 4.31 प्रतिशत घटकर 531.99 करोड़ रुपये रहा। बांगुर परिवार प्रवर्तित श्री सीमेंट ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में उसे 555.98 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी का परिचालन राजस्व आलोच्य तिमाही में 7.68 प्रतिशत बढ़कर 5,642.95 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 5,240.15 करोड़ रुपये था। मार्च तिमाही में श्री सीमेंट का कुल खर्च 9.41 प्रतिशत बढ़कर 5,085.08 करोड़ रुपये रहा।

चिंतन

नई उम्मीदें लेकर आएंगी नई सरकारें

विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद चार बड़े राज्यों पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में सरकार गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। इनमें सबसे ज्यादा चर्चा बंगाल और तमिलनाडु की है। इसकी अपनी वजह है कि चर्चा क्यों है। बंगाल में जहां पहली बार भाजपा तो तमिलनाडु में पहली बार अभिनेता से नेता बने विजय थलापति की तमिलगा वेट्री कड़गम (टीवीके) सरकार बनाने को तैयार हैं। अब इन नई सरकारों से लोगों की उम्मीदें भी बड़ी हैं और सरकार पर इन उम्मीदों को पूरा करने का दबाव भी रहेगा। बंगाल की बात करें तो ममता बनर्जी सरकार ने हमेशा केंद्र सरकार के साथ टकराव किया। साथ ही उन बुराइयों और प्रवृत्तियों को भी दूर नहीं किया जो वाम सरकार के समय में प्रचलित थी। इससे लोगों में नाराजगी स्पष्ट तौर पर दिखाई दी और जनता ने दीदी को बंगाल की सत्ता से अलविदा कर दिया। अब ऐसे में लोग नई सरकार से उम्मीद कर रहे हैं कि आने वाले समय में बदलाव दिखाई देगा और केंद्र की योजनाओं का उन्हें भी लाभ मिलेगा। लोगों की सुनी जाएगी। वहीं, तमिलनाडु में भी एमके स्टालिन सरकार और केंद्र के बीच 36 का आंकड़ा रहा। वे राज्य में भाषा विवाद को बेवजह तूल देकर टकराव मौल लेते रहे। इसके कारण नई शिक्षा नीति को राज्य के स्कूलों में लागू नहीं किया जा सका और छात्र इस लाभ से वंचित रहे। अब लोगों को टीवीके से उम्मीद है कि राज्य के लोगों का कुछ भला होगा और उन्हें सभी योजनाओं के लाभ पारदर्शिता से मिलेंगे, भ्रष्टाचार खत्म होगा। वहीं, टीवीके ने भी केंद्र से सहयोग की बात कही है। इससे लगता है कि वह केंद्र सरकार के साथ मिलकर चलेंगे और राज्य के लोगों के हितों की रक्षा करेंगे। हालांकि उनके सामने विधानसभा चुनाव में किए गए लोकलुभावन वादों को पूरा करने की चुनौती रहेगी। सभी वादे लागू करने में राज्य सरकार के खजाने पर लगभग 1 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त वार्षिक बोझ पड़ सकता है। केरल में भी कुछ ऐसा ही हाल कांग्रेस का होगा। उसके सामने भी नई शिक्षा नीति को लागू करने की चुनौती होगी। हालांकि राज्य के लोग उम्मीद कर रहे हैं कि नई सरकार उन्हें सभी योजनाओं का लाभ देगी और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। जिस तरह का बदलाव इन तीन राज्यों में हुआ है, इससे नई सरकारों पर भी जन आकांक्षाओं को पूरा करने का दबाव रहेगा। इसके बावजूद केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर काम करेंगी तो निश्चय ही लोगों की आकांक्षाओं को पूरा किया जा सकेगा और बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। असम में भाजपा की वापसी हुई है। यहां भी लोगों को उम्मीद है कि जो योजनाएं और लोगों को राहत देने के उपाय किए गए थे, वे लगातार जारी रहेंगे। इसके अलावा बाढ़मुक्त असम, रोजगार, महिला एवं युवा सशक्तिकरण पर भी सरकार ध्यान देगी। पुडुचेरी में राजग का नेतृत्व करने वाली सरकार पर पर्यटन विकास, कृषि, ऋण माफी और राज्य को पूर्ण राज्य का दर्जा समेत लोगों के विकास की योजनाओं को पूरा किए जाने की उम्मीद होगी। कुल मिलाकर नई सरकारों के सामने जन अपेक्षाओं की कसौटी पर खरा उतरना सबसे बड़ी चुनौती होगी। जनता बदलाव, पारदर्शिता, विकास और केंद्र-राज्य समन्वय की उम्मीद कर रही है। यदि ये सरकारें राजनीतिक टकराव से ऊपर उठकर नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करें, तो आम लोगों के जीवन में वास्तविक सुधार संभव है। अंततः सफलता उसी सरकार की मानी जाएगी जो विश्वास, विकास और सुशासन के माध्यम से जनता की उम्मीदों को हकीकत में बदल सके।

विश्लेषण
डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

'परफॉर्मेंस की राजनीति' की जीत

चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के नतीजों में से दो नतीजे बड़े बदलाव के बारे में बताते हैं। एक नतीजा निश्चित तौर पर पश्चिम बंगाल का है, जहां भारतीय जनता पार्टी को बड़ी जीत मिली है। दूसरा बड़ा बदलाव तमिलनाडु में देखने को मिला है, जहां महज दो साल पहले गठित राजनीतिक पार्टी ने चुनावी जीत दर्ज की है और विजय हीरो के रूप में उभरे हैं। बंगाल में 1977 में कांग्रेस का दुर्ग ढहा था। वाम मोर्चे की पहली सरकार बनी थी। 2011 में 34 साल लंबी सत्ता को, 'लाल किले' को, ममता बनर्जी ने ध्वस्त किया और एक नए राजनीतिक दौर की शुरुआत हुई। ममता की 15 साल पुरानी सत्ता इस बार ढह गई और भाजपा 'परिवर्तन की प्रतीक' बनकर उभरी है।

चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के नतीजों में से दो नतीजे बड़े बदलाव के बारे में बताते हैं। एक नतीजा निश्चित तौर पर पश्चिम बंगाल का है, जहां भारतीय जनता पार्टी को बड़ी जीत मिली है। दूसरा बड़ा बदलाव तमिलनाडु में देखने को मिला है, जहां महज दो साल पहले गठित राजनीतिक पार्टी ने चुनावी जीत दर्ज की है और विजय हीरो के रूप में उभरे हैं। बंगाल में 1977 में कांग्रेस का दुर्ग ढहा था। वाम मोर्चे की पहली सरकार बनी थी। 2011 में 34 साल लंबी सत्ता को, 'लाल किले' को, ममता बनर्जी ने ध्वस्त किया और एक नए राजनीतिक दौर की शुरुआत हुई। ममता की 15 साल पुरानी सत्ता इस बार ढह गई और भाजपा 'परिवर्तन की प्रतीक' बनकर उभरी है।

भाजपा ऐसे राज्य में सत्तारूढ़ हो रही है, जहां वह श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 'जनसंघ' के दिनों से प्रयास कर रही थी। बंगाल ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटियों, गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी नीतियों तथा सूक्ष्म,माइक्रो स्तर पर काडर की रणनीति को जनादेश दे ही दिया। मतगणना के अंतिम आंकड़ों से साफ है कि पश्चिम बंगाल में जनादेश कितना ऐतिहासिक और प्रचंड है। असम में भी भाजपा की सत्ता बरकरार रही है, क्योंकि लगातार तीसरी बार उसे जनादेश हासिल हो रहा है। तमिलनाडु ने चौंकाया है। वहां सत्तारूढ़ रही द्रमुक के खिलाफ जनादेश दिया गया है और सुपरस्टार विजय की नवजात पार्टी टीवीके सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी है। दूसरे स्थान पर सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके रही। वहीं अन्नाद्रमुक-भाजपा गठबंधन तीसरे स्थान पर रहा। तमिलनाडु की राजनीति में सबसे बड़ा उलटफेर वर्तमान मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का हार जाना रहा। जाहिर है, उदयनिधि के सनातन धर्म पर दिए गए विवादित बयानों ने राजनीतिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा दिया। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल की तरह तमिलनाडु में भी विश्वविद्यालयों से जुड़े दुष्कर्म के मामलों ने सुर्खियां बटोरीं। तमिलनाडु में दो ध्रुवीय द्रविड़ राजनीति सत्ता से बाहर हुई है। छह दशक बाद राज्य में गैर द्रविड़ियन सरकार बनने जा रही है। हालांकि, अभी सत्ता में आने के लिए टीवीके को गठबंधन का सहारा लेना होगा। इस चुनावी नतीजे के साथ ही डीएमके के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है, मुख्य रूप से विजय की पार्टी टीवीके के उभार के कारण। यह स्थिति 1996 के विपरीत है, जब डीएमके को 173 सीटों के साथ भारी जीत मिली थी। डीएमके की उस जीत में रजनीकांत का समर्थन महत्वपूर्ण था, लेकिन आज परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है। चार मई का जनादेश तमिलनाडु के 39 सांसदों के लिए भी एक जनमत संग्रह जैसा है-क्या उन्होंने आठ करोड़ तमिलों के विकास के लिए पर्याप्त काम किया? केरलम में वाम मोर्चे की लगातार 10 साल की सत्ता के बाद इस बार जनता ने उसे भी बदल दिया है और कांग्रेस नेतृत्व के यूडीएफ को जनादेश दिया है। पांच राज्यों के चुनाव परिणाम वाम दलों के लिये दुःस्वप्न ही साबित हुए हैं, केरलम में उनका आखिरी गढ़ भी हाथ से निकल गया है। हालांकि, केरलम में भाजपा ने तीन व तमिलनाडु में एक सीट जीतकर हिंदी बेल्ट की पार्टी के ठप्पे से मुक्त होने का प्रयास किया है। केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी का नतीजा अपेक्षा के अनुरूप ही रहा। वहां एनडीए ने अच्छा प्रदर्शन किया और भाजपा तथा एनआर कांग्रेस के

गठबंधन को जनता का समर्थन मिला। पुडुचेरी में अमित शाह के लगातार दौरे ने भी एनडीए के पक्ष में माहौल बनाया। देश में सबसे ज्यादा चर्चा पश्चिम बंगाल के नतीजों की है। मोदी-शाह की आक्रामक रणनीति के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यकर्ता स्तर पर गहन अभियान चले। फिलहाल, गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा का शासन हो गया है। गंगा के प्रवाह के साथ बहने वाले झारखंड को छोड़ दें तो बाकी राज्य भगवामय हैं। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सफलता को 'परफॉर्मेंस की राजनीति' की जीत बताते हुए कहा कि आज बंगाल के भाग्य में एक नया और भयमुक्त अध्याय जुड़ गया है। इन विधानसभा चुनाव परिणामों का निष्कर्ष यह भी है कि अब क्षेत्रीय क्षत्रपों की मुखर आवाज कुंद हो गई है। जहां ममता,स्टालिन व विजयन सत्ता से बाहर हो गए हैं, वहीं शरद पवार, अरविंद केजरीवाल, नीतीश कुमार, नवीन पटनायक का प्रभाव भी फीका हुआ है। वर्तमान विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद देश का 72 फीसदी भूभाग व 78 फीसदी आबादी भाजपा शासित है। अनुमान है कि अब भाजपा 'एक देश, एक चुनाव' के मुद्दे पर मुखर हो सकती है। कयास बंगाल को लेकर भी हैं कि वहां आंदोलनों के अगुवा रहे सुवेंदु अधिकारी को सत्ता की बागडोर सौंपी जाएगी, या भाजपा कोई चौंकाने वाली पहल करती है। बहरहाल, पहले से ही कमजोर विपक्ष को यह परिणाम बड़ा झटका है। कांग्रेस व वाम दलों से किनारा करके चलने की ममता की महत्वाकांक्षी कोशिश का लाभ भाजपा को मिला है। हां, इतना जरूर है कि दक्षिण भारत में पकड़ बनाने के लिए भाजपा को कड़ी मेहनत करनी होगी। इस बार उसे केरल की तीन व तमिलनाडु की एक सीट पर ही संतोष करना पड़ा है। वहीं केरलम में वाम मोर्चे के अंतिम किले का ध्वस्त होना और लगातार टकराव के मूड में रहने वाले स्टालिन की विदाई उसका उत्साह बढ़ाने वाले हैं। बहरहाल, भाजपा को आने वाले समय में पंजाब में कड़ा मुकाबला करना पड़ेगा, जहां आम आदमी पार्टी व कांग्रेस अपनी जमीन मजबूत करने के प्रयासों में लगे हैं। बहरहाल, विगत में राजनीतिक हिंसा का इतिहास रखने वाले पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान उपजी कटुता को नियंत्रित करने के प्रयास बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के करने होंगे। निस्संदेह, लोकतंत्र में हिंसा की कोई भूमिका नहीं स्वीकारी जानी चाहिए। विश्वास करें कि नई सरकार द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध को संरक्षण नहीं दिया जाएगा। ममता बनर्जी के लिए यह बहुत बड़ी हार है। अगर वह चौथी बार चुनाव जीततीं, तो प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवार होतीं, लेकिन भ्रष्टाचार और आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले ने उनकी छवि कमजोर की। हिंदी भाषी न होने के कारण ममता बनर्जी के लिए आने वाले समय बेहद चुनौती भरे हैं। अपनी हार के लिए वह चुनाव आयोग और एसआइआर को जिम्मेदार ठहरा सकती हैं, पर ऐसे में, कामकाज की उनकी शैली और भ्रष्टाचार पर भी सवाल उठेंगे। यह याद रखना चाहिए कि पहले वह एनडीए में थीं और वाजपेयी सरकार में रेल मंत्री रह चुकी थीं। हालांकि यह मानना कठिन है कि वह फिर से एनडीए के साथ अपने रिश्ते सुधारेंगी। बंगाल में हार के साथ ही 2029 के लोकसभा चुनाव में उनकी लड़ाई कठिन हो गई है। ममता के लिए अपने 39 लोकसभा सांसदों पर नियंत्रण बनाए रखना भी कठिन होगा। पश्चिम बंगाल में लोकसभा की चूंकि 42 सीटें हैं, लिहाजा यह चुनाव जीतकर भाजपा ने 2029 में अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली है। चार मई के चुनाव परिणाम यह भी दर्शाते हैं कि डिजिटल क्रांति अपने चरम पर है। अब सोशल मीडिया टेलीविजन के बराबर या उससे भी अधिक प्रभावशाली हो चुका है।

(लेखक चिकित्सक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष

महेन्द्र तिवारी

गीत, ज्ञान और मानवता के कवि रवींद्रनाथ टैगोर

रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता के जोड़ासांको ठाकुरबाड़ी में हुआ था और यह तिथि भारतीय इतिहास और संस्कृति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। बंगाली परंपरा में उनकी जयंती वैशाख महीने के 25वें दिन (पचीशे बैसाख) को मनाई जाती है, जो हर वर्ष ग्रेगोरियन कैलेंडर में अलग तिथि पर आती है, परंतु 2026 में यह 7 मई को ही पड़ रही है। यह संयोग केवल तिथियों का मेल नहीं है, बल्कि यह उस सांस्कृतिक निरंतरता का प्रतीक है, जिसमें समय बदलता है पर मूल्य स्थिर रहते हैं। टैगोर का जन्म एक ऐसे परिवार में हुआ था जो साहित्य, कला और सामाजिक चेतना का केंद्र था, और यही परिवेश उनके व्यक्तित्व के निर्माण में निर्णायक सिद्ध हुआ। रवींद्रनाथ टैगोर को विश्वकवि कहा जाता है और यह उपाधि केवल सम्मान नहीं बल्कि उनकी रचनात्मकता की व्यापकता का प्रमाण है। 1913 में उन्हें उनकी काव्य रचना गीतांजलि के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार मिला, जिससे वे इस सम्मान को प्राप्त करने वाले पहले गैर यूरोपीय बने। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन की महत्वपूर्ण घटना थी, बल्कि यह भारतीय साहित्य के वैश्विक स्वीकार का भी क्षण था। गीतांजलि में निहित आध्यात्मिकता, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और मानवीय भावनाओं की गहराई ने दुनिया भर के पाठकों को प्रभावित किया। उनकी भाषा सरल होते हुए भी गहन थी और उनके विचार सीमाओं से परे जाकर मानवता की एकता की बात करते थे। टैगोर की सबसे विशिष्ट पहचान यह है कि उनकी रचनाएँ दो देशों के राष्ट्रगान बनीं। भारत का जन गण मन और बांग्लादेश का आमार सोनार बांग्ला उनकी ही काव्य प्रतिभा के उदाहरण हैं। यह तथ्य उन्हें विश्व साहित्य में एक अनूठा स्थान देता है, क्योंकि ऐसा उदाहरण अन्यत्र नहीं मिलता। उनकी रचनाओं में देशभक्ति का स्वर था, परंतु वह संकीर्ण राष्ट्रवाद से परे था। वे मानवता को किसी एक देश या सीमा में बांधकर

नहीं देखते थे, बल्कि उनकी दृष्टि वैश्विक थी। वे मानते थे कि सच्चा राष्ट्रवाद वही है जो मानवता का सम्मान करे और सभी के लिए समान अवसर और सम्मान की बात करे। संगीत के क्षेत्र में भी टैगोर का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने रवींद्र संगीत की परंपरा को विकसित किया जिसमें भारतीय शास्त्रीय संगीत और लोकधुनों का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। उनके गीतों में भावनाओं की गहराई, प्रकृति के प्रति प्रेम और जीवन के विभिन्न रंगों का चित्रण मिलता है। आज भी उनके गीत बंगाल और पूरे भारत में गाए जाते हैं और उनकी लोकप्रियता समय के साथ और बढ़ी है। उनके द्वारा रचित धुनें केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि वे आत्मा को छूने वाली अनुभूति प्रदान करती हैं। टैगोर का दृष्टिकोण केवल साहित्य और संगीत तक सीमित नहीं था, बल्कि वे एक महान शिक्षाविद और दार्शनिक भी थे। उन्होंने शांतिनिकेतन की स्थापना इस उद्देश्य से की कि शिक्षा प्रकृति के सान्निध्य में दी जाए और विद्यार्थियों को स्वतंत्र रूप से सोचने और सीखने का अवसर मिले। बाद में यही संस्थान विश्व भारती विश्वविद्यालय के रूप में विकसित हुआ, जो आज भी उनके आदर्शों का प्रतिनिधित्व करता है। उनका मानना था कि शिक्षा केवल जानकारी प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मनुष्य के भीतर की संवेदनशीलता, रचनात्मकता और नैतिकता को विकसित करने का साधन है। वे शिक्षा को जीवन से जोड़कर देखते थे और चाहते थे कि विद्यार्थी केवल किताबों तक सीमित न रहें बल्कि प्रकृति और समाज से भी सीखें। उनके विचारों में मानवतावाद की गहरी भावना थी। वे राष्ट्रवाद के अंधानुकरण के विरोधी थे और मानते थे कि यदि राष्ट्रवाद मानवता के विरुद्ध हो जाए तो वह विनाशकारी बन सकता है। उनके लेखन में यह स्पष्ट दिखाई देता है कि वे विश्व शांति, सहिष्णुता और भाईचारे के पक्षधर थे। उन्होंने अपने समय की सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वासों और असमानताओं पर भी तीखा प्रहार किया। उनके उपन्यास, कहानियां और नाटक समाज के विभिन्न पहलुओं को उजागर करते हैं और पाठकों को सोचने के लिए प्रेरित करते हैं। उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे कवि, लेखक, संगीतकार, चित्रकार और दार्शनिक सभी कुछ थे। टैगोर केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं बल्कि एक जीवित प्रेरणा हैं, जिनकी रचनाएं और विचार आज भी हमें बेहतर मनुष्य बनने की ओर प्रेरित करते हैं। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि सृजन, संवेदना और शिक्षा के माध्यम से हम दुनिया को अधिक सुंदर और मानवीय बना सकते हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

क्षमा करें और भूल जाएं



संकलित
दर्शन

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है। हमारे ध्यान-अभ्यास में जो सबसे बड़ी बाधा है, वह है ऐसा कुछ होना जो हम नहीं चाहते और जिसे हम भुला नहीं पाते।

भगवान जी आप अपना ध्यान रखना



संकलित
प्रेरणा

एक बच्चा रोज अपने दादा जी को सायंकालीन पूजा करते देखता था। बच्चा भी उनकी इस पूजा को देखकर अंदर से स्वयं इस अनुष्ठान को पूर्ण करने की इच्छा रखता था, किन्तु दादा जी की उपस्थिति उसे अवसर नही देती थी।एक दिन दादा जी को शाम को आने में विलंब हुआ, इस अवसर का लाभ लेते हुए बच्चे ने समय पर पूजा प्रारम्भ कर दी। जब दादा जी आये, तो दीवार के पीछे से बच्चे की पूजा देख रहे थे। बच्चा बहुत सारी अगरबत्ती एवं अन्य सभी सामग्री का अनुष्ठान में यथाविधि प्रयोग करता है और फिर अपनी प्रार्थना में कहता है। भगवान जी प्रणाम ! आप मेरे दादा जी को स्वस्थ रखना और दादी के घुटनो के दर्द को ठीक कर देना, क्योंकि दादा-दादी को कुछ हो गया, तो मुझे चॉकलेट कौन देगा। फिर आगे कहता है, भगवान जी मेरे सभी दोस्तों को अच्छा रखना, वरना मेरे साथ कौन खेलेगा। फिर मेरे पापा और मम्मी को ठीक रखना, घर के कुत्ते को भी ठीक रखना, क्योंकि उसे कुछ हो गया, तो घर को चोरों से कौन बचाएगा। लेकिन भगवान यदि आप बुरा न मानो तो एक बात कहू, सबका ध्यान रखना, लेकिन उससे पहले आप अपना ध्यान रखना, क्योंकि आपको कुछ हो गया, तो हम सबका क्या होगा। इस सहज प्रार्थना को सुनकर दादा की आंखों में भी आंसू आ गए, क्योंकि ऐसी प्रार्थना उन्होंने कभी नहीं की थी। हमें उन परमपिता का हमेशा आभारी होना चाहिए जिन्होनें हमें बिना माँगे सब कुछ दिया है।

अंतर्मन

आज की पाती

विकास के लिए हुआ बंपर मतदान

हाल ही में देश के पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का परिणाम इसलिए अलग सा था, क्योंकि पश्चिम बंगाल में आजादी के बाद भाजपा को पहली बार यहां विधानसभा चुनाव में प्रचंड रूप से जीत हासिल हुई। इस जीत ने एक बात तो यह भी साफ कर दी कि मतदाता अब धर्म और जाति को नहीं, बल्कि देश और प्रदेश के विकास को ध्यान में रखकर अपने कीमती मत का प्रयोग करने लगा है। पश्चिम बंगाल में इस बार मुस्लिम वोट भाजपा को कम नहीं मिले होंगे, तभी तो भाजपा को यहां इतनी बड़ी जीत हासिल हुई। बंगाल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती पर आयोजित एक कार्यक्रम में जय श्री राम के नारे लग रहे थे, लेकिन ममता बनर्जी ने उनका विरोध किया था, जबकि राम तो सभी के हैं। *– उमेश यादव, रोहतक*

ट्रेंड

एफआरपी स्वीकृत

मोदी सरकार ने गन्ना किसानों के हित में 365 रुपये प्रति क्विंटल का उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) स्वीकृत किया है। इससे 5 करोड़ से अधिक गन्ना किसानों को लाभ मिलेगा।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

जनादेश की भावना

बंगाल में लोकतंत्र को बंदूक की नोक पर रखा जा रहा है और चुनावी नतीजों को मानने से इनकार करना इस वास्तविकता को स्पष्ट कर देता है। ममता ऑफिशियल द्वारा जनादेश की भावना को स्वीकार करने से इनकार करना एक गंभीर प्रश्न उठाता है।
- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

अंत्योदय गृह योजना

जनता की सरकार ओडिशा के हर क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। अंत्योदय गृह योजना के माध्यम से, हर मजबूत घर के साथ एक सुरक्षित भविष्य का निर्माण हो रहा है। यह सिर्फ एक घर नहीं है; इसके साथ ही विश्वास, आस्था और नई उम्मीद की शुरुआत भी हो रही है।
- मोहन चरण माझी, सीएम, ओडिशा

सरकार का झूठ उजागर



राजस्थान में सत्ताधारी दल के विधायक भी अब सरकार के दावों में छिपे झूठ को उजागर कर रहे हैं। गोगुंडा से भाजपा विधायक प्रताप गमेती का कहना कि "आंगनवाड़ी के लिए तैयार पोषक तत्वों को जानवर भी नहीं खाएंगे," बेहद चिंताजनक है।
- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

करंट अफेयर

सिंगापुर में भारतीय मूल के कंपनी निदेशक पर जुर्माना



सिंगापुर की एक कंपनी के भारतीय मूल के निदेशक को यहां की एक अदालत ने अक्टूबर 2018 और फरवरी 2024 के बीच एक पोर्श सहित आयातित वाहनों के मूल्य को कम बताने से संबंधित विभिन्न अपराधों के लिए 10 लाख सिंगापुर डॉलर (785,314 अमेरिकी डॉलर) से अधिक का जुर्माना लगाया है और दो महीने की जेल की सजा सुनाई है। कार कंपनी 'कॉनकॉर्डवे' के निदेशक थियांबरावट्टा सुभाष इंद्रजीत ने सीमा शुल्क अधिनियम के तहत नौ आरोपों को स्वीकार किया, जिसमें 34 आयातित वाहनों पर 161,251 सिंगापुर डॉलर से अधिक मूल्य के शुल्क की चोरी करने का आरोप भी शामिल है। सजा सुनाते समय 10 अन्य आरोपों पर भी विचार किया गया जिनमें वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और जीएसटी बचाने के लिए धोखाधड़ी करने और झूठी जानकारियां देना शामिल हैं। सिंगापुर सीमा शुल्क और भूमि परिवहन प्राधिकरण (एलटीए) ने मंगलवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि 24 अप्रैल को उसे सजा सुनाई गई। सिंगापुर निवासी 59 वर्षीय सुभाष इंद्रजीत को सीमा शुल्क संबंधी अपराधों के संबंध में जुर्माना अदा करने के लिए 25 मई तक का समय दिया गया है। ऐसा नहीं करने पर उसे 12 महीने और दो सप्ताह की जेल की सजा भुगतनी होगी।

ऑफ बीट

कोआला की नई जीवाश्म प्रजाति का पता चला



वर्ष 2024 में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलियन म्यूजियम को मार्गरेट रिवर की मूनडाइन गुफा से अन्वेषक लिंडसे हैचर द्वारा खोजा गया कोआला की खोपड़ी का एक नमूना दिया गया। इस खोपड़ी में कुछ असामान्य था, जिसे शोधकर्ताओं ने पहचान लिया। इस कोआला की खोपड़ी पर गड्ढेनुमा निशान थे। कोआला ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर प्रमुख रूप से पाए जाते हैं, लेकिन वर्तमान में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में लगभग विलुप्त हैं। हालांकि जीवाश्म साक्ष्य बताते हैं कि कोआला कभी पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के कई हिस्सों में रहते थे, जिनमें मार्गरेट रिवर से लेकर उत्तर में यानचेप और पूर्व में मदुरा तक के क्षेत्र शामिल हैं। रॉयल सोसाइटी ओपन साइंस में आज प्रकाशित एक नए अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया कि पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के ये कोआला आधुनिक कोआला की भटकी हुई आबादी नहीं थे, बल्कि एक अलग प्रजाति थे, जिसके बारे में एक सदी से अधिक समय तक किसी को पता नहीं चला। ज्ञात कोआला से अलग पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में कोआला के जीवाश्म पहली बार 1910 में मार्गरेट रिवर के पास मैमथ गुफा में मिले थे। हालांकि लगभग एक सदी तक अधिकतर नमूने केवल अलग-अलग जबड़ों और दांतों तक सीमित रहे।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



तय समय पर रिलीज होगी प्रभास की फिल्म स्पिरिट

मुंबई। प्रभास और तृप्ति डिमरी की अदाकारी से सजी फिल्म 'स्पिरिट' के मेकर्स ने साफ किया है कि यह फिल्म तय वक्त पर 5 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में खबरें आईं कि सलमान खान अपनी अगली फिल्म साउथ के मेकर्स के साथ बना रहे हैं। इसके निर्देशक दिल राजू होंगे। खबरें यह भी थीं कि सलमान खान अपने ट्रेंड को जारी रखते हुए इस फिल्म को अगले साल ईद के मौके पर रिलीज करने का प्लान बना रहे हैं। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर क्लैश से बचने के लिए 'स्पिरिट' के मेकर्स ने इसकी रिलीज 1 दिसंबर 2027 कर दी। हालांकि, अब मेकर्स ने साफ किया है कि 'स्पिरिट' 5 मार्च को ही रिलीज होगी।

लाइफ Style

रिद्धिमा
सबसे बड़ा चैलेंज था कुछ नया शुरू करना

एजेंसी ▶▶ मुंबई

45 साल की रिद्धिमा कपूर साहनी, जो ऋषि कपूर और नीतू कपूर की बेटी हैं, अब अपनी पहली फिल्म 'दादी की शादी'से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। खास बात यह है कि कपूर फैमिली में इतनी उम्र में डेब्यू करने वाली वह सबसे बड़ी सदस्य बन गई हैं।

यह डेब्यू उनके लिए काफी इमोशनल है, क्योंकि इस फिल्म में वह पहली बार अपनी बेटी समारा के साथ स्क्रीन शेयर कर रही हैं। एक इंटरव्यू में रिद्धिमा ने बताया कि 45 साल की उम्र में पहली बार फिल्म के सेट पर कैमरे के सामने आना उनके लिए नया अनुभव था। उन्होंने अपनी बेटी समारा के छोटे से रोल के बारे में भी बात की। रिद्धिमा की शादी बिजनेसमैन भरत साहनी से हुई है और उनकी एक बेटी है। रिद्धिमा ने कहा, 'यह एहसास बहुत अलग और इमोशनल है। ऐसा लगता है जैसे जिंदगी का एक चक्र पूरा हो गया हो। मुझे पता है कि मेरे पापा हमेशा मेरे साथ हैं और हर फैसले में मुझे आशीर्वाद दे रहे हैं। यह सोच मुझे बहुत हिम्मत और सुकून देती है। सच कहूं तो इस उम्र में कुछ नया शुरू करना सबसे बड़ा चैलेंज था। एक नई शुरुआत में थोड़ा डर भी होता है, लेकिन उतनी ही एक्साइटमेंट भी होती है।'रिद्धिमा ने यह भी बताया कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्होंने पहली बार अपनी बेटी को घर पर अकेला छोड़ा था। साल 2019 में न्यूयॉर्क में ऋषि कपूर के कैंसर इलाज के बाद यह पहला मौका था जब उन्होंने ऐसा किया। इस फिल्म में एक खास पल भी देखने को मिलेगा, जहां रिद्धिमा अपनी मां नीतू कपूर और बेटी समारा के साथ 'सेंटी' गाने में नजर आएंगी।

हॉलीवुड मसाला

ब्लेक- जस्टिन के बीच सेटेलमेंट

लॉस एंजिल्स। अगस्त 2024 में हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्लेक लाइवली ने साल 2024 में रिलीज हुई फिल्म 'इट एंड्स विद अस' के को-स्टार और डायरेक्टर जस्टिन बाल्डोनी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। इसके बाद से ही यह विवाद दुनियाभर में चर्चा में रहा। हालांकि, बीते 4 मई को दोनों कलाकारों ने इस मामले पर कोर्ट के बाहर सेटलमेंट कर लिया है। बीते दिनों ब्लेक और जस्टिन के बीच चल रहे इस कानूनी विवाद में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया।

टॉम को है क्रोशिया का शौक जेंडाया के साथ करते हैं प्रैक्टिस

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड सेलेब्स जेंडाया और टॉम हॉलैंड काफी वक्त से अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। कथित तौर पर इस कपल ने शादी रचा ली है। हालांकि, दोनों की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं हुई है। शादी की अफवाहों के बीच टॉम हॉलैंड हाल ही में अपनी एक हॉबी के बारे में बात करते दिखे। दरअसल, उन्हें क्रोशिया का शौक है। उनका यह शौक अब पार्टनर जेंडाया को भी हो चला है और दोनों घर पर साथ में इसकी प्रैक्टिस करते हैं। टॉम हॉलैंड ने हाल ही में यह खुलासा किया कि वे और उनकी पार्टनर जेंडाया फुरसत के पलों में घर पर साथ में क्रोशिया करना पसंद करते हैं। टॉम हॉलैंड ने हाल ही में लॉस एंजिल्स में आयोजित 'बेरो पैडल क्लासिक' इवेंट के दौरान इस बात का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि क्रोशिया करने से उन्हें मानसिक शांति मिलती है और तनाव कम होता है।



राकेश दिखाएंगे नोरा के साथ डांस मूव्स

मुंबई। धुरंधर में अपने अभिनय से सुर्खियां बटोरने वाले अभिनेता राकेश बेदी लगातार अपने आगामी प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। धुरंधर के दोनों पार्ट्स में अपने कॉमेडी टच से लोगों का दिल जीतने वाले राकेश बअब अपने डांस मूव्स दिखाने के लिए तैयार हैं। यही नहीं, वो आइटम डांस की क्वीन कही जाने वाली नोरा फतेही के साथ एक गाने पर कदमताल करते नजर आएंगे। अभिनेता ने नोरा के साथ शूटिंग करने की जानकारी देते हुए बीटीएस झलक दिखाई है। राकेश ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है। इसमें उन्होंने बताया कि वो नोरा के साथ एक गाने की शूटिंग कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने बीटीएस झलक भी दिखाई। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम वीडियो की शुरुआत यह कहते हुए की, 'आज मैं भारत की सबसे बड़ी स्टार में से एक के साथ शूटिंग कर रहा हूं।

शाहरुख को दिया मेट गाला में डेब्यू का श्रेय

मुंबई। 78वें मेट गाला में निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने अपना डेब्यू किया। इसके साथ ही करण इस इवेंट में शामिल होने वाले पहले भारतीय फिल्ममेकर भी बन गए। मनीष मल्होत्रा के डिजाइन किए हुए आउटफिट में करण ने राजा रवि वर्मा की विरासत को दर्शाया। करण के लुक की काफी चर्चा भी रही। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय करण ने अपने दोस्त और सुपरस्टार शाहरुख खान को दिया। शाहरुख ने पिछले साल ही मेट गाला में अपना डेब्यू किया था। साथ ही करण ने शाहरुख के साथ अपनी पक्की दोस्ती पर भी बात की। इवेंट के दौरान बातचीत में करण जौहर से शाहरुख खान के साथ उनके करीबी संबंध और दोस्ती के बारे में पूछा गया। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए तो ये बहुत भावुक पल है। शाहरुख खान मेरे कॅरियर का एक अहम हिस्सा हैं।

टीवी मसाला

लॉक अप 2 में गोविंदा की पत्नी सुनीता बनीं पहली कंटेस्टेंट..!

नई दिल्ली। कंगना रनौत का होस्ट किया गया शो 'लॉक अप' अपने दूसरे सीजन के साथ लौटने के लिए तैयार है। शो के कंटेस्टेंट्स में गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा का नाम भी आ रहा है। साथ ही, होस्ट को लेकर भी कुछ बदलाव किए गए हैं। अगर इंडस्ट्री की खबरों पर यकीन करें तो एक्टर गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा रियलिटी शो में डेब्यू करने की तैयारी में हैं। सूत्रों के मुताबिक, उन्हें 'लॉक अप' के दूसरे सीजन के लिए संपर्क किया गया है और उन्हें फाइनल भी कर लिया गया है। यह शो इस बार नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने की उम्मीद है। आगामी सीजन की शूटिंग जल्द ही शुरू होने की संभावना है, जो सुनीता का रियलिटी टेलीविजन में एक कंटेस्टेंट के तौर पर पहला अनुभव होगा। खबरों की मानें तो उन्होंने शो के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। हालांकि, सुनीता से इस बारे में कोई बयान नहीं दिया है। जो लोग इस शो से परिचित नहीं हैं, उनके लिए बता दें कि 'लॉक अप' एकता कपूर का बनाया गया एक हाई-ड्रामा रियलिटी शो है, जिसमें विवादित कंटेस्टेंट्स को एक साथ जेल में बंद कर दिया जाता है और उनसे निजी राज उजागर करने, टास्क पूरे करने और एलिमिनेशन से बचने के लिए कहा जाता है। कंगना रनौत के होस्ट किए गए पहले सीजन में मुनव्वर फारूकी विनर बने थे और यह एकता के अब बंद हो चुके स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म **ALTBalaji** पर प्रसारित हुआ था।

तान्या ने शुरू की सीरियल की शूटिंग

नई दिल्ली। 'बिग बॉस 19' फेम तान्या मित्तल इन दिनों खूब चर्चा में हैं। सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' में हिस्सा लेने के दौरान, एकता कपूर ने उन्हें अपने आगामी टीवी शो में एक रोल ऑफर किया था। शो खत्म होने के बाद, तान्या मुंबई में एकता के घर गईं और उन्होंने पुष्टि की कि वे जल्द ही साथ मिलकर काम करेंगी। अब, उनके फैंस की खुशी के लिए, तान्या ने आखिरकार बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ अपने पहले शो की शूटिंग शुरू कर दी है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर वैनिटी वैन से एक वीडियो शेयर करते हुए अपडेट दिया है। तान्या मित्तल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पर वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने शो की शूटिंग शुरू होने पर अपने फैंस के साथ वैनिटी वैन से मैसेज दिया। उन्होंने कहा, 'आखिरकार, बालाजी और हूनर के साथ मेरे पहले शो की शूटिंग शुरू हो गई है।



इम्तियाज की फिल्म से टकराएगी कंगना अभिनीत भारत भाग्य विधाता

मुंबई। कंगना रनौत बीते कुछ दिनों से फिल्मों से ज्यादा राजनीति में सक्रिय हैं। लेकिन, अब उनके फैंस का इंतजार खत्म हो गया है, क्योंकि उनकी आने वाली फिल्म की अनाउंसमेंट हो गई है। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। कंगना रनौत की आने वाली फिल्म का नाम 'भारत भाग्य विधाता'है। मेकर्स ने इसका पोस्टर जारी कर रिलीज डेट का खुलासा किया है। भारत भाग्य विधाता 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बॉक्स ऑफिस पर इसका मुकाबला इम्तियाज अली की आगामी फिल्म 'मैं वापस आऊंगा'से होगा। इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित 'मैं वापस आऊंगा'एक लव स्टोरी है। 'मैं वापस आऊंगा'भी 12 जून को रिलीज होगी, जिसमें दिलजीत दोसांझ, शरवरी वाघ और वेदांग रैना प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।



भारत भाग्य विधाता के मेकर्स ने पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- 'एक साधारण लोगों की असाधारण कहानी! वो रात, जब इंसानियत डर से भी बड़ी बनकर सामने आई। जब जिम्मेदारी ने बलिदान का रूप लिया, जब एकता ने कर्तव्य निभाया और जब हिम्मत ने कई जिंदगियां बचाईं। भारत के असली हीरोज की अनकही कहानी। फिल्म में भारत के उन हीरोज की कहानी बताएगी, जो अनसुनी है। फिल्म में कंगना रनौत लीड रोल में नजर आएंगी। इसे मणिकर्णिका फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है। इसके लेखक और निर्देशक मनोज तापड़िया हैं।

अमिताभ की ये पांच कॉमेडी फिल्में हैं मस्ट वॉच

नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन को 'एंग्री यंग मैन' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने अपने कॅरियर में कई ऐसी फिल्में कीं जहां वो गंभीर किरदार निभाते नजर आए। अपने गंभीर किरदारों में अमिताभ बच्चन को खूब पसंद किया गया। पर 'एंग्री यंग मैन' ने अपने करियर में कुछ कॉमेडी रोल्स भी निभाए जिन्हें दर्शकों ने उतना ही प्यार दिया। आज हम आपको अमिताभ बच्चन की 5 बेस्ट कॉमेडी फिल्मों के नाम बता रहे हैं। अगर आपने ये फिल्में नहीं देखी हैं तो आपको जरूर देखनी चाहिए।

चुपके चुपके : लिस्ट में सबसे पहले अमिताभ बच्चन की फिल्म चुपके चुपके का नाम है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र और शर्मिला टैगोर नजर आई थीं। इस फिल्म को हृषिकेश मुखर्जी ने डायरेक्ट किया है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.3 है। अगर आप ये फिल्म देखना चाहते हैं तो जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। चुपके चुपके एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है।

सत्ते पर सत्ता : लिस्ट में दूसरा नंबर अमिताभ बच्चन की साल 1982 में रिलीज हुई फिल्म सत्ते पर सत्ता का है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन के साथ हेमा मालिनी नजर आई थीं। इस फिल्म में अमजद खान भी नजर आए थे। सत्ते पर सत्ता एक एक्शन कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.2 है। फिल्म को आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। सत्ते पर सत्ता को राज एन सिप्पी ने डायरेक्ट किया था।



नमक हलाल : लिस्ट में तीसरे नंबर पर साल 1982 में रिलीज हुई फिल्म नमक हलाल है। फिल्म में अमिताभ बच्चन के साथ शशि कपूर, वहीदा रहमान और स्मिता पाटिल जैसे कलाकार नजर आए थे। फिल्म एक एक्शन कॉमेडी ड्रामा है। इस फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.2 है। फिल्म को आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। फिल्म को प्रकाश मेहरा ने डायरेक्ट किया है।

हेरा फेरी : लिस्ट में चौथे नंबर पर अमिताभ बच्चन और विनोद खन्ना की हेरा फेरी है। फिल्म को प्रकाश मेहरा ने डायरेक्ट किया था। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 6.6 है। यह एक एक्शन कॉमेडी फिल्म है। फिल्म साल 1976 में रिलीज हुई थी। फिल्म को आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

बड़े मियां छोटे मियां : लिस्ट में पांचवे नंबर पर 1998 में आई फिल्म बड़े मियां छोटे मियां है। फिल्म में अमिताभ बच्चन के साथ गोविंदा नजर आए थे। अमिताभ और गोविंदा, दोनों का इस फिल्म में डबल रोल था। फिल्म को डेविड धवन ने डायरेक्ट किया है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 5.9 है। इस फिल्म को आप यूट्यूब पर फ्री में देख सकते हैं।

मेट गाला 2026 में इस बार सेलेब्स के आउटफिट्स में 'कला' की देखने को मिली झलक

हेइडी क्लम से लेकर जेना ओर्टेगा तक, बॉलीवुड से प्रेरित रहा इन सेलेब्स का लुक

मुंबई। मेट गाला 2026 में इस बार सेलेब्स के आउटफिट्स में 'कला' की झलक देखने को मिली। मगर कई रेड कारपेट अपीयरेंस ऐसे भी थे जिनकी तुलना फैंस ने बॉलीवुड एक्टर्स के लुक से कर दी। हेइडी क्लम के लुक से लेकर कैटी पेरी के मास्क तक इवेंट में भारतीय फैंस को सब कुछ बॉलीवुड से इंस्पायर्ड लगा। कुछ यूजर्स ने इसके शानदार कनेक्शन भी निकाले।

हेइडी और ऋतिक

हेइडी क्लम, मेट गाला इवेंट में लाइव स्टैच्यू बनकर पहुंचीं। संगमरमर की मूर्ति जैसा उनक यह लुक देखकर फैंस को ऋतिक रौशन की याद आ गई। फिल्म 'धूम 2' के एक सीन में ऋतिक ने म्यूजियम से हीरा चुराने के लिए खुद को इसी तरह मूर्ति के रूप में ढाला था।

कैटी और राज

कैटी पेरी के मास्क वाले लुक की मेट गाला 2026 में खूब चर्चा रही। स्टेला मैककार्टनी के डिजाइन किए हुए गाउन और फेंसिंग से प्रेरित मास्क में पहुंचीं कैटी का यह लुक इवेंट में चर्चा का विषय रहा। फैंस ने इसकी तुलना शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्र के स्टाइलिश मास्क लुक से की।

जॉर्डन और विक्रम बेताल

निर्माता जॉर्डन रोथ ने मेट गाला 2026 के लिए मानव आकृति से जुड़ा डिजाइन चुना। उन्होंने एक मूर्तिकलानुमा ड्रेस पहनी जिसमें उन्होंने अपनी पीठ पर एक और शख्स को लदा दिखाया। फैंस ने उनका यह लुक अरुण गोविल के शो 'विक्रम बेताल' से इंस्पायर्ड बताया।

कॉनर और रणवीर

कॉनर स्टोरी ने एंथनी वैकारेलो द्वारा डिजाइन किए गए सेंट लॉरेंट आउटफिट को मेट गाला के रेड कार्पेट के लिए फाइनल किया। टोरी ने अपने लुक में ब्लैक सूट के साथ एक लहराता हुआ पोल्का-डॉट स्कार्फ पेयर किया। उनके इस लुक की तुलना रणवीर सिंह के एक पुराने लुक से की गई। इसमें रणवीर भी पोल्का डॉट प्रिंट शर्ट में नजर आए।

हैली और दीपिका

जस्टिन बीबर की पत्नी हैली बीबर ने भी मेट गाला में शिरकत की। उन्होंने गोल्डन टॉप के साथ नेवी ब्लू स्कर्ट मैच की और साथ ही नेवी ब्लू स्कैंडिनेवियाई स्कार्फ कैरी किया। उनके इस अंदाज की तुलना फैंस ने दीपिका पादुकोण से की। इस लुक को देखकर फैंस को दीपिका की फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' के 'बदतमीज दिल' से उनका लुक याद आ गया।

कलेक्टर का सघन दौरा

खरीदी केंद्र से लेकर उद्योग और राजस्व कार्यालयों का किया निरीक्षण

जबलपुर। जिले में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने शहपुरा-चरगवां क्षेत्र का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गेहूं खरीदी केंद्रों, औद्योगिक क्षेत्र, निर्माणाधीन स्कूल और उप तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने चरगवां क्षेत्र के एमएस वेयरहाउस सेमरा और सांवरिया जी एग्रो वेयरहाउस स्थित गेहूं खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने गेहूं की गुणवत्ता जांचने की प्रक्रिया, मॉइश्चर माप और तौल कांटों का भौतिक सत्यापन कराया।

उन्होंने बारदाने की उपलब्धता, भंडारण व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों की स्थिति भी देखी। किसानों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए।

सेमरा केंद्र पर सर्वेयर का काम संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उसे हटाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि

खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए, लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई होगी।

औद्योगिक क्षेत्र और सांदीपनि विद्यालय का किया निरीक्षण

दौरे के दौरान कलेक्टर उमरिया-डुंगरिया औद्योगिक क्षेत्र पहुंचे और वहां संचालित जावी मेडिकेयर इंडस्ट्रीज का निरीक्षण किया। उन्होंने उत्पादन प्रक्रिया, मैनपावर, क्षमता और उत्पादों की बिक्री व निर्यात की जानकारी ली।इसके बाद उन्होंने चरगवां में निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण कर निर्माण गुणवत्ता की जांच की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि काम समय सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।

राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश

कलेक्टर ने उप तहसील कार्यालय चरगवां का भी औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने सीमांकन, नामांकन, बंटवारा सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की।उन्होंने अधिकारियों से लंबित मामलों के कारण पूछे और निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए। खासतौर पर सीमांकन मामलों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों को सख्त संदेश

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने साफ कहा कि किसी भी शासकीय कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चाहे वह खरीदी केंद्र हो, निर्माण कार्य या राजस्व मामले हर जगह पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना जरूरी है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर निगमायुक्त ने आगा चौक गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का किया औचक निरीक्षण

जबलपुर। स्वच्छ सर्वेक्षण के मानकों पर शहर को अव्वल बनाने के संकल्प के साथ निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार द्वारा निरंतर मैदानी निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज निगमायुक्त श्री अहिरवार ने आग चौक स्थित गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पहुंचकर स्वच्छता व्यवस्थाओं एवं कचरा प्रबंधन की तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया।

सफाई मित्रों से संवाद और उत्साहवर्धन

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त श्री अहिरवार ने वहां तैनात समस्त फील्ड कर्मचारियों और सफाई मित्रों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं को सुना और बेहतर कार्य निष्पादन के लिए उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और हमारे फील्ड कर्मचारी इस मुहिम के सबसे महत्वपूर्ण योद्धा हैं।निगमायुक्त ने गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पर कचरे के एकत्रीकरण और उसके वैज्ञानिक निष्पादन की प्रक्रिया की समीक्षा की। कचरा परिवहन में लगे वाहनों की स्थिति और उनके फेरों की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। आयुक्त ने निर्देश दिए कि शहर के किसी भी बिंदु पर कचरा जमा न रहे और जीरो वेस्ट की अवधारणा पर कार्य किया जाए। निरीक्षण के पश्चात निगमायुक्त श्री अहिरवार ने विश्वास व्यक्त किया कि स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए शहर पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सक्रियता और जनभागीदारी से ही शहर को स्वच्छता में नम्बर वन बनाया जा सकता है।

मास्टर संघ कराटे एकेडमी के 28 खिलाड़ियों ने 19 मेडल जीते

जबलपुर। मास्टर संघ कराटे एकेडमी के अध्यक्ष महेंद्र सोनकर ने बताया कि हाल ही में मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 01 मई से 3 मई तक आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में जबलपुर के मास्टर संघ कराटे एकेडमी के 28 खिलाड़ियों ने 19 मेडल जीते जिसमें 11 गोल्ड, 2 सिल्वर, 6 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं।गोल्ड मेडलिस्ट- अभियान्श मेश्राम, आदविक खरे, अरनव घोष, उर्वी मोहलनिया, नैहल शर्मा, काव्या पटेल, सिद्धि जैन, कैरवी शाह, आसिता घोष, मायरा सरकार। सिल्वर मेडलिस्ट- धैर्य ठाकुर, सिद्धि जैन। ब्रांज मेडलिस्ट अभिज्ञान मेश्राम, श्यामुल दास, पोषा मोहल्लेनिया, आशना अग्रवाल, ख्वाहिश लोधी, गौरव श्रीपाल, टीम के कोच की भूमिका भगवान दास और विकास सैनी ने निभाई। खिलाड़ियों की उपलब्धियां पर मास्टर संघ एकेडमी के अध्यक्ष महेन्द्र सोनकर एवं सदस्य करन सोनकर, अंकित सोनकर, सोना काछी, संजय जैन ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

जीआरपी ने पकड़ा शातिर बदमाश, जिसके कब्जे से मोबाइल एवं जेवरात जब्त

जबलपुर। पुलिस उप महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक रेल सिमाला प्रसाद जबलपुर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल भावना मरावी व पुलिस उप अधीक्षक रेल अंकिता सुल्या जबलपुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जीआरपी जबलपुर द्वारा जीआरपी थाना जबलपुर के क्षेत्र अंतर्गत हो रहे अपराधों की रोकथाम हेतु टीम गठित कर गर्मियों की भीड़भाड़ में हो रहे अपराधों की रोकथाम हेतु विशेष चैकिंग चलाई जा रही है। चैकिंग के दौरान दिनाँक 05/05/2026 को प्लेटफार्म नं.-1 इटारसी छोर रेलवे स्टेशन जबलपुर आउटर पर एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में पटरी पार करते हुये मिला जिसे मौके पर उपस्थित साक्षियों के समक्ष पकड़ा गया व स्टेशन आने का उचित कारण पूछने पर टालमटोली करने लगा, संदेह होने पर साक्षियों व स्टाफ की मदद से पकड़कर थाना लाकर पूछताछ की गई जिसने अपना नाम जितेंद्र झारिया निवासी मझौली खबरा का रहने वाला बताया, सख्ती से पूछताछ की गई तो दिनांक 04/05/2026 को सुबह के समय ट्रेन अमरकंटक एक्सप्रेस के एसी डिब्बे से एक लेडिस पर्स चोरी करना स्वीकार किया व चोरी किये लेडिस पर्स में मिले हुये

चांदी की पायल, एक मोबाइल व 500 रूपये नगदी कुल कीमती 12500 रूपये का जेब से निकालकर पेश किया, जो मामले का मसरूका होने से जप्त किया जाकर आरोपी थाना हाजा का पूर्व अपराधी होने से आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में जीआरपी थाना जबलपुर SHO संजीवनी राजपूत के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक संतोष कुशवाहा, आर. प्रमोद गुप्ता का विशेष योगदान रहा। पुलिस उप महानिरीक्षक/ पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर द्वारा अधिकारी, कर्मचारियों को नगद पुरस्कार से पुरष्कृत करने की घोषणा की गई है।

दीपक सिंह राजपूत ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया पद से इस्तीफा दिया

जबलपुर। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी समाज कल्याण प्रकोष्ठ के वर्तमान प्रदेश महासचिव दीपक सिंह राजपूत ने बताया कि जवाहरलाल नेहरू ब्लॉक में मुझे ब्लॉक का सोशल मीडिया प्रभारी मेरी बिना स्वीकृति के बनाया गया, यह पद मेरी योग्यता के अनुरूप नहीं है, इसलिए मैं अपना इस्तीफा मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं मप्र कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी को प्रेषित कर रहा हूँ। दीपक सिंह ने बताया कि मैं कांग्रेस में लगातार 25 वर्षों से आज तक कार्य रहा हूँ, मैं कांग्रेस का कर्मठ सिपाही हूँ और सदा रहूंगा, मेरी आस्था कांग्रेस और गांधी परिवार के प्रति है। मैं अपनी बात कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के समक्ष उचित फोरम पर रखूंगा, लेकिन कांग्रेस पार्टी के लिए आजीवन कार्य करता रहूंगा।

"तत्वबोध का अध्ययन" उद्घाटन कार्यक्रम 8 को

जबलपुर। अंतर्राष्ट्रीय चिन्मय मिशन के संस्थापक स्वामी चिन्मयानंद के जन्मदिवस पर 08 मई शुक्रवार से श्री राममंदिर गुप्तेश्वर रोड मदन महल में आदि शंकराचार्य द्वारा लिखित ग्रंथ "तत्व बोध" के अध्ययन कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह आयोजित किया जा रहा है। वेदांत की अध्ययन परंपरा में प्रथम प्रकरण ग्रंथ तत्वबोध का विधिवत अध्ययन प्रत्येक शनिवार एवं रविदार को लगभग दो माह तक चलेगा। मुख्य रूप से "अहम" तत्व, "जगत की रचना" और "जीवन तथा जगत के साथ ईश्वर के संबंध" पर इन कक्षाओं में विवेचन किया जाएगा। सम्पूर्ण अध्ययन हितेश चैतन्य (डॉ. राजेश कुमार पांडेय) के सान्निध्य में संपन्न होगा। कार्यक्रम संयोजक दीपक बिरमानी, अतुल तिवारी, सचिन डोंगरे ने जिज्ञासुओं से उपस्थिति का आग्रह किया है।

जैतवन बुद्ध विहार में वैशाख पूर्णिमा हर्षोल्लास से मनाई गई

जबलपुर। जैतवन बुद्ध विहार बड़ा पत्थर रांझी के तत्वावधान में विश्वगुरु सिद्धार्थ, शाक्यमुनि, तथागत गौतम बुद्ध की 2570वीं त्रिगुण पावन पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक शेण्डे (राष्ट्रीय महासचिव, ऑल इंडिया समता सैनिक दल) ने विश्वगुरु गौतम बुद्ध के छायाचित्र पर मोमबत्ती एवं अगरबत्ती प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किए। विशिष्ट अतिथि ममता टेम्भूर्णे ने गौतम बद्ध प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। विशिष्ट अतिथि वामन ठोके तथा कार्यक्रम अध्यक्ष संतोष अतुलकर ने ने विश्वरत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम अध्यक्ष संतोष अतुलकर ने उपासक एवं उपासिकाओं को विश्वगुरु गौतम बुद्ध की 2570वीं जयंती की मंगलकामनाएं दी। अंत में उपासक एवं उपासिकाओं को खीर का प्रसाद दिया गया। इस अवसर पर धम्म सेवा मंडल के चन्द्रकला ठोके, स्मिता ओहल, उत्तम गायकवाड़, रवि शेंडे, नरेन्द्र मेश्राम, अक्षय मौर्य, दिलीप घोघरे, अमोल कांबले, वीरेन्द्र बौद्ध एवं समस्त बुद्ध विहार के सदस्यगण उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की कार्यकारिणी गठित

जबलपुर। सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ महाकौशल क्षेत्रीय समिति जबलपुर के अध्यक्ष इंजी. आरपी चौबे (न.घा.वि.वि.), सचिव इंजी. पीके दीक्षित (लो.नि.वि.), कोषाध्यक्ष इंजी. डीके साहू (लो.स्वा.यॉं.वि.) द्वारा सर्वसम्मति से संघ के नियमानुसार

क्षेत्रीय समिति जबलपुर की कार्यकारिणी का गठन/ मनोनयन इं. उमेश दुबे, प्रांताध्यक्ष की सहमति से किया जाता है। इं. सीएल विश्वकर्मा (न.घा.वि.वि.) इं. आर के पचौरी (ज.सं.वि.नरसिंहपुर) वरिष्ठ उपाध्यक्ष, इं. शरद कुमार गुप्ता (लो.स्वा.यॉं.वि.), इं. मनीष बाजपेयी (न.घा.वि.वि.मंडला) उपाध्यक्ष, इं. केएस ठाकुर (ज.सं.वि.), इं. निर्मल कुमार जैन (न.घा.वि.वि.), इं. पीएल कुर्मी (न.घा.वि.वि.), इं. शरद कुमार श्रीवास्तव (ज सं वि नरसिंहपुर), इं. एके गुप्ता (लो.स्वा.यॉं.वि.कटनी), सहसचिव, इं. आरके यादव (न.घा.वि.वि.), इं. एनके ढिमोले (ज.सं.वि), इं. बीपी पटेल (न.घा.वि.वि.), इं. सुशील कुमार दुबे (लो.नि.वि.कटनी) क्षेत्रीय संगठक, इं. एमएम दुबे (लो.स्वा.यॉं.वि.), इं. बीडी साहू (लो.नि.वि.), इं. एके चतुर्वेदी (ज.सं.वि.), इं. पीएल स्वर्णकार (न.घा.वि.वि.), इं. केके गुप्ता (ग्रा.यॉं.से.वि.) इं. रविशंकर पाण्डे (ज.सं.वि.), इं. पीएस ठाकुर (ग्रा.यॉं.से.वि.कटनी), इं. एए अंसारी, (ज सं वि) इं. सुदीप कुमार सेठी (न.घा.वि.वि.) कार्यकारिणी सदस्य, इं. आरपी रघुवंशी (ज.सं.वि.), इं. पीसी जैन (न.घा.वि.वि.), इं. एसके रावत (लो.नि.वि.) इं. बीडी राय (लो.स्वा.यॉं.वि) विशेष आमंत्रित सदस्य, का मनोनयन किया गया है एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष जबलपुर इंजीनियर आरपी चौबे ने सभी पदाधिकारियों से पेंशनर्स के हितों की रक्षा हेतु शीघ्र कार्य करने हेतु निवेदन किया है, सेवानिवृत्त सदस्यों के विभागों में एवं पेंशन कार्यालय में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु शासन एवं प्रशासन से सहानुभूतिपूर्वक विचार कर शीघ्र निराकरण हेतु निवेदन किया है।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया महिला विंग ने दी मृतकों को श्रद्धांजलि

जबलपुर। स्थानीय रसल चौक स्थित अरिहंत होटल के सामने CAIT (कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स) महिला विंग द्वारा बरगी डैम में हुए दर्दनाक हादसे के शिकार लोगों की शांति के लिए बुधवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला विंग की पदाधिकारियों और सदस्यों ने मोमबत्ती जलाकर एवं मौन धारण कर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।इस श्रद्धांजलि सभा का आयोजन CAIT महिला विंग की नेशनल कन्वीनर सीमा सिंह चौहान के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नम्रता भाटिया, उपाध्यक्ष प्रतिभा जैन, सचिव दिव्या डोडेजा, संभागीय समन्वयक पूनम चौहान और कार्यकारी निदेशक मनजीत चुक्कल प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। शोक व्यक्त करते हुए सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने इस घटना को अत्यंत दुखद बताया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। कार्यकारिणी सदस्य प्रिया उज्ज्वल सिंह, शुभांगी शुक्ला, सपना जैन, नंदिनी भारिल, शिल्पा जैन, सीमा गोयल, रम्मी शर्मा, श्रुति प्यासी, स्वाति अग्रवाल, दीपाली अग्रवाल, भावना अग्रवाल और शिखा गर्ग ने भी इस हादसे पर गहरा दुख प्रकट किया और दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। रसल चौक पर एकत्रित होकर समाज को एकजुटता का संदेश दिया गया, मृतकों के परिजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई, उपस्थित सदस्यों ने सुरक्षा मानकों और जागरूकता पर भी विचार साझा किए।

प्रदेश के सबसे सस्ते दर पर स्वीमिंग सिखाने पूल का महापौर ने किया शुभारंभ

नागरिकों और शहर के तैराकों के लिए चालू हुआ भंवरताल का सर्वसुविधायुक्त स्वीमिंग पूल

स्वीमिंग पूल में सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में गार्ड की है व्यवस्था

अधिकारियों और ठेकेदार को तैराकों के साथ सौम्य व्यवहार और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तत्पर रहने महापौर ने अधिकारियों को दिये कड़े निर्देश

जबलपुर। नगर निगम ने भंवरताल स्वीमिंग पूल को प्रदेश की सबसे सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया है, ताकि शहर का हर नागरिक इस सुविधा का लाभ उठा सके। इसे सर्वसुविधायुक्त बनाया गया है, जिसमें पानी की सफाई और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया है। सर्वसुविधायुक्त स्वीमिंग पूल का शुभारंभ 06 मई 2025 को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने किया। इस अवसर पर उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, विवेकराम सोनकर, दामोदर सोनी, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, रजनी कैलाश साहू, पार्षद सोनिया रंजीत सिंह, प्रतिभा भापकर, वर्षा मनोज सेन, आयुष ... बाजपेयी आदि उपस्थित रहे।

सुरक्षा व्यवस्था और कड़े निर्देश

तैराकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम ने पर्याप्त संख्या में लाइफ गार्ड्स और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की है। महापौर ने इस संबंध में अधिकारियों और ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि तैराकों के साथ व्यवहार सौम्य और मददगार होना चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आपातकालीन स्थिति के लिए स्टाफ को हमेशा तत्पर रहना होगा। पुरुष और महिला तैराकों के लिए अलग-अलग कोच की व्यवस्था की गई है। सुबह और शाम के अलग-अलग बैच निर्धारित किए गए हैं, जिसमें महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष समय सुरक्षित रखा गया है। नागरिक नगर निगम के निर्धारित काउंटर से अपनी सदस्यता या दैनिक पास प्राप्त कर सकते हैं। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पूल के आस-पास साफ-सफाई और अनुशासन बनाए रखने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग की जाए।

नाम सुधार सूचना

मैं राजकुमार नोआ पिता देवासहायम नोआ निवासी- 56, वैशाली परिसर, नर्मदा नगर, ग्वारीघाट रोड, पोलीपाथर, जबलपुर म.प्र. सत्य निष्ठा पूर्वक कथन करता हूं कि - 1. यह कि मैं उपरोक्त पते की मूल निवासी हूं। 2. यह कि मुझ शपथकर्ता के पिता का नाम पासपोर्ट में DEVASYAM NOAH लिखा हुआ है जो कि गलत है मेरे पिता का सही नाम DEVASAHAY NOAH है सही है। 3. यह कि मेरे पिता का पासपोर्ट में DEVASAYAM NOAH की जगह DEVASA-HAYAM NOAH लिखने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।
दिनांक - 6.5.2026

नाम सुधार सूचना

मैं राजकुमार नोआ पिता देवासहायम नोआ निवासी- 56, वैशाली परिसर, नर्मदा नगर, ग्वारीघाट रोड, पोलीपाथर, जबलपुर म.प्र. सत्य निष्ठा पूर्वक कथन करता हूं कि - 1. यह कि मैं उपरोक्त पते का मूल निवासी हूं। 2. यह कि मुझ शपथकर्ता के पीपीओ में मेरी पत्नि का नाम SHANKARI NOAH लिखा हुआ है जो कि गलत है। 3. यह कि मेरी पत्नि का सही नाम SHANKARI RAJ KUMAR NOAH है। जो कि मेरी पत्नि के आधार कार्ड, पेन, वोटर आईडी में SHANKARI RAJ KUMAR NOAH सही नाम लिखा हुआ है। जिस वास्ते शपथ पत्र प्रस्तुत है।
दिनांक - 6.5.2026

नाम सुधार सूचना

मैं शंकरी राज कुमार नोआ पति राजकुमार नोआ निवासी- 56, वैशाली परिसर, नर्मदा नगर, ग्वारीघाट रोड, पोलीपाथर, जबलपुर म.प्र. सत्य निष्ठा पूर्वक कथन करती हूं कि - 1. यह कि मैं उपरोक्त पते की मूल निवासी हूं। 2. यह कि मुझ शपथकर्ती के पासपोर्ट में SHANKARI NOAH लिखा हुआ है जो कि गलत है। मेरा सही नाम SHANKARI RAJ KUMAR NOAH है जो सही है। जो कि आधार कार्ड में सही लिखा है। 3. यह कि मेरे पासपोर्ट में SHANKARI NOAH की जगह SHANKARI RAJ KUMAR NOAH लिखने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।
दिनांक - 6.5.2026

CHANG OF NAME

I, Was Known As **Nishi Varma** I, Have Changed The Spelling Ofmy Surname And Hence Forth I, Shall Be Known As Nishi Verma W/o Nitin Verma Resident Of P/67-a, Professor Colony, karmeta,jabalpur,M.P., Pin-482002
Jabalpur- Dated- 07.05.2026

CHANG OF NAME

I, Was Known As **Nitin Varma** I, Have Changed The Spelling Of My Surname And Hence Forth I, Shall Be Known As Nitin Verma S/o Prakash Chandra Varma Resident Of P/67-a,professor Colony,karmeta,jabalpur, M.P.,Pin-482002
Jabalpur- Dated- 07.05.2026

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर
रा.प्र.क्र. 1575/अ-6/2025-26
आम इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गणेश तिवारी पिता बाबूलाल तिवारी, निवासी 488/1 घमापुर हाईकोर्ट जबलपुर द्वारा ग्राम कजरवारा प.ह.नं. 10, नं.ब......, ख.नं. 23/09, रकबा 0.0220हे. हेक्टेयर/वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि आवेदक के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनाँक 29/04/2026 को जारी।
जारी दिनांक-29/04/2026
पेशी दिनांक-13/05/2026
सील
अतिरिक्त तहसीलदार
रांझी,जबलपुर